दैनिक भास्कर

बारां 02-07-2025

**आयोजन** • जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों से ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत

# कृषि भूमि सुधार, स्वामित्व योजना और तारबंदी योजना सहित वर्षों से हो रहे अतिक्रमण को हटाया

भास्कर न्यूज | बारां

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ दिया जा रहा है। कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि पखवाड़े के दौरान आयोजित शिविरों में सुबह साढ़े 9 से शाम साढ़े 5 बजे तक राजस्व, जलदाय, पशुपालन, शिक्षा, कृषि, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न विभागों की योजनाएं सुलभ कराई जा रही हैं। इसी क्रम में 2 जुलाई को कोयला, बड़ां, पचेलकलां, सोरखंडकलां, बोहत, हिंगोनिया, तेलनी, हान्याहेड़ी, दीगोदजागीर, मानपुरा, जिरोद, कुंजेड़, राजपुर, भोयल, बीलखेड़ा डांग, बिलासगढ़, सकरायदा, बजरंगगढ़, खखावदा में शिविर लगेंगे। शिविरों में ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया जा रहा है।



बारां. अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## कृषि भूमि सुधार से आशान्वित रामदयाल

भटखेड़ी के रामदयाल ने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक की सलाह पर उन्होंने अपने खेत की मिट्टी की जांच करवाई, जिसमें पीएच 8 पाया गया। उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिला एवं मौके पर जिप्सम उर्वरक पर 10 बैग अनुदान स्वीकृत हुए और जो आगे भी निरंतर लाभ ले सकेंगे। इससे उनकी फसल की गुणवत्ता सुधरेगी और आमदनी बढ़ेगी। आखाखेड़ी निवासी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि उन्हें फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए तारबंदी योजना में 48,000 रुपये तक की अनुदान राशि स्वीकृत हुई।

## स्वामित्व योजना ने बदली चंद्रप्रकाश की जिंदगी

बोरदा गांव के चंद्रप्रकाश गुर्जर को शिविर के दौरान प्रॉपर्टी कार्ड प्राप्त हुआ, जिससे वे अब बैंक से ऋण लेने में सक्षम हो गए है। इससे उनके जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। ननावता निवासी प्रहलाद और बड़ौदिया निवासी दौलतराम की संपति संबंधी समस्याएं शिविर में सुनवाई के बाद त्वरित रूप से समाधान मिला। उन्हें स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए गए। खजूरिया उप स्वास्थ्य केंद्र पर वर्षों से हो रहे अतिक्रमण की समस्या का समाधान भी शिविर में हुआ। तहसीलदार सुरेंद्र सिंह गुर्जर व राजस्व टीम की कार्रवाई से परिसर को मुक्त कराया गया।

## शिविरों में 78 विशेष योग्यजन को मिला लाभ



बारां| जिले में विशेष योग्यजनों के सशक्तिकरण के लिए सशक्त बारां प्रगति को शक्ति अभियान के तहत पंचायत समिति स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पंचायत समिति प्रधान मोरपाल सुमन एवं विकास अधिकारी श्वेता खोरवाल ने विशेष योग्यजनों को सहायता उपकरण वितरण किए। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी शुभम नागर ने बताया कि जिले में 20 हजार रुपए तक के कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने की योजना चलाई जा रही है। मंगलवार को पंचायत समिति बारां में शिविर आयोजित किया। जिसमें कुल 78 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया। शिविर में 47 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 47 यूडीआईडी कार्ड जारी किए। साथ ही 19 ट्राइसाइकिल, 3 जोड़ी बैशाखी, 1 ब्लाइंड स्टिक, 4 व्हीलचेयर, 4 श्रवण यंत्र एवं 8 एमआर किट के आवेदन मिले। नागर ने बताया कि शिविरों में विशेष योग्यजनों का चिन्हीकरण, पंजीयन, चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करना, यूडीआईडी कार्ड व प्रमाण पत्रों का ऑनलाइन ई-मित्र के माध्यम से निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं पालनहार योजना का सत्यापन, सुखद दाम्पत्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना, दिव्यांग सहायक उपकरणों का चिन्हीकरण, बस पास आदि की सुविधा एक ही स्थान पर दी जा रही है। आगामी शिविर 2 जुलाई को पंचायत समिति किशनगंज, 3 को पंचायत समिति शाहाबाद, 4 को पंचायत समिति अंता और 7 को पंचायत समिति मांगरोल में होगा।

# जिले में अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों से ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत



**पैंतरा न्यूज।**

**बारां, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि पखवाड़े के दौरान आयोजित इन शिविरों में सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक राजस्व, जलदाय, पशुपालन, शिक्षा, कृषि, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न विभागों की योजनाएं सुलभ कराई जा रही हैं। इसी क्रम में 2 जुलाई को कोयला, बडां, पचेलकलां, सोरखण्ड्कलां, बोहत, हिंगोनिया, तेलनी, हान्याहेडी, दीगोदजागीर, मानपुरा, जिरोद, कुन्जेड़, राजपुर, भोयल, भीलखेड़ाडांग, बिलासगढ़, सकरावदा, बजरंगगढ़, ख्यावदा में आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से जहां एक ओर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी वर्षो पुरानी समस्याओं का त्वरित समाधान भी हो रहा है।

पत्रिका

**अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों से ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत**

# स्वामित्व योजना ने बदली जिंदगी, तारबंदी योजना से राहत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बारां.** जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है। इन शिविरों से जिले के ग्रामीण इलाकों में लोगों के कई ऐसे काम हो रहे हैं, जिनके लिए उनको तहसील, पंचायत से लेकर उपखंड कार्यालय और जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगानी पड़ती है। इसके तहत इसी क्रम में 2 जुलाई को कोयला, बड़ां, पचेलकलां, सोरखण्ड्कलां, बोहत, हिंगोनिया, तेलनी, हान्याहेड़ी, दीगोदजागीर, मानपुरा, जिरोद, कुन्जेड़, राजपुर, भोयल, भीलखेड़ाडांग, बिलासगढ़, सकरावदा, बजरंगगढ़, ख्यावदा में आयोजित किए जाएंगे।

## कृषि भूमि सुधार से आशान्वित रामदयाल

भटखेड़ी के रामदयाल ने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक की सलाह पर उन्होंने अपने खेत की मिट्टी की जांच करवाई, इसमें पीएच 8 पाया गया। उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिला एवं मौके पर जिप्सम उर्वरक पर 10 बैग अनुदान



स्वीकृत हुए और जो आगे भी निरन्तर लाभ ले सकेंगे। इससे उनकी फसल की गुणवत्ता सुधरेगी और आमदनी बढ़ेगी। बोरदा गांव के चंद्रप्रकाश गुर्जर को शिविर के दौरान प्रॉपर्टी कार्ड प्राप्त हुआ, इससे वे अब बैंक से ऋण लेने में सक्षम हो गए हैं। उन्होंने इसे जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन आएंगा। ननावता निवासी प्रहलाद और बडौदिया निवासी दौलतराम की संपत्ति संबंधी समस्याएं शिविर में सुनवाई के बाद त्वरित रूप से समाधान मिला। उन्हें स्वामित्व योजना के तहत पट्टे जारी किए गए। दोनों ने प्रशासन व मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र का अतिक्रमण हटाया गया

खजूरिया उप स्वास्थ्य केन्द्र पर वर्षों से हो रहे अतिक्रमण की समस्या का समाधान भी शिविर में हुआ। तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह गुर्जर व राजस्व टीम की कार्रवाई से परिसर को मुक्त कराया गया। शिविरों में समस्या का त्वरित समाधान और योजनाओं का सीधा लाभ मिलने से ग्रामीणों में प्रसन्नता और विश्वास का माहौल है।

## तारबंदी योजना से ओमप्रकाश को राहत

आखाखेड़ी निवासी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि उन्हें फसल को जंगली जानवरों से बचाने हेतु तारबंदी योजना में 48,000 रुपये तक की अनुदान राशि स्वीकृत हुई। शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों की मदद से उन्हें यह लाभ मिला।

02/07/2025 | Baran | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

## जिले में अंत्योदय पखवाड़ा शिविरों से

# ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत

(अमिट अक्षर)

**बारां, 01 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विभिन्न विभागों की सहभागिता में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को प्रशासन की योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल रहा है।




जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि पखवाड़े के दौरान आयोजित इन शिविरों में सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक राजस्व, जलदाय, पशुपालन, शिक्षा, कृषि, आयुष्मान भारत सहित विभिन्न विभागों की योजनाएं सुलभ कराई जा रही हैं। इसी क्रम में 2 जुलाई को कोयला, बडां, पचेलकलां, सोरखण्ड्कलां, बोहत, हिंगोनिया, तेलनी, हान्याहेडी, दीगोदजागीर, मानपुरा, जिरोद, कुन्जेड़, राजपुर, भोयल, बीलखेड़ाडांग, बिलासगढ़, सकरावदा, बजरंगगढ़, ख्यावदा में आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों के माध्यम से जहां एक ओर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का त्वरित समाधान भी हो रहा है।

### कृषि भूमि सुधार से आशान्वित रामदयाल

भटखेड़ी के रामदयाल ने बताया कि कृषि पर्यवेक्षक की सलाह पर उन्होंने अपने खेत की मिट्टी की जांच करवाई, जिसमें पीएच 8 पाया गया। उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिला एवं मौके पर जिप्सम उर्वरक पर 10 बैग अनुदान स्वीकृत हुए और जो आगे भी निरन्तर लाभ ले सकेंगे। इससे उनकी फसल की गुणवत्ता सुधरेगी और आमदनी बढ़ेगी।

### खजूरिया उप स्वास्थ्य केन्द्र से अतिक्रमण हटाया

खजूरिया उप स्वास्थ्य केन्द्र पर वर्षों से हो रहे अतिक्रमण की समस्या का समाधान भी शिविर में हुआ। तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह गुर्जर व राजस्व टीम की कार्रवाई से परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा बना घर का सपना पूरा करने का मंच

नवज्योति/बालोतरा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत अकदड़ा में आयोजित शिविर में तीन परिवारों अणसी देवीए मोतीगिरी

## तीन परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

और कमला देवी को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इन परिवारों को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टे वितरित किए गएए जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

## मौके पर ही मिली राहत

इन तीनों परिवारों ने शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके घर आबादी भूमि में बने हुए हैंए लेकिन उनके पास कोई वैध आवासीय पट्टा नहीं है। यह समस्या उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अपनी संपत्ति पर कानूनी हक स्थापित करने में बाधा बन रही थी। ग्राम पंचायत अकदड़ा में आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुएए पंचायत समिति बायतु के विकास अधिकारी हिमांशु चौधरी ने उनके आवेदन स्वीकार करवाए। इसके बाद सरपंच ग्राम पंचायत अकदड़ा और ग्राम पंचायत कमेटी ने तुरंत स्थल निरीक्षण किया और सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए शविर में ही तीनों प्रार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित कर दिए।

## लाभार्थियों ने जताया आभार, खुशी का इजहार

आवासीय पट्टे प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा वास्तव में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

Scanned with CamScanner

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# सिणली जागीर सहित 17 पंचायतों में शिविर आयोजित, ग्रामीणों को मिल रहा सीधा लाभ

**नवज्योति/बालोतरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को बालोतरा जिले की 17 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में



पहुंचकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त कियाए जिससे स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। यह पखवाड़ा 24 जून से 06 जुलाई तक चलेगाए जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है। मंगलवार को बालोतरा जिले की सिणली जागीरए दुदवा मल्लीनाथए तिलवाड़ाए लापलाए अकदड़ाए सणतराए देवपुरा उर्फ गोगासरए पटालीनाड़ीए कुशीपए रमणियाए अर्जियानाए कोटड़ीए ठाकरखेड़ाए लोहिडीए आमलियाला और एड सिणधरी ग्राम पचायतों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया गया।

### ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत

इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहेए जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग.अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नए आवेदन स्वीकार कर आमजन को लाभान्वित किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा रहा है और राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान हो रहा है। सीमाज्ञानए रास्ते के विवाद और अन्य भूमि संबंधी प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है।

### अंत्योदय की भावना हो रही साकार

जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

Scanned with CamScanner

## लापला की गोदारों की ढाणी को मिला नया रास्ता

# रास्ता खोलो अभियान और अंत्योदय संबल पखवाड़ा ने खोली परिवारों की राह

नवज्योति/बालोतरा।

राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी रास्ता खोलो अभियान. 2025 और पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के संयुक्त प्रयासों ने मंगलवार को बायतु तहसील की लापला ग्राम पंचायत में रहने वाले करीब 15-20 परिवारों को बड़ी राहत दी है। गोदारों की ढाणी जाने वाला एक पुराना, अवरुद्ध और संकरा रास्ता अब खुल गया है, जिससे दशकों से चली आ रही आवागमन की समस्या दूर हुई है। जिसमें बायतु तहसील की टीमए स्थानीय ग्राम पंचायत के सहयोग और बायतु थानाधिकारी मय पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।




## अवरुद्ध रास्ते से मिली मुक्ति

गोदारों की ढाणी के ये परिवार लंबे समय से अपने घर तक पहुंचने के लिए एक अवरुद्ध और बेहद संकरे रास्ते का उपयोग करने को मजबूर थे। यह रास्ता अक्सर विवादों का कारण बनता था और ग्रामीणों के दैनिक जीवन को प्रभावित करता था, खासकर आपातकालीन सेवाओं या वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी होती थी।

रास्ता खोलो अभियान.2025 के तहत ऐसे हं अवरुद्ध रास्तों को खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा जमीनी स्तर पर आमजन की समस्याओं क त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

## टीम वर्क से मिली त्वरित राहत

समस्या सामने आने पर बायतु तहसील की टीम न तत्काल कार्रवाई की। तहसीलदार ने हल्का पटवारी औ ग्राम पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर मौके क निरीक्षण किया। इसके बादए बायतु थानाधिकारी औ पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में अवरोधों को हटाया गय और रास्ता सुगम बनाया गया। पुलिस बल की उपस्थिति ने यह सुनिश्चित किया कि कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हो औ किसी भी प्रकार का विवाद न उत्पन्न हो।

Scanned with CamScanner

# रास्ता खोलो अभियान और अंत्योदय संबल पखवाड़ा ने खोली 15-20 परिवारों की राह

## लापला की गोदारों की ढाणी को मिला नया रास्ता

मरू मंच न्यूज

**बालोतरा।** राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी रास्ता खोलो अभियान-2025 और पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के संयुक्त प्रयासों ने मंगलवार को बायतु तहसील की लापला ग्राम पंचायत में रहने वाले करीब 15-20 परिवारों को बड़ी राहत दी है। गोदारों की ढाणी जाने वाला एक पुराना, अवरुद्ध और संकरा रास्ता अब खुल गया है, जिससे दशकों से चली आ रही आवागमन की समस्या दूर हुई है।

जिसमें बायतु तहसील की टीम, स्थानीय ग्राम पंचायत के सहयोग और बायतु थानाधिकारी मय पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**अवरुद्ध रास्ते से मिली मुक्ति**

गोदारों की ढाणी के ये परिवार लंबे समय से अपने घर तक पहुंचने के लिए एक अवरुद्ध और बेहद संकरे रास्ते का उपयोग करने को मजबूर थे। यह रास्ता अक्सर विवादों का कारण बनता था और ग्रामीणों के दैनिक जीवन को प्रभावित करता था, खासकर आपातकालीन सेवाओं या वाहनों के आवागमन में भारी परेशानी होती थी।

रास्ता खोलो अभियान-2025 के तहत ऐसे ही अवरुद्ध रास्तों को खोलने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा जमीनी स्तर पर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को हाल ही में आयोजित अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर में उठाया था।

**टीम वर्क से मिली त्वरित राहत**

समस्या सामने आने पर बायतु तहसील की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। तहसीलदार ने हल्का पटवारी और ग्राम पंचायत के अधिकारियों के साथ मिलकर मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद, बायतु थानाधिकारी और पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में अवरोधों को हटाया गया और रास्ता सुगम बनाया गया। पुलिस बल की उपस्थिति ने यह सुनिश्चित किया कि कार्य शांतिपूर्वक संपन्न हो और किसी भी प्रकार का विवाद न उत्पन्न हो।

रास्ता खुलने से गोदारों की ढाणी के 15-20 परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और बायतु की स्थानीय टीम का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह रास्ता केवल भौतिक आवागमन का साधन नहीं, बल्कि उनके लिए सम्मान और सुविधा का प्रतीक है।

Scanned with CamScanner

# सफलता की कहानी

# देवाराम ने स्वामित्व योजना और स्वच्छ भारत अभियान का उठाया लाभ

**मरू मंच न्यूज**

**बालोतरा।** मंगलवार को थुम्बली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगे शिविर ने देवाराम पुत्र हेमाराम के जीवन में खुशियों की सौगात लाई। उन्हें स्वामित्व योजना के तहत अपनी जमीन का पट्टा और मालिकाना हक मिला, जिससे उनकी पुश्तैनी भूमि पर उनका कानूनी अधिकार सुनिश्चित हुआ।

इतना ही नहीं,ल स्वच्छ भारत अभियान के तहत उन्हें शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि भी स्वीकृत हुई। इस आर्थिक सहायता से उन्हें अपने घर में शौचालय बनवाने में मदद मिलेगी, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा।

देवाराम ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं राज्य सरकार को धन्यवाद देता हूं कि सरकार ने ऐसे शिविर का आयोजन किया, जिससे राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आयोजित कर मेरे जैसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। यह शिविर सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है कि वह अपनी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों तक पहुंचाए। स्वामित्व योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहलें ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं, उन्हें सशक्त बना रही हैं और बेहतर जीवन जीने में मदद कर रही हैं।

Scanned with CamScanner

### अकदड़ा पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा

### बना घर का सपना पूरा करने का मंच

# तीन परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

**मरुमंच न्यूज**

बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत अकदड़ा में आयोजित शिविर में तीन परिवारों अणसी देवी, मोतीगिरी और कमला देवी को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इन परिवारों को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टे वितरित किए गए, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।



## मौके पर ही मिली राहत

इन तीनों परिवारों ने शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके घर आबादी भूमि में बने हुए हैं, लेकिन उनके पास कोई वैध आवासीय पट्टा नहीं है। यह समस्या उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अपनी संपत्ति पर कानूनी हक स्थापित करने में बाधा बन रही थी।

ग्राम पंचायत अकदड़ा में आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुए, पंचायत समिति बायतु के विकास अधिकारी हिमांशु चौधरी ने उनके आवेदन स्वीकार करवाए। इसके बाद सरपंच ग्राम पंचायत अकदड़ा और ग्राम पंचायत कमेटी ने तुरंत स्थल निरीक्षण किया और सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए शविर में ही तीनों प्रार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित कर दिए।

## लाभार्थियों ने जताया आभार, खुशी का इजहार

आवासीय पट्टे प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा वास्तव में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

Scanned with CamScanner

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# सिणली जागीर सहित 17 पंचायतों में शिविर आयोजित, ग्रामीणों को मिल रहा सीधा लाभ

मरुमंच न्यूज



बालोतरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत मंगलवार को बालोतरा जिले की 17 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया, जिससे स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। यह पखवाड़ा 24 जून से 06 जुलाई तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है।

मंगलवार को बालोतरा जिले की सिणली जागीर, दुदवा मल्लीनाथ, तिलवाड़ा, लापला, अकदड़ा, सणतरा, देवपुरा उर्फ गोगासर, पटालीनाड़ी, कुशीप, रमणिया, अर्जियाना, कोटड़ी, ठाकरखेड़ा, लोहिडी, आमलियाला और एड सिणधरी ग्राम पचायतों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया गया।

**ग्रामीणों को मिल रही त्वरित राहत**

इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहे, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नए आवेदन स्वीकार कर आमजन को लाभान्वित किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा रहा है और राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान हो रहा है। सीमाज्ञान, रास्ते के विवाद और अन्य भूमि संबंधी प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है, जिससे वर्षों पुराने विवाद भी सुलझ रहे हैं। साथ ही पात्र परिवारों को स्वामित्व कार्ड भी वितरित कर लाभान्वित किया गया।

**अंत्योदय की भावना हो रही साकार**

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत हमें समाज के सबसे कमजोर तबके तक पहुंचने की प्रेरणा देता है, और ये शिविर इसी भावना को जमीनी स्तर पर चरितार्थ कर रहे हैं।

**बुधवार को यहां आयोजित होगें शिविर**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को बालोतरा जिले की नेवाई, गोपडी, पचपदरा, जागासर, थोड़वा, रिडियातालर, मदो की ढाणी, खोखर, पादरड़ी कलां, कांखी, मोतीसरा, मजल, अंबो का बाड़ा, खारा महेचान, धुड़ीया मोतीसिंह, टाकुबेरी, एड मानजी एवं नेहरों की ढाणी ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

### पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, 23 ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर

# जनकल्याणकारी योजनाओं से किया लाभान्वित

नवज्योति/जालोर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 23 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखंड की सिवणा व रायपुरिया, आहोर उपखंड की शंखवाली, चान्दराई व पादरली, बागोड़ा उपखंड की राउता व नया मोरसीम, सायला उपखंड की पांचेड़ी, पोषणा व देताकलां, भीनमाल उपखंड की दांतीवास व जुंजाणी, जसवंतपुरा उपखंड की राजपुरा व तातोल, रानीवाड़ा उपखंड की रामपुरा, बड़गांव व बामनवाड़ा, चितलवाना उपखंड की भीमगुड़ा, डूंगरी व सिपाहियों की ढाणी तथा सांचौर उपखंड की राजीव नगर, धमाणा व डांगरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं



नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

## मकान का पट्टा मिलने पर सटी देवी के चेहरे पर आई खुशी

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के दौरान जसवंतपुरा पंचायत समिति की तातोल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में तातोल ग्राम निवासी सटी देवी पत्नी समेलाराम देवासी को आवासीय मकान का पट्टा प्रदान किया गया। सटी देवी ने कुछ समय पहले अपने आवसीय मकान का पट्टा बनाने के लिए आवेदन ग्राम पंचायत में पेश किया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा मंगलवार को आयोजित शिविर में पट्टा जारी कर सटी देवी को प्रदान किया गया। सटी देवी को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण व पशुपालन विभाग की योजनाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सटी देवी ने आवासीय मकान का पट्टा मिलने की खुशी में रा य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

## बुधवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 2 जुलाई, बुधवार को जालोर उपखण्ड की मेडा उपरला व दीगांव, आहोर उपखंड की सेदरिया बालोतान, पावटा, उम्मेदपुर व बिठूड़ा, बागोड़ा उपखंड की बाली व लाखणी, सायला उपखंड की ओटवाला, रेवतड़ा व उनड़ी, भीनमाल उपखंड की पुनासा व निम्बावास, जसवंतपुरा उपखंड की गजीपुरा व तवाव, रानीवाड़ा उपखंड की सिलासन, मालवाड़ा व आखराड़, चितलवाना उपखंड की डावल, परावा व आकोली तथा सांचौर उपखंड की नानोल, धानता, कारोला व हाडेतर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 23 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को किया गया लाभान्वित







भौपू की आवाज

जालोर(आई.एस.परिहार)- राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 23 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभान्वित

पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखण्ड की सियाणा व सामतीपुरा, आहोर उपखण्ड की हरजी, चान्दराई व पादरली, बागोड़ा उपखण्ड की राउता व नया मोरसीम, सायला उपखण्ड की पांथेड़ी, पोषाणा व देताकलां, भीनमाल उपखण्ड की दासपां व जुंजाणी, जसवंतपुरा उपखण्ड की राजपुरा व तालोल, रानीवाड़ा उपखण्ड की रामपुरा, बड़गांव व धामनवाड़ा, चितलवाना उपखण्ड की भीमगुढ़ा, डूंगरी व सिपाहियों की ढाणी तथा सांचौर उपखण्ड की राजीव नगर, धमाणा व डांगरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वहीं रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

शिविर में आवासीय मकान का पट्टा मिलने पर सटी देवी के चेहरे पर आई खुशी

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के दौरान जसवंतपुरा पंचायत समिति की तालोल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में तालोल ग्राम निवासी सटी देवी पत्नी समेलाराम देवासी को आवासीय मकान का पट्टा प्रदान किया गया।

सटी देवी ने कुछ समय पहले अपने आवासीय मकान का पट्टा बनाने के लिए आवेदन ग्राम पंचायत में पेश किया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा मंगलवार को आयोजित शिविर में पट्टा जारी कर सटी देवी को प्रदान किया गया। सटी देवी को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण व पशुपालन विभाग की योजनाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

सटी देवी ने आवासीय मकान का पट्टा मिलने की खुशी में राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

## बुधवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 2 जुलाई, बुधवार को जालोर उपखण्ड की मेड़ा उपरला व डीगांव, आहोर उपखण्ड की सेदरिया बालोतान, पावटा, उम्मेदपुर व बिठूड़ा, बागोड़ा उपखण्ड की बाली व लाखणी, सायला उपखण्ड की ओटवाला, रेवाड़ा व उनड़ी, भीनमाल उपखण्ड की पुनासा व निम्बावास, जसवंतपुरा उपखण्ड की नजीपुरा व तवाव, रानीवाड़ा उपखण्ड की मिरवासन, मालवाड़ा व आखराड़, चितलवाना उपखण्ड की डावल, पावा व आकोली तथा सांचौर उपखण्ड की सामील, धानता, कारोला व हाडेतर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर सोशल मिडिया पर महिलाओं के

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 23 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

## शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को किया गया लाभान्वित





मरू लहर न्यूज

जालोर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 23 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

**इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित**

पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखण्ड की सिवणा व रायपुरिया, आहोर उपखण्ड की शंखवाली, चान्दराई व पादरली, बागोड़ा उपखण्ड की राउता व नया मोरसीम, सायला उपखण्ड की पांथेड़ी, पोषणा व देताकलां, भीनमाल उपखण्ड की दांतीवास व जुंजाणी, जसवंतपुरा उपखण्ड की राजपुरा व तातोल, रानीवाड़ा उपखण्ड की रामपुरा, बड़गांव व बामनवाड़ा, चितलवाना उपखण्ड की भीमगुड़ा, डूंगरी व सिपाहियों की ढाणी तथा सांचौर उपखण्ड की राजीव नगर, धमाणा व डांगरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झुलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

**शिविर में आवासीय मकान का पट्टा मिलने पर सटी देवी के चेहरे पर आई खुशी**

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के दौरान जसवंतपुरा पंचायत समिति की तातोल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में तातोल ग्राम निवासी श्रीमती सटी देवी पत्नी समेलाराम देवासी को आवासीय मकान का पट्टा प्रदान किया गया।

श्रीमती सटी देवी ने कुछ समय पहले अपने आवसीय मकान का पट्टा बनाने के लिए आवेदन ग्राम पंचायत में पेश किया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा मंगलवार को आयोजित शिविर में पट्टा जारी कर सटी देवी को प्रदान किया गया। सटी देवी को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण व पशुपालन विभाग की योजनाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सटी देवी ने आवासीय मकान का पट्टा मिलने की खुशी में राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

**बुधवार को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविरों का आयोजन**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 2 जुलाई, बुधवार को जालोर उपखण्ड की मेडा उपरला व दीगांव, आहोर उपखण्ड की सेदरिया बालोतान, पावटा, उम्मेदपुर व बिठूड़ा, बागोड़ा उपखण्ड की बाली व लाखणी, सायला उपखण्ड की ओटवाला, रेवतड़ा व उनड़ी, भीनमाल उपखण्ड की पुनासा व निम्बावास, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजीपुरा व तवाव, रानीवाड़ा उपखण्ड की सिलासन, मालवाड़ा व आखराड़, चितलवाना उपखण्ड की ढावल, परावा व आकोली तथा सांचौर उपखण्ड की नानोल, धानता, कारोला व हाडेतर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# पट्टा मिलते ही लाभार्थियों के चेहरे पर छाई मुस्कान



गठवाड़ी. केलाकाबास पंचायत मुख्यालय पर अयोजित शिविर में लाभार्थी को पट्आ देते सरपंच व तहसीलदार।

**गठवाड़ी.** आंधी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत केलाकाबास मुख्यालय पर मंगलवार को सरपंच ममता मीणा की अध्यक्षता व ग्राम विकास अधिकारी देशराज बैरवा की मौजूदगी में शिविर आयोजित हुआ।

शिविर प्रभारी आंधी तहसीलदार प्रांजल कंवर की अगुवाई में पंचायत परिक्षेत्र के गांव-ढाणियों से समस्या लेकर आए फरियादियों की अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

वहीं 22 लाभार्थियों को निःशुल्क पट्टे भी दिए गए। कई माह से पट्टे की आस लगाए बैठे ग्रामीणों को पट्टा मिलने के बाद खुशी जाहिर की। (निसं.)

# शिविर में मौके पर हुआ समस्याओं का समाधान

**तूंगा (देवगांव).** ग्राम पंचायत नगराजपुरा और दनाऊ कलां में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत नगराजपुरा में शिविर प्रभारी तूंगा तहसीलदार राकेश कुमार मीणा और सह प्रभारी सहायक विकास अधिकारी शंकर लाल मीणा, सरपंच उषा महर की मौजूदगी में शिविर प्रारंभ हुआ। इसी तरह ग्राम पंचायत दनाऊ कलां में शिविर प्रभारी तूंगा विकास अधिकारी हेमलता महावर, अतिरिक्त विकास अधिकारी राम मनोहर गुर्जर, सरपंच जगदीश प्रसाद बैरवा की मौजूदगी में शिविर प्रारंभ हुआ। शिविर में विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र लोगों का मौके पर ही आवेदन करवाया गया तथा सत्यापन कर योजनाओं की स्वीकृति का प्रमाण पत्र सौंपा गया।



नगराजपुरा में आयोजित शिविर में स्वामित्व कार्ड सौंपते शिविर प्रभारी और सरपंच।

**किया पौधरोपण** : दनाऊ कला के पंचायत मुख्यालय पर शिविर प्रभारी तूंगा विकास अधिकारी, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी हनुमान सहायक गुर्जर समेत अन्य अधिकारियों कार्मिकों ने पौधरोपण किया।

# मकान का मिला पट्टा, जताई खुशी

**भोज्याड़ा.** क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुम्हारीयावास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। राम प्रसाद चौधरी ने बताया कि शिविर की अध्यक्षता सरपंच रुक्मिणी देवी चौधरी ने की। शिवर के दौरान शारदा देवी को पट्टा मिलने पर खुशी जताई। इस दौरान नायब तहसीलदार सीमा मीणा, गिरदावर लक्ष्मी नारायण, लेख सिंह, विजय कुमार यादव, रमेश यादव सहित ग्रामीण शामिल हुए।

# 15 साल बाद मिला आबादी भूमि में पट्टा



**चाकसू.** ग्राम पंचायत करेड़ा खुर्द में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ। ग्राम विकास अधिकारी गिरिराज सिंह ने बताया कि शिविर में कांता पत्नी फूलचंद निवासी बाढ़बागपुरा को आबादी भूमि में 150 वर्गगज का नि:शुल्क पट्टा जारी किया गया। दोनों पति-पत्नी विकलांग हैं और करीब 15 वर्षों से वे चारागाह भूमि में कच्चा आवास बनाकर रहते थे। पट्टा पाने के बाद कांता का चेहरा खिल उठा।

शिविर में सरपंच आशा राजेश चौधरी, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामबक्श जाट व नायब तहसीलदार ने कांता को पट्टा सौंपा।

# तामड़िया में पोखर जाट और करेड़ा खुर्द में कांता भांड को मिला मालिकाना हक

भास्कर न्यूज | तामड़िया

चाकसू उपखंड की ग्राम पंचायत तामड़िया और करेड़ा खुर्द में मंगलवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। शिविर प्रभारी चाकसू तहसीलदार विपुल चौधरी रहे। तामड़िया पटवारी श्योराज प्रजापत ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग ने 16 नामांतरण, 9 सीमाज्ञान, 2 रास्तों के प्रकरण और 2 आपसी सहमति से बंटवारे मौके पर ही निपटाए। पंचायतीराज विभाग और ग्राम पंचायत ने 25 पट्टे जारी कर लोगों को मालिकाना हक दिया।

चिकित्सा विभाग ने 408 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की और दवाइयां दी गईं। बीसीएमओ डॉ. श्याम सुंदर दायमा और चिकित्सा प्रभारी डॉ. महेन्द्र चौधरी ने क्षय रोगी को पोषण किट दी। शिविर में सबसे अहम कार्य हरिवल्लभपुरा निवासी पोखर जाट को पट्टा जारी करना रहा। पोखर जाट ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से अपने आवासीय भूखंड पर रह रहे हैं। कई बार पट्टे के लिए आवेदन किया, लेकिन मंजूरी नहीं मिली। बिना पट्टे के बैंक लोन नहीं दे रहे थे। शिविर में पंचायतीराज विभाग और ग्राम पंचायत ने मौके पर ही पट्टा जारी कर मालिकाना हक दिया।करेड़ा खुर्द गिरदावर लक्ष्मीनारायण धाकड़ ने बताया कि राजस्व विभाग ने 2 रास्तों के प्रकरण, 1 सहमति बंटवारा, 34 नामांतरण और 4 सीमाज्ञान के मामले निपटाए। पंचायतीराज विभाग और ग्राम पंचायत ने 54 परिवारों को मकानों के पट्टे दिए। कृषि विभाग ने 61 मृदा नमूने लिए और 14 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। वन विभाग ने 600 पौधे वितरित किए और 5 पौधे पंचायत परिसर में लगाए।



करेड़ा खुर्द शिविर में सबसे अहम कार्य बाढ़ बागपुरा निवासी दिव्यांग कांता देवी भांड को 150 वर्ग गज चारागाह भूमि का निःशुल्क पट्टा देना रहा। कांता देवी ने बताया कि शिविर उनके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। अब प्रधानमंत्री आवास का सपना जल्दी पूरा होगा। उनके पति भी दिव्यांग हैं।

शिविर में तामड़िया सरपंच मुकेश चौधरी, करेड़ा सरपंच आशा चौधरी, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन हरिनारायण चौधरी, चाकसू क्रय-विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन मदन चौधरी, तामड़िया गिरदावर मेघ सिंह सहित अन्य कार्मिक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिव्यांग गंगा देवी को शिविर में मिली राहत

राजावास| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत राजावास में आयोजित शिविर में दिव्यांग गंगा देवी पत्नी मेवाराम को बहुप्रतीक्षित दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान कर तत्काल प्रभाव से पेंशन योजना का लाभ दिलवाया गया। जिसमें चिकित्सा विभाग की ओर से चिकित्सा प्रभारी डॉ. के. सी. चोपड़ा एवं सीएचसी प्रभारी भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में मेडिकल टीम द्वारा गंगा देवी की संपूर्ण चिकित्सकीय जांच की गई और प्रमाण पत्र को वेरिफाई किया गया।

# जयसिंहपुरा कैंप में जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया



फुलेरा ग्रामीण| ग्राम जयसिंहपुरा शिविर के मौजूद लोग ।

फुलेरा ग्रामीण| कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी कैलाश गोरा ने बताया कि शिविर के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बहुत सी जानकारियां उपलब्ध करवाई गई।

शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की बहुत सी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निस्तारण किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को सात भूखंड पट्टे दिए गए। शिविर में उपखंड अधिकारी अंजू वर्मा, शिविर प्रभारी भागीरथ मल मीणा, नायब तहसीलदार गंगा विशन गुजराती, सरपंच ब्रजेश्वरी देवी शर्मा मौजूद थे।

गोविंदगढ़ | ग्राम सिगोंद कला में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विभाग के तत्वावधान में सहायक कृषि अधिकारी डॉ. हीरालाल यादव के सानिध्य में किया गया। प्रशिक्षण में रींगस सहायक कृषि अधिकारी सतपाल यादव ने वर्मी बेड निर्माण व साइलो पीट निर्माण की विधि तथा उसके महत्व को लेकर किसानों को जानकारी दी।

जयपुर भास्कर

**अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर •** ग्रामीणों को कई विभागों की योजनाओं की जानकारी दी

# 105 पात्र लाभार्थियों को प्रॉपर्टी पार्सल दिए



कालवाड़ | ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित करते उपस्थित अधिकारी।

भास्कर न्यूज | कालवाड़

ग्राम पंचायत दुर्जनियावास में मंगलवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों को कई विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया गया। राजस्व, विद्युत, पीएचईडी, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में पंचायत समिति प्रधान रामनारायण झाझड़ा, प्रशासक नारायण हरितवाल, समिति सदस्य मोहनलाल रोलानियां, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष चंदालाल झुंझाड़िया सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विकास अधिकारी हरि सिंह, तहसीलदार जयपाल सिंह शेखावत, अतिरिक्त विकास अधिकारी ओमप्रकाश मीणा, सहायक विकास अधिकारी महेन्द्र पालावत, राजेश शर्मा और प्राचार्य सीमा चौधरी भी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत मुंडोता में भी अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत विशेष शिविर लगाया गया। पंचायती राज विभाग ने 105 पात्र लाभार्थियों को प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की। शिविर में रामपुरा डाबड़ी के उपखंड अधिकारी अशोक कुमार चौधरी, विकास अधिकारी जालसू सूप्यार कपूरिया, तहसीलदार निधि मीणा, नायब तहसीलदार रवि प्रकाश और पंचायत प्रशासक आशा देवी बुनकर मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर सुनीं। संबंधित विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।

## सुरसिंहपुरा शिविर में 50 लोग लाभान्वित



हिरनोदा | सुरसिंहपुरा शिविर में उपस्थित ग्रामीण व अधिकारी।

हिरनोदा| ग्राम पंचायत सुरसिंहपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया।

शिविर की अध्यक्षता सरपंच फूल कंवर ने की। निगरानी तहसीलदार कृष्णा शर्मा ने की। कनिष्ठ सहायक भागीरथ देवल ने बताया कि शिविर में ग्राम पंचायत की ओर से 10 आवासीय पट्टे और 40 प्रॉपर्टी आईडी वितरित की गईं। स्वास्थ्य विभाग ने दवाइयों का वितरण किया। राजस्व विभाग ने जरूरी कार्रवाई की।

## दिव्यांग गंगा देवी को शिविर में मिली राहत

राजावास| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत राजावास में आयोजित शिविर में दिव्यांग गंगा देवी पत्नी मेवाराम को बहुप्रतीक्षित दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान कर तत्काल प्रभाव से पेंशन योजना का लाभ दिलवाया गया। जिसमें चिकित्सा विभाग की ओर से चिकित्सा प्रभारी डॉ. के. सी. चोपड़ा एवं सीएचसी प्रभारी भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में मेडिकल टीम द्वारा गंगा देवी की संपूर्ण चिकित्सकीय जांच की गई और प्रमाण पत्र को वेरिफाई किया गया।

दैनिक भास्कर

जयपुर-दूदू भास्कर 02-07-2025

# तामड़िया में पोखर जाट और करेड़ा खुर्द में कांता भांड को मिला मालिकाना हक

भास्कर न्यूज़ | तामड़िया



चाकसू उपखंड की ग्राम पंचायत तामड़िया और करेड़ा खुर्द में मंगलवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। शिविर प्रभारी चाकसू तहसीलदार विपुल चौधरी रहे। तामड़िया पटवारी श्योराज प्रजापत ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग ने 16 नामांतरण, 9 सीमाज्ञान, 2 रास्तों के प्रकरण और 2 आपसी सहमति से बंटवारे मौके पर ही निपटाए। पंचायतीराज विभाग और ग्राम पंचायत ने 25 पट्टे जारी कर लोगों को मालिकाना हक दिया।

चिकित्सा विभाग ने 408 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की और दवाइयां दी गईं। बीसीएमओ डॉ. श्याम सुंदर दायमा और चिकित्सा प्रभारी डॉ. महेन्द्र चौधरी ने क्षय रोगी को पोषण किट दी। शिविर में सबसे अहम कार्य हरिवल्लभपुरा निवासी पोखर जाट को पट्टा जारी करना रहा। पोखर जाट ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से अपने आवासीय भूखंड पर रह रहे हैं। कई बार पट्टे के लिए आवेदन किया, लेकिन मंजूरी नहीं मिली। बिना पट्टे के बैंक लोन नहीं दे रहे थे। शिविर में पंचायतीराज विभाग और ग्राम पंचायत ने मौके पर ही पट्टा जारी कर मालिकाना हक दिया।करेड़ा खुर्द गिरदावर लक्ष्मीनारायण धाकड़ ने बताया कि राजस्व विभाग ने 2 रास्तों के प्रकरण, 1 सहमति बंटवारा, 34 नामांतरण और 4 सीमाज्ञान के मामले निपटाए। पंचायतीराज विभाग और ग्राम पंचायत ने 54 परिवारों को मकानों के पट्टे दिए। कृषि विभाग ने 61 मृदा नमूने लिए और 14 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। वन विभाग ने 600 पौधे वितरित किए और 5 पौधे पंचायत परिसर में लगाए।

करेड़ा खुर्द शिविर में सबसे अहम कार्य बाढ़ बागपुरा निवासी दिव्यांग कांता देवी भांड को 150 वर्ग गज चारागाह भूमि का निःशुल्क पट्टा देना रहा। कांता देवी ने बताया कि शिविर उनके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। अब प्रधानमंत्री आवास का सपना जल्दी पूरा होगा। उनके पति भी दिव्यांग हैं।

शिविर में तामड़िया सरपंच मुकेश चौधरी, करेड़ा सरपंच आशा चौधरी, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन हरिनारायण चौधरी, चाकसू क्रय-विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन मदन चौधरी, तामड़िया गिरदावर मेव सिंह सहित अन्य कार्मिक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा से ग्रामवासियों को मिल रहा लाभ



**चौमूँ। ( आस-पास ब्यूरो )** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत डोला का बास, जयसिंहपुरा, मण्डा भिण्डा एवं घिनोई में शिविरों का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार शिविर में आमजन को राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई यथा राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, रास्ते के प्रकरणों का निस्तारण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पालनहार योजना एवं पेंशन योजना, चिकित्सा विभाग द्वारा आमजन को मानसूनी बीमारियों से बचाव एवं उपायों के संबंध में जागरूक किया गया एवं शिविर में आगन्तुकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं में बारिश के मौसम में फैलने वाले रोगों के बचाव-उपायों की जानकारी, कृषि विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई अंतर्गत ड्रिप, मिनी एवं फव्वारा योजना की जानकारी, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं जल संसाधन विभाग द्वारा आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

ग्राम पंचायत घिनोई में कृषक कजोड मल पुत्र श्री गंगाराम यादव के खेत में पानी की कमी होने पर कृषि विभाग से संबधित योजना से 20*20*3 मीटर डिग्गी निर्माण करवाया जिससे कृषक के पानी की रागस्या दुर हुई। ग्रान पंचायत मण्डा भिण्डा में अनिल कुमार यादव पुत्र रमगोपाल यादव ग्राम प्रगति नया बारा को विद्युत विभाग द्वारा पीएम सुर्यघर योजना का लाभ प्रदान किया जिसके अन्तर्गत लाभार्थी को 78000 सब्सिडी का लाभ मिला और प्रतिदिन लगभग 20 युनिट का उत्पादन हो रहा है। ग्राम पंचायत डोला का बास मधु वर्मा पत्नी श्री रोशन शर्मा निवासी ग्राम पंचायत डोला का बास को चिकित्सा विभाग की तरफ से पोषण किट उपलब्ध करवाया गया जिससे मरीज का स्वास्थ्य लाभ हो सकेगा।

# गरीबों के लिए वरदान बने शिविर

**इंडिया न्यूज|जयपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत जयपुर जिले में आयोजित शिविर आमजन के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आ रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं की पहचान कर मौके पर ही उनका समाधान करना और उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। माधोराजपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत डिडावता में मंगलवार को आयोजित शिविर 85 वर्षीय मन्नी देवी के लिए किसी वरदान से कम नहीं रहा।

# आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल शिविर

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत दौसरा पंचायत समिति माधोराजपुरा में मंगलवार को आयोजित शिविर मन्नी देवी पत्नी नाथु राम दर्जी निवासी डिडावता ग्राम पंचायत डिडावता के लिये वरदान साबित हुआ है।

राजस्थान सरकार ने अन्तिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को उसकी समस्या को पहचान कर सुविधा व सरकारी योजनाओ में लाभान्वित करने के लिये पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एक दिवसीय शिविर लगाकर ऐसे पात्र व्यक्तियो की पहचान कर मौके पर ही लाभान्वित करने की व्यवस्था की है। जयपुर जिले की पंचायत समिति माधोराजपुरा की ग्राम पंचायत डिडावता में 85 वर्षीय महिला मन्नी देवी को दो साल से बन्द पड़ी पेशन को चालू करवाने का कार्य प्रभारी तहसीलदार माधोराजपुरा व विकास अधिकारी माधोराजपुरा एवं सरपंच, पंचायत समिति सदस्य ने उपलब्ध करवाया तो उसकी बूढ़ी आंखो में भी खुशी के आंशू छलक आए। बुढ़ापे में पेंशन मन्नी देवी का सम्बल जो ठहरी। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर ग्राम पंचायत नांगल भरडा, पंचायत समिति गोविन्दगढ में आयोजित होने की जानकारी जैसे ही बीमार मधु वर्मा पत्नी रोशन वर्मा ग्राम डोला का बास को मिली तो वह तत्काल शिविर में आई। कुछ समय से खांसी और शरीर से कमजोर व गरीब मधु वर्मा घर से दुर सरकारी अस्पताल होने के कारण अपनी बीमारी का ईलाज नही करा पा रही थी परंतु यहां पर आयोजित शिविर में चिकित्सा विभाग के डॉ. व स्टॉफ ने उसकी खून व पेशाब की जांच कराकर तत्काल ईलाज किया व आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करवाने के साथ-साथ कमजोरी दुर करने के लिए चिकित्सा विभाग की तरफ से पौषण किट भी उपलब्ध करवाया गया। शिविर का आयोजन मधु वर्मा के घर के पास होने कारण उसकी समय पर जांच, चिकित्सा, दवाइयां व पोषण किट मिलने के कारण राजस्थान के संवेदनशील माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा अन्त्योदय सम्बल शिविर

जयपुर (सच कहूं न्यूज)। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत दौसरा पंचायत समिति माधोराजपुरा में मंगलवार को आयोजित शिविर श्रीमती मन्नी देवी पत्नी श्री नाथु राम दर्जी निवासी डिडावता ग्राम पंचायत डिडावता के लिये वरदान साबित हुआ है। जयपुर जिले की पंचायत समिति माधोराजपुरा की ग्राम पंचायत डिडावता में 85 वर्षीय महिला मन्नी देवी को दो साल से बन्द पड़ी पेशन को चालू करवाने का कार्य प्रभारी तहसीलदार माधोराजपुरा व विकास अधिकारी माधोराजपुरा एवं सरपंच, पंचायत समिति सदस्य ने उपलब्ध करवाया तो उसकी बूढ़ी आंखो में भी खुशी के आंशू छलक आए। बुढ़ापे में पेंशन मन्नी देवी का सम्बल जो ठहरी। पखवाडा शिविर ग्राम पंचायत नांगल भरडा, पंचायत समिति गोविन्दगढ में आयोजित होने की जानकारी जैसे ही बीमार मधु वर्मा पत्नी रोशन वर्मा ग्राम डोला का बास को मिली तो वह तत्काल शिविर में आई। कुछ समय से खांसी और शरीर से कमजोर व गरीब मधु वर्मा घर से दुर सरकारी अस्पताल होने के कारण अपनी बीमारी का ईलाज नही करा पा रही थी परंतु यहां पर आयोजित शिविर में चिकित्सा विभाग के डॉ. व स्टॉफ ने उसकी खून व पेशाब की जांच कराकर ईलाज किया व दवाईयां उपलब्ध करवाने के साथ कमजोरी दुर करने के लिए चिकित्सा विभाग की तरफ से पौषण किट भी उपलब्ध करवाया गया। शिविर का आयोजन मधु वर्मा के घर के पास होने कारण उसकी समय पर जांच, चिकित्सा, दवाइयां व पोषण किट मिलने के कारण मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल शिविर

हमारा समाचार



**जयपुर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत दौसरा पंचायत समिति माधोराजपुरा में मंगलवार को आयोजित शिविर श्रीमती मन्नी देवी पत्नी श्री नाथु राम दर्जी निवासी डिडावता ग्राम पंचायत डिडावता के लिये वरदान साबित हुआ है। राजस्थान सरकार ने अन्तिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को उसकी समस्या को पहचान कर सुविधा व सरकारी योजनाओ में लाभान्वित करने के लिये पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एक दिवसीय शिविर लगाकर ऐसे पात्र व्यक्तियो की पहचान कर मौके पर ही लाभान्वित करने की व्यवस्था की है। जयपुर जिले की पंचायत समिति माधोराजपुरा की ग्राम पंचायत डिडावता में 85 वर्षीय महिला मन्नी देवी को दो साल से बन्द पड़ी पेशन को चालू करवाने का कार्य प्रभारी तहसीलदार माधोराजपुरा व विकास अधिकारी माधोराजपुरा एवं सरपंच, पंचायत समिति सदस्य ने उपलब्ध करवाया तो उसकी बूढ़ी आंखो में भी खुशी के आंशू छलक आए। बुढ़ापे में पेंशन मन्नी देवी का सम्बल जो ठहरी। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर ग्राम पंचायत नांगल भरडा, पंचायत समिति गोविन्दगढ में आयोजित होने की जानकारी जैसे ही बीमार मधु वर्मा पत्नी रोशन वर्मा ग्राम डोला का बास को मिली तो वह तत्काल शिविर में आई। कुछ समय से खांसी और शरीर से कमजोर व गरीब मधु वर्मा घर से दुर सरकारी अस्पताल होने के कारण अपनी बीमारी का ईलाज नही करा पा रही थी परंतु यहां पर आयोजित शिविर में चिकित्सा विभाग के डॉ. व स्टॉफ ने उसकी खून व पेशाब की जांच कराकर तत्काल ईलाज किया व आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करवाने के साथ-साथ कमजोरी दुर करने के लिए चिकित्सा विभाग की तरफ से पौषण किट भी उपलब्ध करवाया गया। शिविर का आयोजन मधु वर्मा के घर के पास होने कारण उसकी समय पर जांच, चिकित्सा, दवाइयां व पोषण किट मिलने के कारण राजस्थान के संवेदनशील माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# Pandit Deendayal Upadhyay Antyodaya Sambal Camps Proving to Be a Boon for the Needy

**Jaipur:** The ongoing Pandit Deendayal Upadhyay Antyodaya Sambal Fortnight is bringing much-needed relief to the underprivileged, with government welfare schemes reaching the last person in the queue through dedicated camps at village panchayats. Organized at the Dausara Gram Panchayat under Madhorajpura Panchayat Samiti, one such camp proved to be a blessing for 85-year-old Manni Devi, wife of Nathu Ram Darji, a resident of Didawata village.

Manni Devi had not received her old age pension for the past two years. During the camp, the tehsildar in-charge, the development officer, and the local panchayat representatives worked together to immediately restart her pension. Overwhelmed with gratitude, tears of joy filled her eyes. For Manni Devi, the pension is not just financial aid - it's a crucial lifeline in her old age.



In another such case, a camp held at Nangal Bharda Gram Panchayat under Govindgarh Panchayat Samiti turned out to be a timely rescue for Madhu Verma, a poor and ailing woman from Dola ka Bas. Suffering from persistent cough and weakness, she had been unable to seek treatment due to the distant location of the government hospital.

Upon learning about the nearby camp, Madhu reached the site, where health officials promptly conducted blood and urine tests. She was provided with immediate treatment and free medicines. In addition, she received a nutrition kit to aid in her recovery, courtesy of the Medical Department. The proximity of the camp ensured she received timely care, prompting her to express heartfelt gratitude to Rajasthan's compassionate Chief Minister, Bhajanlal Sharma.

These camps, being organized across all gram panchayats in Rajasthan, are part of the state government's mission to identify and assist vulnerable citizens on the spot. Through this initiative, Rajasthan is actively ensuring that benefits of healthcare, pensions, and welfare schemes reach those who need them the most, directly at their doorstep.

पत्रिका

राजस्थान पत्रिका
जयपुर, बुधवार, 02 जुलाई, 2025

[करणसर.पचकोडिया. ड्योढ़ी, मंढाभीमसिंह. भैंसलाना ]

### तहसीलदार से मांगी झाड़ला में जंगल सफाई की अनुमति

# पंचायतों में पहुंची सरकार, ग्रामीणों को मिला 'संबल'


माधोराजपुरा. झाड़ला में प्रॉपर्टी पार्सल सौंपती तहसीलदार।


महलां. डिप्टी सीएम प्रॉपर्टी पार्सल वितरित करते हुए।


फुलेरा. जयसिंहपुरा में आयोजित शिविर में उपस्थित अधिकारी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**माधोराजपुरा.** उपखण्ड के झाड़ला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत प्रशासन ने शिविर प्रभारी माधोराजपुरा तहसीलदार तनु शर्मा से कांटोली में ग्राम पंचायत की करीब पंद्रह बीघा खातेदारी भूमि पर सालों से खड़े विलायती बबूलों को साफ कर हरयाळो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधरोपण करने की अनुमति मांगी। तहसीलदार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलक्टर से मार्गदर्शन मांग लिया। सरपंच भंवर किशोर सिंह व ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि लगातार उग रहे विलायती बबूलों से भूमि पूरी तरह जंगल में बदल चुकी है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के कई परिवारों को मकान का मालिकाना हक मिला तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। जानकारी के मुताबिक शिविर मे नाम शुद्धिकरण के 19, सीमाज्ञान के 4, आपसी सहमति से रास्ता खुलवाने के 2, विभाजन का 1 प्रकरण निस्तारित करिया गया। 50 व्यक्तियों की पेंशन का सत्यापन किया गया। 35 व्यक्तियों को प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गए। अतिरिक्त विकास अधिकारी बृजेन्द्र सिंह धाकड़, सरपंच भंवर किशोर सिंह, वीडीओ दिनेश कुमार सैनी, पटवारी मुकेश सैनी सहित सोलह विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण किया। (निसं)


कालवाड़. पूनाना शिविर में लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी।


दुर्जनियावास शिविर में प्रॉपर्टी पार्सल वितरण करते हुए।

**कालवाड़.** जालसू पंचायत समिति के पूनाना पंचायत मुख्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया। पंचायत प्रशासक प्रभा शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। मुंडोता उप तहसीलदार रवि गुप्ता की मौजूदगी में लंबित नामांतरण, जमाबंदियों में शुद्धिकरण, आवासीय पट्टा वितरण, बीपीएल परिवारों का सर्वे आदि प्रकरणों का निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी अशोक चौधरी, जालसू तहसीलदार निधि मीणा ने निरीक्षण किया। शिविर मे वीडीओ बलवीर सिंह शेखावत, अशोक कुमार दरिया, कनिष्ठ सहायक ओंकारमल योगी, रतन शर्मा, जगमाल डोगीवाल, रुडमल आखड़, गुलाबचंद डोगीवाल, देवीलाल डूडी, रामेश्वर प्रसाद बोहरा मौजूद थे। (निसं)

**कालवाड़.** झोटवाड़ा पंचायत समिति के दुर्जनियावास में मंगलवार को आयोजित शिविर में समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर में प्रधान रामनारायण झाझड़ा, तहसीलदार जयपाल सिंह शेखावत, विकास अधिकारी हरि सिंह, सरपंच नारायण हरितवाल, पंसस मोहनलाल, चंदालाल जुंजाड़िया, महेन्द्र पालावत, राजेश शर्मा, सीमा चौधरी, विजय कुमार दायमा, श्योजीराम जाट, राजू कसवां, सतवीर सिंह, कमलेश दादरवाल, पटवारी तनुजा कंवर, संदीप शर्मा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, राधेश्याम यादव आदि ने समस्याओं का निस्तारण किया।

**कालवाड़.** मुंडोता पंचायत मे संबल पखवाड़ा शिविर में रामपुरा डाबड़ी उपखंड अधिकारी अशोक कुमार चौधरी, विकास अधिकारी जालसू सुप्यार कपूरिया, जालसू तहसीलदार निधि मीणा, नायब तहसीलदार रवि गुप्ता, प्रशासक आशा देवी बुनकर ने समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर 105 लोगों को प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए गए। इस अवसर पर वार्डपंच भंवर बर्मा, बिरदाराम धायल, पिंटू शर्मा, उपसरपंच गिर्राज धाबाई, गुलाब देवी, ताराचंद सैनी, वीडीओ शिवराम चौधरी, कृषि पर्यवेक्षक गोपाल चौधरी, मनमोहन गुर्जर, गिरदावर भगवान सहाय शेखावत, पटवारी श्रवण वर्मा मौजूद थे।

**आसलपुर.** आसलपुर मे पं. दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 45 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। एसडीएम देवेंद्र सिंह चौहान, गोपाल लाल बुनकर, विकास अधिकारी ताराचंद, प्रधान शैतान सिंह मेहरड़ा, पटवारी आसलपुर मामराज चौधरी, गिरदावर माया उज्जैनिया, डॉ. गणेश जाट, डॉ. ज्योति मीणा, बंसी लाल, डॉ. संतोष कुमारी, सुरेश बिश्नोई, सुकेश यादव आदि ने समस्याओं का निस्तारण किया।

**कालवाड़.** स्थानीय पंचायत में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सबंल पखवाड़े के तहत सरपंच त्रिवेन्द्र सिंह राजावत की उपस्थिति मे शिविर आयोजित होगा। शिविर में एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## झाग में संबल शिविर, उमड़े लोग

**महलां.** झाग पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिविर आयोजित हुआ। उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा ने शिविर का अवलोकन किया।
ग्रामीणों को प्रॉपर्टी पार्सल मिलते ही चेहरे खिल उठे। इस मौके पर उपखंड अधिकारी बलवीर सिंह, तहसीलदार सुरेंद्र बिश्नोई, नायब तहसीलदार श्यामलाल शर्मा, बीडीओ हेमंत कुमार, पंचायत प्रशासक बाबूलाल धोबी, परमेश्वर जांगिड़, गणेश दत्त भार्गव, अर्जुनलाल चौधरी आदि ने सेवाएं दी।

## पटटे पाकर खिली चेहरों पर मुस्कान

**फुलेरा.** समीपवर्ती जयसिंहपुरा में पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर का उपखंड अधिकारी अंजू वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने जनसमस्याओं को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी कैलाश गोरा, शिविर प्रभारी भागीरथ मल मीणा, नायब तहसीलदार गंगाबिशन गुजराती, सरपंच बृजेश्वरी दाधीच ने सात आवेदकों को पट्टे वितरित किए।


जालसू के मुंडोता शिविर में प्रॉपर्टी पार्सल वितरित करते अधिकारी।


आसलपुर. मृदा कार्ड वितरित करते हुए।

# जन परिवेदनाओं के निस्तारण का अंतिम पड़ाव बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**सक्सेस मीडिया**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जयपुर जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जयपुर जिले में शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मंगलवार को जिला कलक्टर ने सांगानेर के नरसिंहपुर में आयोजित शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने शिविर में उपस्थित आमजन से संवाद किया एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक भी लिया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी। वहीं, जिला



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शिविरों में हुए कार्यों की प्रगति की उपखंडवार एवं विभागवार समीक्षा की साथ ही आगामी शिविरों की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को पखवाड़े के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरों के सफल संचालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। गौरतलब है कि जयपुर जिला प्रशासन द्वारा पखवाड़े के तहत जिले के 16 उपखण्डों की 19 पंचायत समितियों की 461 ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन लगभग 35 ग्राम पंचायत में प्रातः 9:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक आयोजित हो रहे शिविरों में 16 विभागों द्वारा 63 कार्य किए जा रहे हैं। शिविरों का आयोजन दिनांक 07 जुलाई तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एवं दिनांक 8 जुलाई एवं 9 जुलाई को फॉलोअप कैम्प तहसील मुख्यालय पर किया जायेगा। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक नोडल अधिकारी, तकनीकी नोडल अधिकारी और उपखंडवार नोडल प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला प्रशासन द्वारा पीएम सूर्य घर बिजली योजना, श्मशान भूमि आवंटन, जनसुनवाई शिकायतों का निस्तारण भी किया जा रहा है। जिला परिषद द्वारा शिविर में मातृभूमि से कर्म भूमि, हरियालो राजस्थान, वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रचार-प्रसार, अनुपयोगी भवनों को राजीविका समूहों के लिए कार्यशाला के रूप में उपलब्ध कराना एवं ऑपन जिम की स्वीकृति जारी करना आदि कार्य किए जा रहे है। प्रत्येक शिविर में हेल्प-डेस्क स्थापित की गई है जिस पर ग्राम विकास अधिकारी अथवा ग्राम रोजगार सहायक विजिटर्स बुक संधारित कर शिविर में आने वाले लाभान्वितों एवं आगन्तुकों एवं जनप्रतिनिधियों का ब्यौरा संधारित कर रहे हैं। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल बिश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दूदू) गोपाल सिंह परिहार सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की।

# जन परिवेदनाओं के निस्तारण का अंतिम पड़ाव बने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश
- नरसिंहपुर में लिया शिविर का जायजा, आमजन से संवाद कर लिया फीडबैक
- कलक्टर सभागार में आयोजित बैठक में की शिविरों में हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा
- अधिकारियों को शिविर में अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के दिये निर्देश

■ लोकमत, जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल के तहत राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जयपुर जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

जयपुर जिले में शिविरों के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मंगलवार को जिला कलक्टर ने सांगानेर के नरसिंहपुर में आयोजित शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने शिविर में उपस्थित आमजन से संवाद किया एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक भी लिया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी।

वहीं, जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शिविरों में हुए कार्यों की प्रगति की उपखंडवार एवं विभागवार समीक्षा की साथ ही आगामी शिविरों की कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को पखवाड़े के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरों के सफल संचालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित किया।

गौरतलब है कि जयपुर जिला प्रशासन द्वारा पखवाड़े के तहत जिले के 16 उपखण्डों की 19 पंचायत समितियों की 461 ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन औसतन लगभग 35 ग्राम पंचायत में प्रात: 9:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक आयोजित हो रहे शिविरों में 16 विभागों द्वारा 63 कार्य किए जा रहे हैं। शिविरों का आयोजन दिनांक 07 जुलाई तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एवं दिनांक 8 जुलाई एवं 9 जुलाई को फॉलोअप कैम्प तहसील मुख्यालय पर किया जायेगा। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक नोडल अधिकारी, तकनीकी नोडल अधिकारी और उपखंडवार नोडल प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा पीएम सूर्य घर बिजली योजना, श्मशान भूमि आवंटन, जनसुनवाई शिकायतों का निस्तारण भी किया जा रहा है। जिला परिषद द्वारा शिविर में मातृभूमि से कर्म भूमि, हरियालो राजस्थान, वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान, पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रचार-प्रसार, अनुपयोगी भवनों को राजीविका समूहों के लिए कार्यशाला के रूप में उपलब्ध कराना एवं ऑपन जिम की स्वीकृति जारी करना आदि कार्य किए जा रहे है। प्रत्येक शिविर में हेल्प-डेस्क स्थापित की गई है जिस पर ग्राम विकास अधिकारी अथवा ग्राम रोजगार सहायक विजिटर्स बुक संधारित कर शिविर में आने वाले लाभान्वितों एवं आगन्तुकों एवं जनप्रतिनिधियों का ब्यौरा संधारित कर रहे हैं।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) श्रीमती कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) श्री देवेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) श्री मुकेश कुमार मूंड, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दूदू) श्री गोपाल सिंह परिहार सहित ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की।

# झाड़ोल केम्प में विधाबाई एवं विरमा को मिला संबल




**राजस्थान दर्शन**

---

**झाड़ोल।** सोमवार को पंचायत समिति झाडोल की ग्राम पंचायत चन्दवास में आयोजित शिविर में विधाबाई पति रमेशचन्द्र निवासी चन्दवास द्वारा बताया गया कि उनको 8 माह से पेंशन नही मिल रही है ।जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए चैक किया गया। जिसमें सत्यापन के अभाव में पेंशन नही मिल पा रही थी क्योंकि उनका सत्यापन फेस कैप्चर एवं बायोमेट्रिक से नही हो पा रहा था। जिसका पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी विकास अधिकारी की ओटीपी के द्वारा सत्यापन मौके पर ही किया गया। झाड़ोल विकास अधिकारी जीतेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि शिविर में विशेष योग्यजन पेंशन लाभार्थी विरमा पिता सवा को भी 5 माह से पेंशन नही मिल पा रही थी जिस पर चैक करने पर पाया गया कि उनका दृष्ठ कार्ड जनआधार में लिंक नही होने के कारण इनका सत्यापन नही हो पा रहा था ई-मित्र के द्वारा दृष्ठ कार्ड डाउनलोड करवा एवं सिंडिग करवा कर मौके पर ही सत्यापन किया गया। लाभार्थी विधाबाई एवं विरमा ने मुख्यमंत्री महोदय एवं राजस्थान सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया

दैनिक भास्कर

# उदयपुर जिला 02-07-2025

# प्रशासनिक अधिकारियों ने शिविर में ही जनसहयोग से भेंट की 76 हजार की राशि



वल्लभनगर | बाटेडा खुर्द और खरसान गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत बहुद्देशीय जनसेवा शिविर लगाया गया। शिविर में अनाथ भाई-बहन गणेशलाल भाट और यमुना भाट को 76,500 रुपये की नकद सहायता दी गई। यह सहायता उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार और विकास अधिकारी सुनील चौहान ने जनसहयोग से जुटाई। दोनों बच्चों के माता-पिता और दादा-दादी का निधन हो चुका है। परिवार में कोई नहीं बचा। दोनों के पास रहने के लिए छत नहीं है।

पाटीदार ने जांच की तो पता चला कि इन्हें किसी सरकारी योजना से लाभ नहीं मिल सकता। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सहयोग मांगा। सभी ने मिलकर राशि एकत्र की। अब इस मदद से दोनों बच्चों को मकान की छत मिल सकेगी। जैसे ही उन्हें राशि मिली, दोनों बच्चों के चेहरे खिल उठे।

पाटीदार ने बताया कि वास्तव में यह बच्चे ही इस मदद के हकदार हैं। सभी के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। मकान निर्माण में ऐसे भामाशाह को लगाया गया है जो साथ रहकर निर्माण करवाएगा। ग्राम पंचायत भी बार-बार जाकर निरीक्षण करेगी। ग्राम विकास अधिकारी रंजीत सिंह को इस बारे में पाबंद किया गया है। बाटेडा खुर्द शिविर में राजस्व, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जलदाय, रसद और बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों को नामांतरण, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना, पेंशन, पालनहार योजना और चिरंजीवी योजना का लाभ मिला।

शिविर में उप प्रधान रोशन मेहता, सरपंच इंद्र कुंवर सारंगदेवोत, नायब तहसीलदार रूपेश कुमार मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी रंजीत सिंह, सरपंच प्रतिनिधि पदम सिंह सारंगदेवोत और पूर्व सरपंच मेघराज सोनी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## रख्यावल शिविर में 35 साल पुरानी विरासत का निस्तारण

भास्कर न्यूज | घासा

ग्राम पंचायत रख्यावल के काली मंगरी क्षेत्र निवासी मोहनलाल पुत्र मानाराम डांगी की वर्षों पुरानी विरासत संबंधी समस्या का समाधान पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लगे शिविर में हो गया। मोहनलाल ने बताया कि उनके दादा उदा पुत्र वाला डांगी का निधन 1 जनवरी 1990 को हो गया था, लेकिन इतने वर्षों में उनकी संपत्ति की विरासत का कार्य नहीं हो पाया था। मंगलवार को आयोजित शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच कर 35 साल पुरानी विरासत को हाथोंहाथ खोलते हुए नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण की और मोहनलाल को नकल सौंपी। इस दौरान एसडीएम रमेश सीरवी ने शिविर का अवलोकन किया। भाजपा मावली विधानसभा प्रभारी कृष्णगोपाल पालीवाल, बीडीओ शैलेंद्र खींची, नायब तहसीलदार नंदलाल जोशी, मंडल अध्यक्ष पर्वत सिंह कितावत, सरपंच कानसिंह राव, मंडल महामंत्री प्रकाश वैष्णव, ग्राम विकास अधिकारी भंवरलाल डांगी, पटवारी नरेंद्र मीणा, एलडीसी जगदीश खटीक, पप्पल जोशी, पंकज मेहता, छवि प्रकाश सहित सभी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद थे। शिविर में ग्राम पंचायत में बंद पड़े रास्तों का निरीक्षण किया गया एवम वंदे गंगा जल कलश, पौधारोपण कार्यक्रम, पट्टा वितरण, पत्थर गढ़ी सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य हुए।

दैनिक भास्कर उदयपुर 02-07-2025



**बाठेड़ा और खरसाण में शिविर** • दोनों बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी का निधन, नामलेवा भी कोई नहीं

# अंत्योदय का संबल

## योजनाओं के दायरे से बाहर थे बेसहारा भाई-बहन, अफसरों ने जनसहयोग से दिलाई 76 हजार की मदद

भास्कर न्यूज़ | उदयपुर/वल्लभनगर

बाठेड़ा खुर्द और खरसाण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत बहुद्देशीय जनसेवा शिविर लगा। इसमें 14 साल के भाई-बहन गणेशलाल भाट और यमुना भाट को 76 हजार 500 रुपये की नकद सहायता दी गई। राशि उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी. पाटीदार और विकास अधिकारी सुनील चौहान ने जनसहयोग से जुटाई। दोनों बच्चों के माता-पिता और दादा-दादी का निधन हो चुका है। न परिवार में कोई है, न दोनों के पास रहने के लिए छत ही है।

पाटीदार ने जांच की तो पता चला कि इन्हें किसी सरकारी योजना से लाभ नहीं मिल सकता। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सहयोग मांगा। सभी ने मिलकर राशि एकत्र की। अब इस मदद से दोनों बच्चों को मकान की छत मिल सकेगी। जैसे ही उन्हें राशि मिली, दोनों बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि कभी नहीं सोचा था कि एक ही दिन में इतनी बड़ी राशि जनसहयोग से मिल जाएगी।

पाटीदार ने बताया कि वास्तव में यह बच्चे ही इस मदद के हकदार हैं। सभी के सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है। मकान निर्माण में ऐसे भामाशाह को लगाया गया है जो साथ रहकर निर्माण करवाएगा। ग्राम पंचायत भी बार-बार जाकर निरीक्षण करेगी। ग्राम विकास अधिकारी रंजीत सिंह को इस बारे में पाबंद किया गया है। बाठेड़ा खुर्द शिविर में राजस्व, चिकित्सा, सामाजिक न्याय, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जलदाय, रसद और बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों को नामांतरण, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना, पेंशन, पालनहार योजना और चिरंजीवी योजना का लाभ मिला। शिविर में उप प्रधान रोशन मेहता, सरपंच इंद्र कुंवर सारंगदेवोत, नायब तहसीलदार रूपेश कुमार मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी रंजीत सिंह, सरपंच प्रतिनिधि पदम सिंह सारंगदेवोत और पूर्व सरपंच मेघराज सोनी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सहयोग के लिए आभार जताया।



आर्थिक मदद के साथ अधिकारियों ने दोनों भाई बहन को आश्वस्त किया है कि जल्दी ही छत की व्यवस्था भी करवाएंगे।

## दो पीढ़ी से लंबित था बंटवारा, साफ हुई राह

सलूंबर | सेमारी तहसील की कुराड़िया पंचायत में अंत्योदय संबल शिविर कई किसानों के लिए वरदान साबित हुआ। करणपुरिया के खेमराज, खातुराम, मोडीराम, मोतीलाल, लिम्बाराम, गोमा, दोलीबाई, गोमा की पत्नी, गौतमलाल, जगदीश, बालीराम, शांतिलाल, अमृतलाल और नंगजी मीणा ने दो पीढ़ियों से लंबित खातेदारी भूमि के बंटवारे की सहमति दी।

इन सभी किसानों की 15 बीघा कृषि भूमि खाता संख्या 61, खसरा संख्या 27 में दर्ज थी। यह भूमि दो पीढ़ियों से साझा खाते में चल रही थी। आपसी सहमति नहीं बनने से बंटवारा नहीं हो पा रहा था। शिविर में उपखंड अधिकारी निलेश कलाल के समक्ष सभी सहखातेदार उपस्थित हुए। उन्होंने आपसी सहमति से बंटवारा कर रिकॉर्ड में अलग-अलग खाते दर्ज करने का निवेदन किया।

एसडीओ के निर्देश पर भू-अभिलेख निरीक्षक दिलीपसिंह मीणा और पटवारी अशोक कुमार मीणा ने मौके पर जाकर कब्जे और काश्त के अनुसार बंटवारे की फेहरिस्त तैयार की। इसके बाद सभी किसान तहसीलदार डूंगरलाल प्रजापत के समक्ष पेश हुए और फेहरिस्त के अनुसार जमीन अलग-अलग खाते दर्ज करने की सहमति दी। तहसीलदार सेमारी ने तुरंत बंटवारे का आदेश जारी किया।

# शिविर में किशन को मिला हक, मनाया बेटियों का जन्मोत्सव, गर्भवती माताओं की गोद भराई

## पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में उमड़ रहे लोग, संबल पाकर खिल रहे चेहरे



उदयपुर। बड़गांव ब्लॉक के वरड़ा में आयोजित शिविर में कृषक को उसकी भूमि का मालिकाना हक प्रदान कर जमाबंदी की नकल सौंपते हुए।

**उदयपुर (प्रात:काल संवाददाता)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए राहत की सौगात लेकर आया है। अभियान के तहत शिविरा में विभागों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया।

इसके अलावा शिविर स्थलों पर पूरे उत्साह के साथ बेटियों का जन्मोत्सव भी मनाया और गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म निभाते हुए उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराई। बड़गांव पंचायत समिति की ग्राम पंचायत वरड़ा में आयोजित शिविर में एक लंबे समय से लंबित भूमि विवाद का समाधान कर पीड़ित काश्तकार को राहत दी गई। मंगलवार को लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गिर्वा क्षेत्र के नयाखेड़ा में आयोजित शिविर में शिरकत की। इस दौरान सांसद डॉ रावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण के प्रति सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंच कर योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

पत्रिका

### जिलेभर में लगे दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत शिविर, लोगों की समस्याओं का निस्तारण

# आमजन को मिली राहत तो चेहरे पर आई मुस्कान


@सराड़ा


@खेरवाड़ा


@बाठरड़ा खुर्द


@झाडोल


@खरसाण


@खेरोदा


@ घासा


@ जयसमंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सराड़ा.** ग्राम पंचायत मुख्यालय सुरखंड का खेड़ा और निंबोदा में राज्य सरकार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगा। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शिविर में अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। एसडीएम निलेश कलाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। बीपीएल परिवारों को वंचित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए परिवारों का नामांकन किया। आबादी भूमि आवासीय पट्टे वितरण किए गए, हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधे रोपे। खाद्य सुरक्षा के पेंडिंग आवेदन का निस्तारण किया, पेंशन के सत्यापन से वंचित लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। राजस्व विभाग द्वारा बंटवारे के सीमा ज्ञान, नामांतरण खोले गए। विद्युत विभाग के द्वारा बिजली पोल संबंधी प्रकरण परिवाद निस्तारण किए, जलदाय विभाग द्वारा लंबित कनेक्शन, पानी की टंकी सफाई, कृषि विभाग द्वारा मृदा नमूने लिए और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किए। इस दौरान तहसीलदार आस्था रानी बामनिया, सेमारी तहसीलदार डुंगरलाल प्रजापत, सराड़ा विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह चुंडावत, सेमारी विकास अधिकारी रिपुसूदन, सरपंच मांगीलाल मीणा, ग्राम सरपंच ललिता देवी मीणा, पटवारी गजेंद्र मीणा, देवेंद्र प्रताप शक्तावत, ग्राम विकास अधिकारी आदि रहे।

**बाठरड़ा खुर्द.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में राजस्व चिकित्सा, सामाजिक न्याय, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, जलदाय, रसद एवं बिजली विभाग के अधिकारी एवं कार्मिकों ने सेवाएं दी। ग्रामीणों ने नामांतरण, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण पत्र, उज्ज्वला योजना, पेंशन, पालनहार योजना, के लाभ दिलाए। अनाथ भाई-बहन गणेशलाल भाट एवं यमुना भाट को एसडीएम एवं विकास अधिकारी ने जनसहयोग कर करीब नब्बे हजार रुपए दिए। जिससे उनका मकान बनाया जा सके। भाजपा नेता मेघराज सोनी ने शिविर में भीड़ नहीं होने के कारण खेद जताया।

**खरसाण.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर खरसाण ग्राम पंचायत में लगा। उपखंड अधिकारी सुरेंद्र बी पाटीदार, विकास अधिकारी सुनील चौहान, सहायक विकास अधिकारी मोहनलाल गवारिया, सरपंच लक्ष्मीबाई, कृषि पर्यवेक्षक गिरधारी जाखड़, ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमावत, प्रभुलाल यादव, पशुपालन विभाग के कैलाश मेनारिया, जसराज मेघवाल सहित विभागों के अधिकारी-कार्मिक रहे। ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र से ट्रांसफार्मर को हटाने, गौरव पथ के दोनों तरफ से झाड़ियां हटाने, पशुओं के टीकाकरण करने, गांव के नक्शे में दर्ज मुख्य रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। जिस पर शिविर प्रभारियों ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**कालीभीत.** ग्राम पंचायत ओल्हरा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत एक दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर प्रशासक कमलचंद मीणा की अध्यक्षता में किया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर की शुरुआत पांच पेड़ लगाकर की। सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। शिविर में सीमा ज्ञान निस्तारण, पत्थर गढ़ी निस्तारण, नामांतरण, सहमति बंटवारा, बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, पेंशनर सत्यापन, आयुष्मान कार्ड, ई-केवाईसी आदि कार्य हुए। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी हर्षवर्धन सिंह, पंचायती राज विभाग से ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल मेनारिया, डाटा ऑपरेटर नन्दलाल मीणा, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अविनाश सहित विभागों के कर्मचारी और ग्रामीण रहे।

**जयसमंद.** पंचायत समिति के केवड़ा खुर्द ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, विकास अधिकारी दयाचंद यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जोशी तथा सरपंच दमली बाई मीणा, प्रधानाचार्य चेतना पंवार, संगीता वैष्णव की उपस्थिति में हुआ। शिविर में 26 मृदा कार्ड, 38 पेंशन सत्यापन, 13 विद्युत पोल की मरम्मत, 7 नवीन पेंशन स्वीकृति, 8 बीपीएल खातों के सत्यापन, 22 नामांतरण, एक बंटवारा सहित कई समस्याओं का निराकरण किया गया। ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार मीणा, केशुलाल मीणा, पटवारी मोहन मीणा, कनिष्ठ सहायक शांता मीणा, दीपिका प्रतिहार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**खेरवाड़ा.** उपखंड क्षेत्र के बावपुर और कारछा कला पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगे। भाजपा नेता नानालाल अहारी ने कहा कि अंत्योदय संबल शिविर में सरकार की योजनाओं का लाभ हर ग्रामीण तक पहुंचे। शिविर में ग्रामीणों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टे वितरित किए। वहीं कइयों की पेंशन भी शुरू की। उपखंड अधिकारी सत्यनारायण बिश्नोई, तहसीलदार रेवतराम, विकास अधिकारी मदन लोहार, अमृतलाल डामोर, पारस जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत मेहता, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे।

**खेरोदा.** अमरपुरा खालसा में शिविर लगा। ग्रामीणों ने बिजली, आवास, रसद विभाग कि समस्या लिखवाई एवं मौके पर पट्टे व स्कूली पुस्तकें भी वितरित की। शिविर में भीण्डर एसडीएम रमेश चन्द्र ढंढेरिया, तहसीलदार सतीश चन्द्र पाटीदार, खेरोदा उप तहसीलदार सूर्य प्रकाश गाना, ऊर्जा विभाग, वन विभाग, रसद विभाग, कृषि विभाग सहित विभागों के अधिकारी कार्मिक रहे।

## रास्ते के 5 मामलों का समाधान

**झाडोल.** ग्राम पंचायत आमलिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्मिक रहे। पंचायती राज विभाग की ओर से 5 पेंशन स्वीकृत की, ई केवाईसी से वंचित 35 लाभार्थियों का सत्यापन मौके पर किया। हरियालो राजस्थान के तहत 500 पौधे रोपे। शिविर में 30 जाति प्रमाण-पत्र, 30 मूल निवास प्रमाण-पत्र, 10 जन्म प्रमाण-पत्र एवं 5 मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 7 लाभार्थी एवं पोषण ट्रैकर एफआरसी, ई-केवाईसी 5 लाभार्थियों की हुई। मृदा नमूनों के संग्रह 30 एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड 19 वितरित किए। विद्युत विभाग द्वारा 2 बिजली के झूलते तारों को सही करवाया। वन विभाग की ओर से 3625 पौधों का वितरण किया। मेडिकल एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 मलेरिया व 25 मधुमेह की जांच की। पशुपालन विभाग की ओर से 60 गलघोंटू टीकाकरण एवं साथ लंगड़ा बुखार टीकाकरण किए। राजस्व विभाग ने 10 सीमा ज्ञान के प्रकरण निस्तारित किए। 16 नामांतरण, रास्ते के 5, आपसी बंटवारे 2 प्रकरण निस्तारित किए। शिविर प्रभारी डॉ. रमेशचन्द्र वढेरा-तहसीलदार फलासिया, रोशनलाल गमार-प्रशासक, प्रकाशचंद्र पील-अतिरिक्त विकास अधिकारी, बीडीओ हेमंत पालीवाल, हाकरचंद डूंगरी सहित अधिकारी व कार्मिक रहे।

इधर, ग्राम पंचायत गोराणा में भी शिविर लगा। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आइएएस सृष्टि डबास, एसडीएम कपिल कोठारी, जितेंद्रसिंह राजावत, सुरेशचंद्र नाहर आदि रहे।

## 35 साल पुरानी विरासत का निस्तारण

**घासा.** ग्राम पंचायत रख्यावल के कातली मगरी क्षेत्र निवासी मोहनलाल पुत्र मानाराम डांगी की वर्षों पुरानी विरासत संबंधी समस्या का समाधान पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कैंप में हुआ। बताया कि उनके दादा उदा पुत्र बाला डांगी का निधन एक जनवरी 1990 को हो गया था, लेकिन इतने वर्षों में उनकी संपत्ति की विरासत का काम नहीं हो पाया था। मंगलवार को शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच कर 35 साल पुरानी विरासत को हाथोंहाथ खोलते हुए नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की। मोहनलाल को नकल सौंपी। इस दौरान एसडीएम रमेश सीरवी ने शिविर का अवलोकन किया और जानकारी दी। कृष्ण गोपाल पालीवाल, शैलेंद्र खींची, नंदलाल जोशी आदि मौजूद रहे।

02/07/2025 | Udaipur Zila | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# रास्ते के 5 मामलों का समाधान

**झाड़ोल.** ग्राम पंचायत आमलिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कार्मिक रहे। पंचायती राज विभाग की ओर से 5 पेंशन स्वीकृत की, ई केवाईसी से वंचित 35 लाभार्थियों का सत्यापन मौके पर किया। हरियालो राजस्थान के तहत 500 पौधे रोपे। शिविर में 30 जाति प्रमाण-पत्र, 30 मूल निवास प्रमाण-पत्र, 10 जन्म प्रमाण-पत्र एवं 5 मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी किए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 7 लाभार्थी एवं पोषण ट्रैकर एफआरसी, ई-केवाईसी 5 लाभार्थियों की हुई। मृदा नमूनों के संग्रह 30 एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड 19 वितरित किए। विद्युत विभाग द्वारा 2 बिजली के झूलते तारों को सही करवाया। वन विभाग की ओर से 3625 पौधों का वितरण किया। मेडिकल एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 मलेरिया व 25 मधुमेह की जांच की। पशुपालन विभाग की ओर से 60 गलगोटू टीकाकरण एवं साथ लंगड़ा बुखार टीकाकरण किए। राजस्व विभाग ने 10 सीमा ज्ञान के प्रकरण निस्तारित किए। 16 नामांतरण, रास्ते के 5, आपसी बंटवारे 2 प्रकरण निस्तारित किए। शिविर प्रभारी डॉ. रमेशचंद्र वडेरा-तहसीलदार फलासिया, रोशनलाल गमार-प्रशासक, प्रकाशचंद्र भील-अतिरिक्त विकास अधिकारी, वीडीओ हेमंत पालीवाल, हाकरचंद डूंगरी सहित अधिकारी व कार्मिक रहे।

इधर, ग्राम पंचायत गोराणा में भी शिविर लगा। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आइएएस सृष्टि डबास, एसडीएम कपिल कोठारी, जितेंद्रसिंह राजावत, सुरेशचंद्र नाहर आदि रहे।

02/07/2025 | Udaipur Zila | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

पत्रिका

# 35 साल पुरानी विरासत का निस्तारण

घासा. ग्राम पंचायत रख्यावल के काली मगरी क्षेत्र निवासी मोहनलाल पुत्र मानाराम डांगी की वर्षो पुरानी विरासत संबंधी समस्या का समाधान पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत कैंप में हुआ। बताया कि उनके दादा उदा पुत्र वाला डांगी का निधन एक जनवरी 1990 को हो गया था, लेकिन इतने वर्षो में उनकी संपत्ति की विरासत का काम नहीं हो पाया था। मंगलवार को शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच कर 35 साल पुरानी विरासत को हाथोंहाथ खोलते हुए नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की। मोहनलाल को नकल सौंपी।इस दौरान एसडीएम रमेश सीरवी ने शिविर का अवलोकन किया और जानकारी दी। कृष्ण गोपाल पालीवाल, शैलेंद्र खींची, नंदलाल जोशी आदि मौजूद रहे।

02/07/2025 | Udaipur Zila | Page : 6
Source : https://epaper.patrika.com/

# दैनिक नवज्योति

udaipur city - 02 Jul 2025 - Page 7


# मनाया बेटियों का जन्मोत्सव, गर्भवती माताओं की हुई गोद भराई



## पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित हो रहे शिविरों में आमजन की समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण होने से बड़ी राहत मिल रही है। शिविर में बेटियों का जन्मदिन मनाया गया तथा गर्भवती महिलाओं के गोद भराई की रस्म निभाई गई। बड़गांव पंचायत समिति की ग्राम पंचायत वरड़ा में आयोजित शिविर में एक लंबे समय से लंबित भूमि विवाद का समाधान कर पीड़ित काश्तकार को राहत दी गई। राजस्व ग्राम वरड़ा के निवासी किशन सिंह पुत्र नाहर सिंह राजपूत ने वर्ष 1997 में एक कृषि भूमि क्रय की थी, लेकिन प्रशासनिक त्रुटि के चलते उक्त भूमि किसी अन्य किशन सिंह के वारिसों के नाम दर्ज हो गई थी। यह मामला करीब 28 वर्षों से लंबित चला आ रहा था। शिविर में उपखंड अधिकारी निरमा विश्नोई के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, भू-अभिलेख निरीक्षक गणतप शर्मा, तथा पटवारी काव्या टांक द्वारा काश्तकार को मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं वर्तमान खातेदारों से सहमति प्राप्त कर मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला गया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी**
**उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए)**

क्रमांक : [illegible] दि.: [illegible]

**लोक सूचना**

श्री MANOHAR SALVI पुत्र श्री PANNA LAL JI SALVI जाति SALVI निवासी PREM NAGAR COLONY, BEHIND PANCHAYAT SAMITI, BAGDOAN TEHSIL GIRWA, UDAIPUR [illegible]

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | MANOHAR SALVI | 4201 | 349 | 0.0349 |
| | | | | कुल | 0.0345 |

[illegible] 90-A For Development Authority (UDH) [illegible]

प्राधिकृत अधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए)

DNU 359319

दैनिक नवज्योति
aas pas - 02 Jul 2025 - Page 8

# शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



लाभार्थी को प्रमाण पत्र सौंपते हुए

**नवज्योति/खेरवाड़ा,** उपखंड क्षेत्र के बागपुर एवं कारछा कला पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविरों का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक नानालाल अहारी ने कहा कि अंत्योदय संबल शिविर में ग्रामीणों के कार्य तत्परता व कर्तव्य निष्ठा से अधिकारी व कर्मचारियों को पूर्ण करना चाहिए साथ ही शिविर में ग्रामीणों को हर विभाग की ओर से चलाई जा रही योजना व कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान कर, इसका अधिक से अधिक लाभ ग्रामीण जनता को पहुंचे। शिविर में ग्रामीणों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। जिन ग्रामीणों की पेंशन बंद हो गई थी उन्हें पुनः पेंशन शुरू की गई तथा जमीनों के बंटवारे, नामांतरण आदि के कार्य भी संपन्न हुए। चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। शिविर में एसडीएम सत्यनारायण विश्नोई, पूर्व प्रधान अमृतलाल डामोर ,समाजसेवी पारस जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत मेहता, तहसीलदार रेवत राम ,विकास अधिकारी मदन लोहार सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर के अंत में पौधरोपण किया गया तथा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। शिविर में बागपुर सरपंच सुकिरता देवी, उप प्रधान अमृतलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दैनिक नवज्योति

aas pas - 02 Jul 2025 - Page 8


करके प्रेमिका को बुलाया और हत्या कर दी।

## वृद्ध की पेंशन का घर जाकर सत्यापन

नवज्योति/खेरवाड़ा। पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़े के तहत पंचायत समिति खेरवाड़ा के खांडी ओबरी ग्राम पंचायत पर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में समाज कल्याण विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पेंशनर्स का मोबाइल ऐप द्वारा पेंशन सत्यापन किया गया। स्थानीय ग्राम पंचायत के देवीलाल मीणा पुत्र नानाजी का पेंशन सत्यापन बाकी है और वे वृद्धावस्था दुर्बलता के कारण अपने बिस्तर से उठ नहीं सकते हैं, वे ई मित्र,पंचायत समिति व कैंप स्थल पर भी आने में असमर्थ है। इस प्रकरण का तुरंत संज्ञान लेते हुए विकास अधिकारी मदन लोहार के निर्देशन में शिविर कैंप प्रभारी सहायक विकासअधिकारी अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व समाज कल्याण विभाग के जूनियर अकाउंटेंट विशाल जोशी ने वार्ड पंच सुरेश मनात के साथ देवीलाल के घर जाकर उनका पेंशन सत्यापन तुरंत करवा कर उनका पेंशन का लाभ पुनः चालू करवाया गया।पंचायत सरपंच ने बताया कि शिविर में पेंशन सत्यापन ,शौचालय स्वीकृति, आयुष्मान भारत कार्ड आदि भी जारी किए गए। शिविर में ग्राम पंचायत क्षेत्र के लाभार्थियों सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।



मोबाइल ऐप से पेंशन सत्यापन करता कार्मिक

**दैनिक नवज्योति** aas pas - 02 Jul 2025 - Page 8

# अंत्योदय संबल शिविर: मौके पर हुआ कई प्रकरणों का निस्तारण






कालीभीत। परिवेदना लेते हुए अधिकारी।



फलासिया । शिविर में मडल अध्यक्ष का स्वागत करते हैं प्रशासक रोशन लाल गमार फोटो:पवन लोहार




**नवज्योति/जयसमंद।** पंचायत समिति जयसमंद के केवड़ा खुर्द ग्राम पंचायत में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत, जयसमंद पंचायत समिति विकास अधिकारी दयाचंद यादव, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र खटीक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जोशी, सरपंच दमली बाई मीणा, प्रधानाचार्य चेतना पंवार, संगीता वैष्णव की उपस्थिति में किया गया । शिविर में 26 मृदा कार्ड ,38 पेंशन सत्यापन, 13 विद्युत पोल की मरम्मत , 7 नवीन पेंशन स्वीकृति , 8 बीपीएल खातों के सत्यापन , 22 नामांतरण, 1 बटवारा, 14 सीमाज्ञान , 8 आपसी सहमति से बटवारा, 1 अप्रयुक्त विभागीय भवन, 5 रास्ता विवाद, 5 बीज किट, मृदा नमूना संग्रहण 51, रोगी पशुओं की चिकित्सा( बड़े पशु ) 169, रोगी पशुओं की चिकित्सा( छोटे पशु ) 331,विद्यालय प्रवेशोत्सव 5, विद्यालय परिसर में शौचालय की साफ-सफाई 14 आवेदनों का केम्प में निस्तारण हुआ। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार मीणा, केशुलाल मीणा, पटवारी मोहन मीणा, कनिष्ठ सहायक शांता मीणा, दीपिका प्रतिहार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे । इसी क्रम में ओड़ा ग्राम पंचायत में शिविर में 53 मृदा नमूना संग्रहन 18 मृदा कार्ड ,53 पेंशन सत्यापन, 8 विद्युत पोल की मरम्मत , 4 नवीन पेंशन स्वीकृति, 7 नामांतरण, 7 सीमाज्ञान , 1 आपसी सहमति से बटवारा आदि केम्प मे निस्तारण हुआ।

**नवज्योति/मावली।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के आदेश अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संभल पखवाड़े के तहत मावली उपखंड में वीरधोलिया एवं नरूंडा ग्राम पंचायत में शिविर लगाया गया। 24 जून से 9 जुलाई तक चल रहे हैं इस पखवाड़े में लंबित पत्थरगड़ी नामांतरण व सीमाज्ञान प्रकरणों पर निस्तारण, रास्तों के प्रकरण का निस्तारण एवं 10 हजार गांव के बीपीएल परिवारों का सर्वे एवं योजना से जोड़ना, स्वामित्व पत्ते बनाना एवं वितरण करना जिसमें पशु बीमा मुक्त राशन योजना से नए लाभार्थियों को जोड़ना आयुष्मान कार्ड वितरण करना जैसे कहीं सरकारी योजनाओं का आम जनता तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। उसी के तहत एसडीएम रमेश सीरवी एवं विकास अधिकारी शैलेंद्र खींची एवं जनप्रतिनिधि भाजपा मावली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने शिविर का निरीक्षण करते हुए। आमजन की समस्याओं को सुना एवं निस्तारण के लिए अधिकारियों का दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान आमजन अपनी समस्याओं से लाभान्वित हुए।

**नवज्योति/कालीभीत।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत ओवरा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत एक दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर प्रशासक कमलचंद मीणा की अध्यक्षता में किया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा ने बताया कि शिविर की शुरुआत पांच पेड़ लगाकर की एवं सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। शिविर में सीमा ज्ञान निस्तारण, पत्थर गढी निस्तारण, नामांतरण , सहमति बटवारा, बीपीएल परिवारों के बैंक सत्यापन, पेंशनर सत्यापन, आयुष्मान कार्ड, ई केवाईसी आदि कार्य हुए। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी हर्षवर्धन सिंह, पंचायती राज विभाग से ग्राम विकास अधिकारी हिरालाल मेनारिया, डाटा ऑपरेटर नन्दलाल मीणा,विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अविनाश सिंह सहित सभी विभागों के कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

**नवज्योति/फलासिया।** ग्राम पंचायत आमलिया एवं सोम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा 5 पेंशन स्वीकृत की गई एवं ई केवाईसी से वंचित 35 लाभार्थियों का सत्यापन मौके पर किया गया। साथ ही हरियालो राजस्थान अंतर्गत 500 पौधों का पौधा रोपण किया गया एवं 30 जाति प्रमाण पत्र 30 मूल निवास प्रमाण पत्र 10 जन्म प्रमाण पत्र एवं पांच मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 7 लाभार्थी एवं पोषण ट्रैकर ई केवाईसी 5 लाभार्थियों की की गई। वन विभाग द्वारा 3625 पौधों का वितरण किया गया एवं विभाग द्वारा इस वर्ष 20 हजार पौधे लगाए गए। मेडिकल एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 मलेरिया जांच एवं 25 मधुमेह की जांच की गई। शिविर में शिविर प्रभारी डॉक्टर रमेश चंद्र वडेरा तहसीलदार फलासिया, रोशन लाल गमार प्रशासक आमलिया मडल अध्यक्ष भोपाल सिंह शक्तावत, प्रकाश चंद्र भील अतिरिक्त विकास अधिकारी, हेमंत पालीवाल ग्राम विकास अधिकारी हाकर चंद डुंगरी भू अभिलेख निरीक्षक अल्पेश मीणा पटवारी, स्नेहा झालानी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## धोलीमगरी में अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

**नवज्योति/घासा।** क्षेत्र के धोलीमगरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगा। इसी के तहत धोली मगरी में शिविर में एसडीएम रमेश सिरवी पुनाडीया के समक्ष ग्राम वासियों द्वारा रास्ता भूमि पर कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर कच्चा/पक्का निर्माण किए जाने की शिकायत प्रस्तुत कर अतिक्रमण हटवाने का निवेदन किया । प्रस्तुत शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपखंड अधिकारी ने तहसीलदार नंदलाल जोशी को रास्ता भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देशन पर आर आई, पटवारी एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर मौके पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटवाया तथा पुनः अतिक्रमण नहीं किए जाने के लिए पाबंद किया। अतिक्रमण हटाने से ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर की तथा सरकार एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया ।

**नवज्योति/कूण।** उपखंड क्षेत्र लसाडिया की ग्राम पंचायत खलीचा के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शिविर प्रभारी तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, सीबीइओ सह प्रभारी फूलचन्द मीणा लसाडिया ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग में सीमाज्ञान 10,निस्तारण 11,शुद्धि पत्र 5,सहमति विभाजन 5, पंचायत राज विभाग में पैशन सत्यापन 18, बीपीएल खाता सत्यापन 46,परिवार की सर्वे 55, ई-केवाईसी 199,कृषि विभाग चिकित्सा विभाग मृदा स्वास्थ्य कार्ड 31,पशु विभाग के टीकाकरण 180, विधुत विभाग में पोल सही करवायें 2 जगह, जलदाय विभाग, जनजाति विभाग,सभी विभागों का हाथो हाथ निस्तारण किया गया।

दैनिक भास्कर उदयपुर जिला 02-07-2025

# अंत्योदय संबल शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



भास्कर न्यूज़ | खेरवाड़ा

उपखंड क्षेत्र की बागपुर और कारछा कला पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाए गए। शिविर में पूर्व विधायक नानालाल अहारी ने कहा कि शिविरों के माध्यम से आम जनता को राहत मिले, इसके लिए अधिकारी सजग रहें।

शिविर में ग्रामीणों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड और आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। जिन ग्रामीणों की पेंशन बंद हो गई थी, उन्हें दोबारा शुरू किया गया। जमीनों के बंटवारे और नामांतरण के कार्य भी पूरे किए गए।

शिविर में उपखंड अधिकारी सत्यनारायण विश्नोई, प्रधान अमृतलाल डामोर, समाजसेवी पारस जैन, अध्यक्ष हेमंत मेहता, तहसीलदार रेवतराम, विकास अधिकारी मदन लोहार, बागपुर सरपंच सुकिरता देवी, उप प्रधान अमृतलाल पटेल सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में पौधारोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

## आमलिया में लगा शिविर

भास्कर न्यूज़ | फलासिया

ग्राम पंचायत आमलिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 16 विभागों से संबंधित कार्य निपटाए गए। इस दौरान शिविर प्रभारी फलासिया तहसीलदार डॉ. रमेशचंद्र वडेरा, गमार प्रशासक रोशन लाल, अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र भील, ग्राम विकास अधिकारी हेमंत पालीवाल, भू अभिलेख निरीक्षक हकरचंद डूंगरी, पटवारी अल्पेश मीणा, चिकित्सा अधिकारी स्नेहा झालानी, महिला सुपरवाइजर मीरा लोहार, महिला अधिकारी कृष्णा मीणा, कनिष्ठ अभियंता एवीवीएनएल प्रकाश चंद्र, प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंघल, पशुपालन विभाग के संजय कुमार, वनरक्षक संजय राव, कनिष्ठ सहायक जीवतराम खराड़ी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई।

# पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के शिविरों में मनाया बेटियों का जन्मोत्सव, गर्भवती माताओं की गोद भराई

महानगर संवाददाता



**उदयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए राहत की सौगात लाया है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविरों में आमजन की समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण होने से बड़ी राहत मिल रही है।

मंगलवार को गिर्वा में पीपलवास, नयाखेड़ा, चौकड़िया, कुराबड़ में वल्लभ, दातीसर, बड़गांव में सरे व वरडा, मावली में मोरठ व खरताणा, घासा में रख्यावल व सांगवा, वल्लभनगर में खरसाण व बाठरडाखुर्द, भीण्डर में अमरापुरा खालसा व नांगलिया, गोगुन्दा में मोडी व सेमटाल, सायरा में पलासमा व घणावल, झाड़ोल में गेजवी, राणपुर व कितावतों का वास, फ्लासिया में नेवच व बिरोठी आदि स्थानों पर शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास, वन सहित सभी विभागों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। शिविर स्थलों पर उत्साह के साथ बेटियों का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है।

गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म निभाते हुए उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। शिविरों में जनप्रतिनिधियों की ओर से भी लगातार सहभागिता की जा रही है। मंगलवार को लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गिर्वा क्षेत्र के नयाखेड़ा शिविर में शिरकत की। सांसद डॉ रावत ने ग्रामीणों से कहा आमजन की समस्याओं के निस्तारण के प्रति सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंच कर योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

पं दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# वरड़ा में 28 वर्ष बाद किशन सिंह को मिला भूमि का मालिकाना हक

## शिविरों में उमड़ रहे लोग, संबल पाकर खिल रहे चेहरे



उदयपुर (पुकार)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के लिए राहत की सौगात लेकर आया है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित हो रहे शिविरों में आमजन की समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण होने से बड़ी राहत मिल रही है। इससे आमजन का सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसी के परिणामस्वरूप दिन-प्रतिदिन शिविरों में लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

अभियान के तहत मंगलवार को गिर्वा में पीपलवास, नयाखेडा व चौकडिया, कुराबड़ में वल्लभ, दातीसर, बड़गांव में सरे व वरडा, मावली में मोरठ व खरताणा, घासा में रख्यावल व सांगवा, वल्लभनगर में खरसाण व बाठरडाखूर्द, भीण्डर में अमरापुरा खालसा व नांगलिया, गोगुन्दा में मोडी व सेमटाल, सायरा में पलासमा व घणावल, झाडोल में गेजवी, राणपुर व कितावतो का वास, फलासिया में नेवच व बिरोठी, खेरवाड़ा में कारछाकला व वागपुर, नयागांव में खैडाघाटी व चितोडा तथा कोटड़ा में जुनापादर, दाडमिया, जुडा, कउचा व डिंगावरी कला में शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, पंचायतीराज, ग्रामीण विकास, वन सहित सभी विभागों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। इसके अलावा शिविर स्थलों पर पूरे उत्साह के साथ बेटियों का जन्मोत्सव भी मनाया जा रहा है। वहीं गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म निभाते हुए उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। शिविरों में उत्सवी माहौल बना हुआ है।

### मिला भूमि का मालिकाना हक

बड़गांव पंचायत समिति की ग्राम पंचायत वरड़ा में आयोजित शिविर में एक लंबे समय से लंबित भूमि विवाद का समाधान कर पीड़ित काश्तकार को राहत दी गई। राजस्व ग्राम वरड़ा के निवासी किशन सिंह पुत्र नाहर सिंह राजपूत ने वर्ष 1997 में एक कृषि भूमि क्रय की थी, लेकिन प्रशासनिक त्रुटि के चलते उक्त भूमि किसी अन्य किशन सिंह के वारिसों के नाम दर्ज हो गई थी। यह मामला करीब 28 वर्षों से लंबित चला आ रहा था। शिविर में उपखंड अधिकारी निरमा विश्नोई के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, भू-अभिलेख निरीक्षक गणतप शर्मा, तथा पटवारी काव्या टांक द्वारा काश्तकार को मार्गदर्शन प्रदान किया गया एवं वर्तमान खातेदारों से सहमति प्राप्त कर मामले का शांतिपूर्ण समाधान निकाला गया। सहमति पत्र मिलते ही संबंधित भूमि को पुनः मूल खातेदार श्री किशन सिंह के नाम दर्ज करते हुए मौके पर ही जमाबंदी की नकल उन्हें सौंपी गई। इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित काश्तकार को वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिली और विभागीय कार्यप्रणाली की भी सराहना हुई। शिविर में राजस्व टीम की तत्परता और संवेदनशीलता ने वर्षों पुराने विवाद को समाप्त कर शासन-प्रशासन की जनकल्याणकारी सोच को मजबूत किया।

### सांसद-विधायक पहुंचे शिविर में

अभियान के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में जनप्रतिनिधियों की ओर से भी लगातार सहभागिता की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत और उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने गिर्वा क्षेत्र के नयाखेड़ा में आयोजित शिविर में शिरकत की। इस दौरान सांसद डॉ रावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण के प्रति सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंच कर योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

### आज यहां होंगे शिविर

बुधवार को गिर्वा ब्लॉक के कालीवास व डाकनकोटडा, कुराबड़ के लालपुरा व गुडली, बड़गांव के भूताला व कविता, मावली में आमली, खेमपुर व डबोक, घासा में नांदवेल, वल्लभनगर में मेनार व रूण्डेडा, भीण्डर में कुण्डई व सिहाड, गोगुन्दा में ओबराकला, दादिया व मजावडी, सायरा में भानपुरा व दियाण, झाड़ोल में गोरण, बाघपुरा व माणस, फलासिया में आजरोली खास व गुराड, खेरवाड़ा में लराठी व सुवेरी, नयागांव में थाणा व भोमटावाडा, ऋषभदेव में गडावण, सागवाडा व घोडी तथा कोटड़ा ब्लॉक में जोगीवड, बिलवन, लाम्बाहल्दू व पाथरपाडी में शिविर आयोजित होंगे।

# ग्राम पंचायत पचलंगी में अंत्योदय पखवाड़ा शिविर के तहत राजस्व विभाग ने मौके पर किया खाता विभाजन, वृद्ध खातेदारों ने जताई प्रसन्नता

जयपुर गुलाबी टाइम्स

**झुंझुनूं, ( विद्याधर आजाद )** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत पचलंगी में आयोजित शिविर में राजस्व विभाग की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए मौके पर ही दो खातेदारों का आपसी सहमति से खाता विभाजन किया। शिविर में राजस्व ग्राम झड़ाया नगर निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र बीरबलराम यादव व रामोतार दत्तक पुत्र नारायण का खाता विभाजन उपखण्ड अधिकारी सुमन सोनल के नेतृत्व में किया गया। इस कार्य में गुढ़ा नायब तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, पापड़ा कला भू-अभिलेख निरीक्षक जगदीश प्रसाद शर्मा, पचलंगी पटवारी विकास कुमार,जोधपुरा पटवारी महावीर प्रसाद शर्मा व बागोली पटवारी देवराज मीणा की सक्रिय भागीदारी रही।

उल्लेखनीय है कि दोनों खातेदार वृद्धावस्था के कारण तहसील कार्यालय तक आने में असमर्थ थे, ऐसे में प्रशासन ने पंचायत स्तर पर पहुँचकर मौके पर दस्तावेज तैयार किए और खाता विभाजन की प्रक्रिया पूर्ण की।

इस पहल से लाभान्वित खातेदारों ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत देने के लिए चलाया गया यह पखवाड़ा वास्तव में अत्यंत लाभकारी और संवेदनशील योजना है।

मौके पर ही खाता विभाजन होने से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि प्रशासनिक सेवाओं की सुलभता का भी अनुभव हुआ।

राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल से ग्रामीणों को उनके द्वार पर राजस्व सेवाएं मिल रही हैं, जो सुलभ प्रशासन - संवेदनशील शासन की भावना को साकार कर रही हैं।

बिल आ सकता है। विरोध सभा शेखावत, कैलाश नागवान, शेखावत, रमेश सोनी मौजूद थे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर

# खानपुर में आयोजित शिविर में भूमि रिकॉर्ड में गलत प्रविष्टियों में हुआ तुरंत सुधार



**खानपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा 2025 के ग्राम पंचायत खानपुर में आयोजित संबल शिविर में ग्रामीणों को कई समस्याओं से मौके पर ही राहत प्रदान की गई। तहसीलदार ने बताया कि शिविर में आए विनोद कुमार पुत्र बनवारीलाल तथा शीशराम पुत्र रामकुमार, निवासी महराणा (अपने खारा), की भूमि खातेदारी में दोहरी प्रविष्टि दर्ज होने के कारण उन्हें लंबे समय से कठिनाई हो रही थी। उनके प्रकरण की हल्का पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षक से मौके पर रिपोर्ट प्राप्त कर संग्रहण रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का एकीकरण एवं शुद्धिकरण कर, खातेदारी को स्पष्ट किया गया, जिससे प्रार्थियों को भूमि स्वामित्व से संबंधित राहत तत्काल प्राप्त हुई। इसी प्रकार, ग्राम सातड़िया से पधारे राजीवराम पुत्र बांकाराम, जिनकी भूमि प्रविष्टि में जाति जाट के स्थान पर अहीर (मादक) दर्ज हो गई थी, उन्हें भी वर्षों से सरकारी योजनाओं में लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिविर में उपस्थित हल्का पटवारी एवं अतिरिक्त भू-अभिलेख निरीक्षक द्वारा मौके पर रिकार्ड परीक्षण कर जाति प्रविष्टि का त्वरित शुद्धिकरण किया गया, जिससे उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र और योजनाओं में राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

शिविर के दौरान 4 नामांतरण प्रकरण दर्ज किए गए, वहीं 1 सहमति खाता विभाजन तैयार कर पृथक खातेदारी की गई। सीमाज्ञान के 8 ऑनलाइन प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। साथ ही, 2 अवरुद्ध रास्तों को खुलवाकर आमजन को राहत पहुंचाई गई।

# पैंतीस साल बाद हुआ खाता विभाजन, मदन सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

***बीकानेर ( नि.सं. )।*** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर, ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने वर्षों से लंबित कार्यों के संपादन के लिए अब कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। उनकी परसों पुरानी समस्याओं का समाधान घर बैठे हो रहा है। ऐसा ही दृश्य मंगलवार को पलाना में आयोजित शिविर के दौरान देखने को मिला। जब मदन सिंह और रुगाराम कड़वासरा पुत्र लादूराम शिविर स्थल पर पहुंचे और 35 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान देखते ही देखते करवाया। मदन सिंह ने बताया कि उनके खेत के खाते का विभाजन 35 वर्षों से लंबित था। जानकारी तथा दस्तावेजों के अभाव में यह कार्य नहीं हो रहा था, लेकिन मंगलवार को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगा तो यह उनके लिए वरदान साबित हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राथमिकता से साथ 42 बीघा भूमि का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर करवा दिया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंप लगाने चाहिए, जो कि ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार आसाराम, गणेशाराम, बाबूलाल और हरिराम पुत्र खैराज जाट के खेत का आपसी सहमति के आधार पर देखते ही देखते बटवारा हो गया। गणेशाराम ने बताया कि उन्हें इस काम के लिए कहीं भी जाने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे आवश्यक समय, धन और ऊर्जा का की बचत हुई। उन्होंने सरकार के इस काम को बेहद लाभदायक बताया और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर



कासयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** भजनलाल शर्मा की पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर, ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने वर्षों से लंबित कार्यों के संपादन के लिए अब कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। उनकी परसों पुरानी समस्याओं का समाधान घर बैठे हो रहा है। ऐसा ही दृश्य मंगलवार को पलाना में आयोजित शिविर के दौरान देखने को मिला। जब मदन सिंह और रुगाराम कड़वासरा पुत्र लादूराम शिविर स्थल पर पहुंचे और 35 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान देखते ही देखते करवाया। मदन सिंह ने बताया कि उनके खेत के खाते का विभाजन 35 वर्षों से लंबित था। जानकारी तथा दस्तावेजों के अभाव में यह कार्य नहीं हो रहा था, लेकिन मंगलवार को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगा तो यह उनके लिए वरदान साबित हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राथमिकता से साथ 42 बीघा भूमि का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर करवा दिया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंप लगाने चाहिए, जो कि ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार आसाराम, गणेशाराम, बाबूलाल और हरिराम पुत्र खैराज जाट के खेत का आपसी सहमति के आधार पर देखते ही देखते बटवारा हो गया। गणेशाराम ने बताया कि उन्हें इस काम के लिए कहीं भी जाने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे आवश्यक समय, धन और ऊर्जा का की बचत हुई। उन्होंने सरकार के इस काम को बेहद लाभदायक बताया और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## तत्काल हुआ समस्या का समाधान

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को उड़सर गांव में आयोजित शिविर रिड़मलसिंह के लिए राहत लाया। विद्युत पोल से जुड़ी उसकी समस्या का समाधान तत्काल हो गया तो उसने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।रिड़मलसिंह पुत्र फूससिंह ने शिविर में पहुंचकर आवेदन किया और अपने खेत में 11 केवी लाइन के तार नीचे होने के कारण खेत में दो अंडरलाइन पोल लगवाने का आवेदन किया। शिविर प्रभारी तहसीलदार कृष्णपाल सिंह ने इसकी जांच करवाई तो समस्या सही पाई गई। उन्होंने अंडरग्राउंड पोल लगाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग ने प्रकरण को गंभीरता से लिया और सहायक अभियंता जसरासर की भंडार शाखा से दो करवाए और शिविर के दौरान ही अंडरलाइन पोल लगवाकर तार सही करवा दिए।

## आमजन के हो रहे अनेक कार्य

शिविर के दौरान वन विभाग की ओर से पौध वितरण तथा हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी और फव्वारा के स्वीकृति पत्र जारी करना, मृदा के संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लंबित नल कनेक्शन जारी करना और पानी की टंकियां की साफ-सफाई, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाना सहित अनेक कार्य मौके पर किए गए। नायब तहसीलदार रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही रही तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## आज यहां आयोजित होंगे शिविर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर के रायसर, सीथल, नौरंगदेसर व खारड़ा में, लूणकरणसर के ढूढीवाली, बामनवाली व सोढ़वाली में, श्रीडूंगरगढ़ के धनेरू, इन्दपालसर सांखलान व इन्दपालसर गुसांईसर में, कोलायत के खारिया मलीनाथ, नैणिया व लम्माणा भाटियान में, बज्जू के भूरासर व बरसलपुर में, पूगल के रामड़ा व नाड़ा में, छत्तरगढ़ के सत्तासर व मोतीगढ़ में, खाजूवाला के सियासर व गुल्लूवाली में, नोखा के डीगसरी, रातड़िया, बेरासर, उत्तमादेसर व लालमदेसर बड़ा ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# 35 साल बाद हुआ खाता विभाजन

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर, ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने वर्षों से लंबित कार्यों के संपादन के लिए अब कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। उनकी परसों पुरानी समस्याओं का समाधान घर बैठे हो रहा है।

मंगलवार को पलाना में आयोजित शिविर के दौरान देखने को मिला। जब मदन सिंह और रूगाराम कड़वासरा पुत्र लादूराम शिविर स्थल पर पहुंचे और 35 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान देखते ही देखते करवाया। मदन सिंह ने बताया कि उनके खेत के खाते का विभाजन 35 वर्षों से लंबित था। जानकारी तथा दस्तावेजों के अभाव में यह कार्य नहीं हो रहा था। मंगलवार को शिविर में अधिकारियों ने 42 बीघा भूमि का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर करवा दिया।

पत्रिका

आमजन को राहत

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित

# किसानों के लिए कारगर साबित हो रहे शिविर, मिल रहा खातेदारी का अधिकार

**बीकानेर @पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर किसानों सहित आम आदमी के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। शिविरों में वर्षों से लंबित खाता विभाजन सहित समस्या का मौके पर अधिकारियों की ओर से निस्तारण किया जा रहा हैं।

**छतरगढ़.** खारबारा ग्राम पंचायत में मंगलवार को आयोजित शिविर में दो परिवारों में आम सहमति बनने के बाद खाता विभाजन की प्रक्रिय एसडीएम पवन कुमार सुथार व तहसीलदार विवेक चौधरी ने करवा कर परिवार सदस्यों को हक की जमीन की खातेदारी सौंपी। शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति







में आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार दौलाराम बाजियां, समाजसेवी किशनलाल लोथियां, अनूपसिंह, राजेश मीणा, पटवारी रामकिशन बुड़िया, महेश वर्मा, सतनाम सिंह, बलकरण सिंह बराड़, रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

**सुरनाणा.** ग्राम पंचायत सहजरासर में आयोजित शिविर में




प्रभारी श्योप्रकाश ढाका ने जन हित कार्य करवाए। शिविर में पशुपालन विभाग से डॉ. रेखा लोहिया, रसद विभाग इंस्पेक्टर मनीष अवस्थी, विद्युत विभाग से कनिष्ट अभियंता अकरम अली, कृषि विभाग से श्रवण रोझ, पटवारी सुखदेव शर्मा, जलदाय विभाग से संजय धवल, ग्राम विकास अधिकारी ताराचंद कुम्हार आदि ने समस्याओं का निस्तारण करवाया। तहसीलदार विनोद पुनिया ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में सरपंच आसी देवी चौहान, नथीराम सिवर, बुधाराम चौहान, उप सरपंच पूरनाथ योगी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**जयसिंहदेसर मगरा.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत जयसिंह देसर मगरा मे शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं की निराकरण किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार पांचू एवं शिविर प्रभारी सुरेश डारा, विकास अधिकारी पांचू जसवंत बिश्नोई, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र खीचड़, उप सरपंच बंशीलाल भांभू, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश बेनीवाल मौजूद रहे।

02/07/2025 | Bikaner Zila | Page : 5
Source : https://epaper.patrika.com/

# पैंतीस साल बाद हुआ खाता विभाजन, मदन सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

## ›› ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे शिविर

बुलंद राजस्थान

बीकानेर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर, ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने वर्षों से लंबित कार्यों के संपादन के लिए अब कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। उनकी परसों पुरानी समस्याओं का समाधान घर बैठे हो रहा है। ऐसा ही दृश्य मंगलवार को पलाना में आयोजित शिविर के दौरान देखने को मिला। जब मदन सिंह और रुगाराम कड़वासरा पुत्र लादूराम शिविर स्थल पर पहुंचे और 35 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान देखते ही देखते करवाया। मदन सिंह ने बताया कि उनके खेत के खाते का विभाजन 35 वर्षों से लंबित था। जानकारी तथा दस्तावेजों के अभाव में यह कार्य नहीं हो रहा था, लेकिन मंगलवार को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगा तो यह उनके लिए वरदान साबित हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राथमिकता से साथ 42 बीघा भूमि का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर करवा दिया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंप लगाने चाहिए, जो कि ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार आसाराम, गणेशाराम, बाबूलाल और हरिराम पुत्र खैराज जाट के खेत का आपसी सहमति के आधार पर देखते ही देखते बटवारा हो गया। गणेशाराम ने बताया कि उन्हें इस काम के लिए कहीं भी जाने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे आवश्यक समय, धन और ऊर्जा का की बचत हुई। उन्होंने सरकार के इस काम को बेहद लाभदायक बताया और मुख्यमंत्री का आभार जताया।



### शिविर के दौरान हो रहे अनेक कार्य

शिविर के दौरान वन विभाग की ओर से पौध वितरण तथा हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी और फव्वारा के स्वीकृति पत्र जारी करना, मृदा के संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लंबित नल कनेक्शन जारी करना और पानी की टंकियां की साफ-सफाई, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाना सहित अनेक कार्य मौके पर किए गए। नायब तहसीलदार रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही रही तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# पैंतीस साल बाद हुआ खाता विभाजन, मदन सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

## ›› ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे शिविर

राजस्थानी चिराग रिपोर्टर

**बीकानेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर, ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने वर्षों से लंबित कार्यों के संपादन के लिए अब कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। उनकी परसों पुरानी समस्याओं का समाधान घर बैठे हो रहा है। ऐसा ही दृश्य मंगलवार को पलाना में आयोजित शिविर के दौरान देखने को मिला। जब मदन सिंह और रुगाराम कड़वासरा पुत्र लादूराम शिविर स्थल पर पहुंचे और 35 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान देखते ही देखते करवाया। मदन सिंह ने बताया कि उनके खेत के खाते का विभाजन 35 वर्षों से लंबित था। जानकारी तथा दस्तावेजों के अभाव में यह कार्य नहीं हो रहा था, लेकिन मंगलवार को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगा तो यह उनके लिए वरदान साबित हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राथमिकता से साथ 42 बीघा भूमि का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर करवा दिया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंप लगाने चाहिए, जो कि ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार आसाराम, गणेशाराम, बाबूलाल और हरिराम पुत्र खैराज जाट के खेत का आपसी सहमति के आधार पर देखते ही देखते बटवारा हो गया। गणेशाराम ने बताया कि उन्हें इस काम के लिए कहीं भी जाने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे आवश्यक समय, धन और ऊर्जा का की बचत हुई। उन्होंने सरकार के इस काम को बेहद लाभदायक बताया और मुख्यमंत्री का आभार जताया।



### शिविर के दौरान हो रहे अनेक कार्य

शिविर के दौरान वन विभाग की ओर से पौध वितरण तथा हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी और फव्वारा के स्वीकृति पत्र जारी करना, मृदा के संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लंबित नल कनेक्शन जारी करना और पानी की टंकियां की साफ-सफाई, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाना सहित अनेक कार्य मौके पर किए गए। नायब तहसीलदार रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही रही तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# पैंतीस साल बाद हुआ खाता विभाजन, मदन सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

बीकानेर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित हो रहे शिविर, ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों को अपने वर्षों से लंबित कार्यों के संपादन के लिए अब कहीं भी भटकने की जरूरत नहीं है। उनकी परसों पुरानी समस्याओं का समाधान घर बैठे हो रहा है। ऐसा ही दृश्य मंगलवार को पलाना में आयोजित शिविर के दौरान देखने को मिला। जब मदन सिंह और रुगाराम कड़वासरा पुत्र लादूराम शिविर स्थल पर पहुंचे और 35 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान देखते ही देखते करवाया। मदन सिंह ने बताया कि उनके खेत के खाते का विभाजन 35 वर्षों से लंबित था। जानकारी तथा दस्तावेजों के अभाव में यह कार्य नहीं हो रहा था, लेकिन मंगलवार को जब ग्राम पंचायत में शिविर लगा तो यह उनके लिए वरदान साबित हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राथमिकता से साथ 42 बीघा भूमि का विभाजन आपसी सहमति के आधार पर करवा दिया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर ऐसे कैंप लगाने चाहिए, जो कि ग्रामीणों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार आसाराम, गणेशाराम, बाबूलाल और हरिराम पुत्र खैराज जाट के खेत का आपसी सहमति के आधार पर देखते ही देखते बटवारा हो गया। गणेशाराम ने बताया कि उन्हें इस काम के लिए कहीं भी जाने की जरूरत नहीं पड़ी। इससे आवश्यक समय, धन और ऊर्जा का की बचत हुई। उन्होंने सरकार के इस काम को बेहद लाभदायक बताया और मुख्यमंत्री का आभार जताया।



**शिविर के दौरान हो रहे अनेक कार्य :** शिविर के दौरान वन विभाग की ओर से पौध वितरण तथा हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण, कृषि और उद्यानिकी विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी और फव्वारा के स्वीकृति पत्र जारी करना, मृदा के संग्रहण तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण करना, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा लंबित नल कनेक्शन जारी करना और पानी की टंकियां की साफ-सफाई, ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तारों को खिंचवाना सहित अनेक कार्य मौके पर किए गए। नायब तहसीलदार रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही रही तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, पहचान की एकरूपता, किसान को मिला अधिकार

जोग संजोग टाइम्स/बीकानेर।

नोखा के गाँव स्वरुपसर में किसान अमेदाराम, नैनूराम व पन्नाराम का नाम उनकी ज़मीन की जमाबंदी में दो बार दर्ज था। एक ही व्यक्ति के लिए दो प्रविष्ठियों से न केवल दस्तावेजों में भ्रम पैदा हुआ, बल्कि इन किसानों को सरकारी योजनाओं और ऋण सुविधाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ा। जानकारी के अभाव में किसानों को कुछ समय तक इन समस्या के बारे में पता नहीं चला। दरअसल, पूर्व में विरासतन नामांतरण दर्ज होने तथा उसके पश्चात विक्रयनामा का नामांतरण दर्ज होने से इन काश्तकारों के नाम की ऑनलाइन दोहरी प्रविष्टि हो गई थी। कुछ दिन पूर्व अमेदाराम, पटवारी के पास कृषि कार्य से संबंधित जमाबंदी की नकल लेने पहुंचे, तो पटवारी ने उन्हें समस्या के बारे में बताया। साथ ही आगामी दिनों में होने वाले शिविर के दौरान दस्तावेजों को त्रुटिविहीन बनाने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत स्वरूपसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में अमेदाराम अपने भाइयों के साथ पहुंचे और अधिकारियों को अपनी समस्या बताई। अधिकारियों ने उसके दस्तावेज़ों को पुराने रिकॉर्ड से मिलान किया। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उसके नाम को एक रूप में संशोधित कर दिया। काम होने पर किसानों को प्रशासन के प्रति भरोसा ओर मजबूत हुआ। किसानों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व रिकॉर्ड में पारदर्शिता एवं सुधार के कारण भूमि से संबंधित योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।? उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड में आवेदन किया जा सकता है। अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की मुश्किलों का हल शिविरों के माध्यम से तुरंत किया जा रहा है।

# खाता विभाजन कर परिवार को दी राहत



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फायदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधित भी कई वर्षों से लम्बित प्रकरणों का निष्पादन किया जा रहा है।

उपखण्ड घडसाना की ग्राम पंचायत 13 डीओएल में आयोजित शिविर के दौरान 11 डीओएलबी निवासी जगतार सिंह, जीत सिंह पिता अमर सिंह जाति मजहबी ने कृषि भूमि के खाता विभाजन का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। राजस्व अधिकारियों ने खाता विभाजन की आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृषि भूमि का खाता विभाजन किया। शिविर में खाता विभाजन का लाभ मिलने से जगतार सिंह व जीत सिंह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि खाता विभाजन नहीं होने से हम कृषि योजनाओं का व्यक्तिगत लाभ नहीं ले पाते थे। अब हम राजकीय, कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा

# जिले में आयोजित शिविरों में अब तक नामांतरण के 1489 प्रकरण निस्तारित

## 4620 को मिला आवासीय पट्टा

प्रशान्त ज्योति न्यूज

**श्रीगंगानगर।** माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से प्रदेश में जनकल्याण साकार हो रहा है। माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा जनकल्याण के लिये प्रारम्भ किये गये पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के दौरान आयोजित शिविरों में अनेकानेक ग्रामीणों को घर बैठे ही लाभ मिला है तथा उनकी लम्बित समस्याओं का समाधान हुआ है।

जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि आयोजित शिविरों में अब तक 1489 लम्बित नामांतरणों का निस्तारण, 196 सीमाज्ञान, 21 पत्थरगढ़ी के प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। इसी प्रकार 152 रास्तों के प्रकरणों, 199 आपसी सहमति से बंटवारे किये गये। इसी प्रकार 4620 परिवारों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आवासीय पट्टे जारी किये गये। मौके पर 3860 परिवारों को पट्टे वितरित किये गये। पर्यावरण की रक्षा के लिये वन विभाग द्वारा 15 लाख 60 हजार पौधे वितरित किये गये, वहीं पर 14165 पौधे लगाये गये।



उन्होंने बताया कि कृषि व उद्यान विभाग द्वारा किसानों के खेतों की मिट्टी के 3242 नमूने लिये गये तथा उनकी जांच कर 3037 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 262 ऑनलाइन आवेदन दिये जाकर 114 की स्वीकृतियां जारी की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा असत्यापित पेंशनर में से 402 नागरिकों का सत्यापन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी रोग के पहचान हेतु स्क्रीनिंग किये गये व्यक्तियों में से 199 को निक्षय पोषण किट वितरित किये गये। 684 गर्भवती महिलाओं की जांच, 524 बच्चों का टीकाकरण, शिविर में 13617 रोगियों की जांच की गई।

जिला कलक्टर ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा शिविरों के दौरान 5197 रोगी बड़े पशुओं की चिकित्सा, 13829 छोटे पशुओं, 14320 लम्पी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 2580 गलघोंटू टीकाकरण, 1600 लंगड़ा व खार टीकाकरण किया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित सुनवाई के 59 प्रकरणों में से 50 को राहत दी गई। खाला व आड़ के विवाद से संबंधित 26 प्रकरणों में से 16 निस्तारित किये गये। 11033 मीटर नहरी पट्डों की सफाई की गई। 18472 मीटर में नहरों से गाद निकालकर झाड़ियां हटाने का कार्य किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों में 1727 शौचालयों की सफाई करवाई गई। 357 मरम्मत के लिये चिन्हित किये गये एवं 75 की मरम्मत की गई। 688 विद्यालयों में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 69 लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया।

विद्युत विभाग द्वारा 169 झूलते तारों को ठीक किया गया। 90 विद्युत पोल को सही करवाया गया। 256 स्थानों पर तारों के संपर्क में आ रहे पेड़ों की छंगाई की गई। पंचायती राज विभाग द्वारा 31617 पौधे लगाये गये। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 58 चयनित बीपीएल परिवारों का बैंक खातों का सत्यापन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 199 परिवारों के आवेदन लिये गये, 397 प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन तैयार करवाये गये। 558 सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु आवेदन तथा 101 खाद्य सुरक्षा लाभ के लिये आवेदन लिये गये। रसद विभाग द्वारा 5574 की ई-केवाईसी की गई। जलदाय विभाग द्वारा 166 पेयजल के कनेक्शन, 109 जलाशयों की सफाई, 339 स्थानों पर पानी को अंतिम छोर तक पहुंचाने, 464 मीटर पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य किया गया।

दैनिक भास्कर करौली 02-07-2025

# गुबरेड़ा शिविर में पांच टीबी मरीजों को मिली पोषण किट



मासलपुर। निक्षय पोषण योजना में टीबी मरीजों को पोषण किट बांटी।

मासलपुर| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को गुबरेड़ा में शिविर लगाया गया। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रास्ता अतिक्रमण के चार मामलों का निस्तारण किया गया। पांच नामांतरण प्रकरण खोले गए। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी से पीड़ित पांच मरीजों को पोषण किट दी गई। यह किट पीरामल स्वास्थ्य फाउंडेशन की ओर से ब्लॉक समन्वयक खुशबू शर्मा ने वितरित की। उन्होंने बताया कि यह सुविधा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को दी जा रही है। कृषि विभाग की ओर से कृषि पर्यवेक्षक मनीष मीणा ने किसानों को . हेल्थ कार्ड बांटे। किसानों को कृषि योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 75 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। पशुपालन विभाग ने 100 पशुओं का टीकाकरण किया। 27 पशुपालकों को लाभ दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 7 प्रकरणों का निस्तारण किया। सामाजिक अधिकारिता विभाग ने 9 पेंशन प्रकरणों का समाधान किया। शिविर में पौधारोपण कार्यक्रम भी हुआ।

## मंडरायल : टीबी मरीजों के लिए नई पहल शुरू की

मंडरायल| उपखण्ड मंडरायल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के दौरान टीबी मरीजों के लिए नई पहल शुरू हुई। उपखण्ड अधिकारी कमल चंद शर्मा के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार शीश राम की काउंसलिंग से कई ग्रामीण निक्षय मित्र बने। ये निक्षय मित्र टीबी मरीजों को बीमारी से उबरने में मदद कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के सरपंच नीदर ने इस अभियान में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी पंचायत के 10 टीबी मरीजों को पोषण किट देने का निर्णय लिया। हर मरीज को 5 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 किलो चावल, 500 ग्राम सोयाबीन और 500 मिलीलीटर तेल मुफ्त दिया गया।

MY CITY
माय सिटी | 16 | राजस्थान पत्रिका
करौली, बुधवार, 02 जुलाई, 2025

[ कैलादेवी, गुढ़ाचंद्रजी ]

मुख्यमंत्री के 3 जुलाई को संभावित दौरे की तैयारियों का लिया जायजा, बैठक में कलक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# समन्वय से करें कार्य, हर पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीमहावीरजी.** कस्बे की ग्राम पंचायत अकबरपुर के सभागार में मंगलवार को जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने 3 जुलाई को होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संभावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिविर स्थल सभा स्थल सहित हेलीपेड की जगहों का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, जिसमे पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, छाया, और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल थीं।



**श्रीमहावीरजी.** सभा स्थल का जायजा लेते जिला कलक्टर।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। विशेष रूप से राजस्व विभाग के कार्यों जैसे खाता विभाजन, आपसी सहमति से बंटवारा, सीमाज्ञान और पत्थरगढ़ी को प्राथमिकता के साथ पूरा करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर हिण्डौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव सहित भाजपा संगठन के नेताओं के साथ कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, तहसीलदार हरसहाय मीना, थानाधिकारी रामनिवास सहित अन्य स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और शिविर को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संभावित दौरे को देखते हुए, जिला कलक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और अन्य प्रशासनिक तैयारियों की भी समीक्षा की। शिविर का व्यापक प्रचार करने की बात कही। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर सिंह, मंडल अध्यक्ष कपलेश शर्मा सहित भाजपा संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

02/07/2025 | Karoli | Page : 16
Source : https://epaper.patrika.com/

# शिविर में पुरानी समस्याओं का भी हुआ समाधान

भरतपुर| उपखण्ड भरतपुर की ग्राम पंचायत खडैरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर में 20-25 साल पुरानी समस्याओं का भी समाधान किया गया। जिसमें प्रार्थी अजय पुत्र गोविंद सिंह निवासी खडैरा का नाम का राजस्व रिकार्ड में अजय व अजयसिंह दर्ज था। प्रार्थी के नाम से संबंधित समस्या लगभग 20 वर्षों से थी। प्रार्थी ने अपना नाम अजय व अजयसिंह की जगह अजय शर्मा सही कराने के लिए कैम्प प्रभारी के समक्ष आवेदन किया। कैम्प प्रभारी ने नाम सही करने के लिए पटवारी हल्का साकेत गौतम को निर्देशित किया। पटवारी हल्का ने शुद्धि पत्र भरकर मौके पर ही प्रार्थी के नाम में संशोधन करवाकर अजय शर्मा करवाया।

**25 वर्ष पुरानी आपसी भूमि बंटवारा समस्या का निस्तारण हुआ मौके पर**

ग्राम पंचायत खडैरा के निवासी कृष्णमुरारी, हरीशचन्द पुत्र दामोदर एवं जगदीश प्रसाद पुत्र पैंथीलाल की करीब 25 वर्षो पुरानी आपसी भूमि बंटवारा समस्या का निस्तारण शिविर में किया गया। उन्होंने शिविर में पहुंचकर समस्या का निस्तारण के लिए अधिकारियों से जानकारी जुटाई। इस दौरान गिरदावर एवं पटवारी के द्वारा पात्र जनों को अपनी जमीन बठबारे के फायदे बताए।

पत्रिका

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर में जरूरतमंदों को मिल रहा लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बूंदी**. राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं।

## आज यहां लगेंगे शिविर

बुधवार को शिविर बूंदी तहसील की ग्राम पंचायत गादेगाल, कालपुरिया में, तहसील रायथल की ग्राम पंचायत फौलाई में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत तीरथ, गामछ, सीन्ता में, तहसील केशवरायपाटन की ग्राम पंचायत सारसला, बलकासा में, तहसील इंद्रगढ़ की ग्राम पंचायत खरायता, रेबारपुरा में तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत आंतरदा, तलवास, कैथूदा, समीधी में तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत डाबेटा, टोंकड़ा, भवानीपुरा में आयोजित किये जाएंगे।



बूंदी. रास्ते के विवाद का समाधान करते हुए।

## बसोली में बरसों पुरानी राह को मिली पहचान

**बूंदी**. जिले के हिण्डोली उपखंड की ग्राम पंचायत बसोली में 30 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर ने बरसों से चली आ रही एक समस्या का समाधान कर दिखाया।

ग्राम पंचायत बसोली के मोतीपुरा मजरा और खीन्या रोड से मोतीपुरा तक जाने वाले सार्वजनिक रास्ते का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन नहीं था। अपनी इस समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने शिविर में पहुंचकर शिविर प्रभारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने तुरंत कार्यवाही की। शिविर के दौरान ही राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर रास्ते का निरीक्षण किया।

मौका मुआयना के बाद तुरंत इस रास्ते का प्रस्ताव तैयार कराया गया और राजस्व रिकॉर्ड में इसे दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अपनी बरसों पुरानी समस्या का समाधान होता देख ग्रामवासी खुशी से झूम उठे। उन्होंने बताया कि यह रास्ता उनके लिए वर्षो से आवागमन का मुख्य साधन रहा हैं, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज न होने के कारण इस पर कोई भी विकास कार्य नहीं हो पा रहा था। अब जब यह रास्ता सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगा, तो इस पर ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य आसानी से हो सकेगा, जिससे उनका जीवन और भी सुगम हो जाएगा।

**बड़ाखेड़ा**. कस्बे में ग्राम पंचायत मुख्यालय के अटल सेवा केन्द्र के सभागार भवन में मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय अत्योदय संबल शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के बिजली, स्वास्थ्य, राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उपस्थित होकर मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की।

02/07/2025 | Bundi | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

# बसोली में बरसों पुरानी राह को मिली पहचान

बूंदी, 1 जुलाई। बूंदी जिले के हिंडोली उपखंड की ग्राम पंचायत बसोली में 30 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर ने बरसों से चली आ रही एक समस्या का समाधान कर दिखाया, जिससे ग्राम वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम पंचायत बसोली के मोतीपुरा मजरा और खीन्या रोड से मोतीपुरा तक जाने वाले सार्वजनिक रास्ते का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन नहीं था। अपनी इस समस्या को लेकर ग्राम वासियों ने शिविर में पहुंचकर शिविर प्रभारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने तुरंत कार्यवाही की। शिविर के दौरान ही राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर रास्ते का निरीक्षण किया। यह रास्ता सिवायचक भूमि खसरा नंबर 1441, 1423, 1426/2157 से होकर गुजर रहा था। मौका मुआयना के बाद तुरंत इस रास्ते का प्रस्ताव तैयार कराया गया और राजस्व रिकॉर्ड में इसे दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अपनी बरसों पुरानी समस्या का समाधान होता देख ग्रामवासी खुशी से झूम उठें। उन्होंने बताया कि यह रास्ता उनके लिए वर्षों से आवागमन का मुख्य साधन रहा हैं, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज न होने के कारण इस पर कोई भी विकास कार्य नहीं हो पा रहा था। अब जब यह रास्ता सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगा, तो इस पर ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य आसानी से हो सकेगा, जिससे उनका जीवन और भी सुगम हो जाएगा। ग्रामवासियों ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर की भरपूर सराहना की और उन्हें भावनात्मक धन्यवाद दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा सही मायनों में जरूरतमंदों के लिए संबल बनकर आया है, जिसने न केवल उनकी समस्या सुनी बल्कि उसका त्वरित समाधान भी किया



पत्रिका

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# शिविर में जरूरतमंदों को मिल रहा लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बूंदी.** राज्य सरकार के निर्देशानुसार अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जा रहा हैं।

## आज यहां लगेंगे शिविर

बुधवार को शिविर बूंदी तहसील की ग्राम पंचायत गादेगाल, कालपुरिया में, तहसील रायथल की ग्राम पंचायत फौलाई में, तहसील तालेड़ा की ग्राम पंचायत तीरथ, गामछ, सीन्ता में, तहसील केशवरायपाटन की ग्राम पंचायत सारसला, बलकासा में, तहसील इंद्रगढ़ की ग्राम पंचायत खरायता, रेबारपुरा में तहसील नैनवां की ग्राम पंचायत आंतरदा, तलवास, कैथूदा, समीधी में तहसील हिण्डोली की ग्राम पंचायत डाबेटा, टोंकड़ा, भवानीपुरा में आयोजित किये जाएंगे।



**बूंदी.** रास्ते के विवाद का समाधान करते हुए।

## बसोली में बरसों पुरानी राह को मिली पहचान

**बूंदी.** जिले के हिण्डोली उपखंड की ग्राम पंचायत बसोली में 30 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर ने बरसों से चली आ रही एक समस्या का समाधान कर दिखाया।

ग्राम पंचायत बसोली के मोतीपुरा मजरा और खीन्या रोड से मोतीपुरा तक जाने वाले सार्वजनिक रास्ते का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन नहीं था। अपनी इस समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने शिविर में पहुंचकर शिविर प्रभारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शिविर प्रभारी ने तुरंत कार्यवाही की। शिविर के दौरान ही राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर रास्ते का निरीक्षण किया।

मौका मुआयना के बाद तुरंत इस रास्ते का प्रस्ताव तैयार कराया गया और राजस्व रिकॉर्ड में इसे दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अपनी बरसों पुरानी समस्या का समाधान होता देख ग्रामवासी खुशी से झूम उठे। उन्होंने बताया कि यह रास्ता उनके लिए वर्षों से आवागमन का मुख्य साधन रहा हैं, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज न होने के कारण इस पर कोई भी विकास कार्य नहीं हो पा रहा था। अब जब यह रास्ता सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगा, तो इस पर ग्रेवल सड़क का निर्माण कार्य आसानी से हो सकेगा, जिससे उनका जीवन और भी सुगम हो जाएगा।

**बड़ाखेड़ा.** कस्बे में ग्राम पंचायत मुख्यालय के अटल सेवा केन्द्र के सभागार भवन में मंगलवार को दीन दयाल उपाध्याय अत्योदय संबल शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के बिजली, स्वास्थ्य, राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उपस्थित होकर मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें राहत प्रदान की।

02/07/2025 | Bundi | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर करौली 02-07-2025

# शहर-समाज

दैनिक भास्कर, जयपुर, बुधवार, 2 जुलाई, 2025 | 17

**दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा • सर्वाधिक आवेदन खाद्य सुरक्षा के नाम जुड़वाने वालों के आए**

# नाम शिवराज सिंह, 40 साल से जमीन के खाते में सुखसिंह चल रहा था, अब जाकर खुद का नाम मिला

कुड़गांव| राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सलेमपुर, कुड़गांव, महमदपुर ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 14 विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों के आवेदन लेकर मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया । शिवरो में सबसे अधिक खाद सुरक्षा आवेदनों के लिए कतार लगी जिसमें 212 लोगों की केवाईसी की गई।

तहसीलदार ने मौके पर 30 किसानों को भूमि मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण कर पौधारोपण भी किया गया।

शिविर प्रभारी तहसीलदार दिलीप कुमार अग्रवाल ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को आदेश दिए। शिविरों में राजस्व विभाग ने नामांतरण, सीमा ज्ञान, पत्थर गड़ी, रास्ता विवाद प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वहीं दूसरी और बिजली के ढीले तार, जल जीवन मिशन, विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, भूमि मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, आवासीय पट्टे और पशुओं के टीकाकरण से जुड़ी समस्याओं को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर समाधान किया गया।

शिवरों में कृषि विभाग ने 30 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण एवं 30 मृदा नमूने संग्रहण किए,उद्यानगि में 1 संयंत्र आवेदन प्राप्त हुआ। पशु पालन विभाग ने 1120 पशुओं का टीकाकरण व 200 पशुओं का उपचार किया। खाद सुरक्षा विभाग ने 212 केवाईसी की। चिकित्सा विभाग ने 100 मरीजों का उपचार किया। 8 टीबी रोगियों को दवाई किट वितरण। 6 विवाह, 5 जन्म पंजीयन हुए। तीनों ग्राम पंचायत में आयोजित शिवरों के दौरान सबसे अधिक खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने के लिए महिला -पुरुषों परिवादियों की भीड़ लगी रही। पेंशन में नाम जुड़वाने एवं बढ़ाने के लिए प्राप्त हुए आवेदनों पर पात्र लोगों को मौके पर ही लाभ के निर्देश दिए। तहसीलदार दिलीप कुमार अग्रवाल द्वारा सलेम्पुर अटल सेवा केंद्र पर पौधारोपण कर ग्रामीणों को पर्यावरण का संदेश देते हुए बारिश के समय में पौधे लगाने के लिए जागरूक किया।

सहायक कृषि अधिकारी हेमराज मीणा ने तारबंदी, फव्वारा संयंत्र, कृषि यंत्र, फसल बीमा, जैविक खेती सरकारी लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी के साथ फसल बुवाई के समय को देखते हुए खाद बीज खरीदते समय दुकानदारों से बिल लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया। इस दौरान एओ कप्तान सिंह, गिरदावर नरोत्तम मीणा, बदन जाट, ग्राम विकास अधिकारी गौरव सिंघल, भागीरथ पाल, कृषि पर्यवेक्षक कृपाशंकर, रश्मि मीणा, सरपंच गुल्लों देवी वैष्णव, सरपंच विष्णु चंद्र बैरवा, सरपंच अभिषेक बैरवा, पटवारी अभिषेक मुद्गल, संदीप चौधरी सहित 14 विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।



## किसान नाम दुरुस्त करवाने के लिए लंबे समय से परेशान था

सलेम्पुर ग्राम पंचायत में एक किसान का लगभग 40 वर्ष से अपनी भूमि की जमाबंदी और दस्तावेजों में सुख सिंह नाम दर्ज होने से उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था इसके अलावा उसे अन्य कार्यों में भी परेशानी हो रही थी । पूर्व में भी काफी प्रयास के बाद नाम शुद्धिकरण नहीं हो पाया। शिविर में परिवाद लेकर आने पर शिवराज सिंह पुत्र अनूप सिंह नाम शुद्धिकरण दर्ज की कार्रवाई की गई । जिससे खातेदार बहुत ही खुश हुआ उसने बताया कि मैं बहुत 40 सालों से परेशान था मेरा कार्य नहीं हो रहा था। कैंप की वजह से मेरी परेशानी हमेशा के लिए दूर हो गई। तहसीलदार के साथ मुख्यमंत्री व राजस्थान सरकार को इन शिवरों के आयोजन के लिए सराहना की।

# 52 साल बाद मिला घर का हक, तिहारी में सुलझा भूमि विवाद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**नसीराबाद.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत पंचायत समिति श्रीनगर क्षेत्र में आयोजित ग्राम पंचायत मावशिया और तिहारी के शिविरों में दो महत्वपूर्ण मामलों का समाधान किया गया।

ग्राम केसरपुरा निवासी लाली देवी पत्नी कैलाश चन्द को 52 वर्षों पुराने आवासीय मकान का पट्टा ग्राम पंचायत मावशिया में आयोजित शिविर के दौरान मौके पर ही सौंपा गया। लाली देवी कई वर्षों से अपने मकान के वैध दस्तावेज के लिए प्रयास कर रही थीं। ग्राम तिहारी में आयोजित शिविर में सुरज्ञान पत्नी कल्याण और सुरज्ञान पत्नी उमराव जाट के बीच 9 बीघा कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर चल रहा वर्षों पुराना विवाद प्रशासन की समझाइश के बाद सुलझ गया।


## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, नसीराबाद

**प्रवेश-सूचना सत्र - 2025-26**

सभी को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद में सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न कक्षाओं में निम्नानुसार रिक्तियों में प्रवेश हेतु offline mode से आवेदन पत्र दिनांक 02.07.2025 से 08.07.2025 (दोपहर 12 बजे तक) आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र.सं. | कक्षा | रिक्तियां एवं जिस वर्ग से सम्बंधित है |
|---|---|---|
| 1 | I | 6 केवल ST वर्ग के लिए |
| 2 | III | 2 ST एवं 1 अन्य वर्ग के लिए |
| 3 | IV | 1 ST एवं 3 अन्य वर्ग के लिए |
| 4 | V | 1 ST वर्ग के लिए |
| 5 | X | कुछ सीट केवल केटेगरी सर्विस I एवं II के लिए |
| 6 | XII-विज्ञान | कुछ सीट केवल केटेगरी सर्विस I एवं II के लिए |
| 7 | XII-वाणिज्य | कुछ सीट केवल केटेगरी सर्विस I एवं II के लिए |
| 8 | XII-कला | कुछ सीट केवल केटेगरी सर्विस I एवं II के लिए |
| 9 | XI-विज्ञान | 1 केवल ST वर्ग के लिए |
| 10 | XI-वाणिज्य | 1 ST, 2 SC एवं 4 अन्य वर्ग के लिए |

नोट: कक्षा 2,5,7,8,9 & 11-कला में कोई सीट खाली (vacant) नहीं है।

*रजिस्ट्रेशन फॉर्म विद्यालय से कक्ष नं 08 से निशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राचार्य

# 52 वर्ष पुराना पट्टा जारी, वर्षों से लंबित बंटवारा हुआ

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

भास्कर न्यूज | नसीराबाद

प्रदेश सरकार के निर्देशों पर उपखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों को राहत मिल रही। जिसके चलते वर्षों से लंबित उनके कार्यों और समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव ने बताया कि मंगलवार को ग्राम पंचायत मावशिया में आयोजित शिविर के दौरान पंचायत के ग्राम केसरपुरा निवासी लाली देवी पत्नी कैलाशचंद ने उपस्थित अपने आवासीय परिसर का पट्टा जारी करवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। एसडीएम यादव ने बताया कि प्रार्थियां का आवास करीब 52 वर्ष पुराना था लेकिन प्रार्थियों को अभी तक पट्टा जारी नहीं किया गया था। जिस पर



एसडीएम यादव ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थियां लालीदेवी के परिवार को हाथोंहाथ पट्टा जारी करवाया गया। जिस पर वर्षों पुराने मकान का पट्टा पाकर लालीदेवी व उसके परिवार के चेहरे खिल उठे और उसने एसडीएम यादव सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार ग्राम तिहारी में भी मंगलवार को ही आयोजित शिविर में सुरज्ञान पत्नी कल्याण जाट और सुखज्ञान पत्नी उमराव जाट के कृषि भूमि खेत के बंटवारे का विवाद था और दोनों पक्ष आपस में सहमत नहीं थे। प्रकरण में एसडीएम यादव की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों पक्षों की समझाईश कर मामले का निस्तारण कर मौके पर ही बंटवारा किया गया जिससे दोनों किसान परिवार के चेहरे पर मुस्कान आ गई और दोनों ने खुशी-खुशी शिविर से विदाई ली। एसडीएम यादव ने बताया कि शिविर के दौरान ग्रामीणों से वर्षों से लंबित प्रकरणों को निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। मंगलवार को मावशिया और तिहारी में आयोजित शिविर में विधायक रामस्वरूप लांबा ने भी शिरकत कर अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# वर्षों बाद नाम दुरुस्त और भूमि बंटवारा

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, किशनगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम टिकावड़ा में मंगलवार को शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम नित्या सहारण ने अधिकारियों को अधिक से अधिक समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया। शिविर में एसडीएम सहारण के समक्ष कृषि भूमि से संबंधित मामला आया। जिसमें ग्रामवासी रामपाल ने कृषि भूमि में नाम शुद्धिकरण का आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए जमाबन्दी में रामचन्द्र की जगह रामपाल आने से कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के बारे में बताया।

एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग के संबंधित कार्मिकों को प्रार्थी के समस्त दस्तावेजों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जिस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रार्थी से दस्तावेज लेकर खसरा संख्या 124 व 58 की खतौनी में खातेदार के नाम की जांच कर नाम शुद्धिकरण के लिए तैयार प्रस्ताव एसडीएम के सामने प्रस्तुत किए। जिस पर एसडीएम ने नाम शुद्धिकरण के आदेश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए ...




























## हाथों-हाथ दिलाई राहत

# हुक्मनामा समाचार

# पेंशन शिविरों में लौटी उम्मीद की रोशनी, एक क्लिक से आसान हुई जिंदगी

## पखवाड़ा शिविरों में संवेदना और समाधान की मिसाल बनी योजनाएं

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** कभी फिंगरप्रिंट नहीं मिलते थे, तो कभी आवेदन की प्रक्रिया भारी लगती थी। कभी दस्तावेजों की कमी, तो कभी सिस्टम की दूरी। लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के दौरान लगे शिविरों में ये सारी अड़चनें जैसे पिघलती चली गईं। खासकर उन बुजुर्गों और विधवाओं के लिए, जिनके लिए पेंशन ही जीवन की डोर है।



ग्राम पंचायत रजासणी की सोमादेवी महीनों से विधवा पेंशन का इंतजार कर रही थीं। उम्र और जिम्मेदारियों के बीच सरकारी दफ्तरों की दौड़ किसी पहाड़ से कम नहीं थी। लेकिन शिविर प्रभारी दिनेश ओझा और स्थानीय टीम की तत्परता से उसी दिन उनका आवेदन स्वीकृत हुआ और पेंशन शुरू की गई। सोमादेवी के चेहरे पर आई राहत की मुस्कान ने पूरे शिविर को भावनाओं से भर दिया। वहीं सारण नगर और चांदरख की दो वृद्ध महिलाएं 80 वर्षीय देवी और 59 वर्षीय पेंपी देवी पेंशन बंद होने से परेशान थीं, क्योंकि ई-मित्र पर फिंगरप्रिंट बार-बार फेल हो रहा था। तकनीक जब सहयोग न करे, तो असहाय बुजुर्गों के लिए वह सबसे बड़ी बाधा बन जाती है। लेकिन पखवाड़ा शिविर में, स्वीकृतिकर्ता अधिकारी की ओटीपी के माध्यम से दोनों का सत्यापन मौके पर ही कर दिया गया। पेंशन दोबारा शुरू हुई, तो उनकी आंखों में वही संतोष था जो एक पुराने दोस्त की वापसी पर होता है।

ग्राम खोह के ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर गांव के आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण व रास्ते में गंदे पानी के भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेकर जेसीबी की सहायता से रास्ते के अतिक्रमण व कीचड को हटाया गय, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में हो रही असुविधा से छुटकारा मिला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के रास्ते पर जगह-जगह अतिक्रमण होने से आने-जाने वाले राहगीरों को समस्या के साथ ही दुर्घटना की संभावना रहती थी। इसके अतिरिक्त रास्ते में गंदी पानी के निकास के कारण मच्छर इत्यादि से बीमारियां फैलने की आशंका थी। शिविर में तत्काल ही समस्या का समाधान होने से ग्रामीणों को आवागन की सुगमता होगी। समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# ग्रामीणों ने कहा आम रास्ता अतिक्रमण व कीचड मुक्त होने से अब होगी राहगीरों की राह आसान

बनास वरदान



**अलवर।** जिले में आयोजित किए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के शिविर आमजन के लिए राहत लेकर आ रहे हैं। शिविरों में आमजन को मूलभूत समस्याओं समाधान मौके पर ही होने से उत्साह का माहौल है। लक्ष्मणगढ तहसील की ग्राम पंचायत दीनार में आयोजित शिविर में ग्राम खोह के ग्रामीणों की आम रास्ते से अतिक्रमण व साफ-सफाई कराने की परिवेदना का तुरन्त निदान कराया गया। ग्राम खोह के ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर गांव के आम रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण व रास्ते में गंदे पानी के भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेकर जेसीबी की सहायता से रास्ते के अतिक्रमण व कीचड को हटाया गय, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में हो रही असुविधा से छुटकारा मिला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के रास्ते पर जगह-जगह अतिक्रमण होने से आने-जाने वाले राहगीरों को समस्या के साथ ही दुर्घटना की संभावना रहती थी। इसके अतिरिक्त रास्ते में गंदी पानी के निकास के कारण मच्छर इत्यादि से बीमारियां फैलने की आशंका थी। शिविर में तत्काल ही समस्या का समाधान होने से ग्रामीणों को आवागन की सुगमता होगी। समस्या का समाधान होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्राी श्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

# अंत्योदय शिविर भाई-चारे को दे रहें है बढ़ावा

## राजीनामे से सुलझ रहे है वर्षों पुराने विवाद

महानगर संवाददाता

अलवर। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा ग्रामीणों के लिए न केवल राहत लेकर आया है बल्कि वर्षों पुराने भूमि विवादों को मौके पर आपसी रजामंदी से सुलझाकर भाई--चारे को मजबूर भी कर रहें है।

इसी कड़ी में अलवर जिले में रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत खालसा नगर में आयोजित शिविर में सह खातेदारी भूमि का सहमति से मौके पर ही विभाजन कर लाभार्थियों को राहत प्रदान की गई। शिविर में सह-खातेदार रहीमों, अरसद, रहमान इत्यादि ने वर्षों से चल आ रहे भूमि के विवाद को आपसी रजामंदी से सुलझाकर भूमि का विभाजन कराया। लाभार्थियों



ने बताया कि सह-खातेदारी भूमि का विभाजन न होने से कई वर्षों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। ग्राम पंचायत में अंत्योदय शिविर की सूचना मिलने पर हम सभी सह-खातेदारों ने भूमि का विभाजन कराने के लिए कैम्प में पहुंचकर प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही रिकॉर्ड की जांच कर हम सभी सह-खातेदारों को विभाजन के लिए समझाया गया तथा आपसी रजामंदी से बराबर-बराबर भूमि का विभाजन कर जमाबंदी की नकल उपलब्ध कराई। लाभार्थियों ने बताया कि भूमि का विभाजन न होने से आपस में मनमुटाव पैदा हो रहा था, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता का परिणाम की प्रदेशभर में आमजन के प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर समाधान के लिए अंत्योदय शिविर आयोजित किए जा रहे। ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर हमारे लिए वरदान साबित हुआ है और इससे भाई -चारा भी मजबूत हुआ है। इसके लिए सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

पत्रिका

# शिविर में शिकायत मिलने के बाद रास्ते से अतिक्रमण हटवाया

**कठूमर@पत्रिका.** ग्राम पंचायत मुख्यालय बसेठ में पं दीनदयाल उपाध्याय अन्तोदय सम्बल योजना के तहत वर्षों से अतिक्रमण की भेंट चढ़े खेडा तरफ बहतु से बसेठ की ओर आने वाले रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में बसेठ निवासी दीपक शर्मा ने शिविर में शिकायत दर्ज कराई कि खेड़ा तरफ़ बहतु से बसेठ जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है और इसको लेकर पूर्व में भी अनेक बार कोशिश की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परिवादी इसकी शिकायत लेकर शिविर में पहुंचा। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार मदन जाट ने कानूनगो व पटवारी को मौके पर बुलाया और अतिक्रमण



हटवाने के निर्देश दिए। प्रशासन ने बुलडोजर की सहायता से उक्त अतिक्रमणों को हटवाकर रास्ता साफ कराया। इसके अतिरिक्त शिविर में नामांतरण, इंतकाल बिजली पानी सहित अन्य कार्य सम्पन्न हुए। इस मौके पर विकास अधिकारी शिवराम मीणा, प्रशासक राजन्ती देवी, ग्राम विकास अधिकारी रविन्द्र फौजदार आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

# अलवर जिला 02-07-2025

## गढ़ीसवाईराम के अटल सेवा केंद्र पर शिविर आयोजित, शिविर की शुरुआत बालिका जन्मोत्सव मनाकर की

# अंत्योदय शिविर : समस्याओं का मौके पर समाधान किया

भास्कर न्यूज | गढ़ीसवाईराम

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े के तहत मंगलवार को कस्बे के अटल सेवा केंद्र पर शिविर लगाया गया जिसमें रैणी तहसीलदार कैलाश महावर की अगुवाई में उपखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान के प्रयास किए।

शिविर की शुरुआत महिला अधिकारिता विभाग की ओर से एक नवजात बालिका के जन्मोत्सव के आयोजन से हुई। बच्ची से केक कटवाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को जनजागरण का रूप दिया। इस अवसर पर



गढ़ीसवाईराम. शिविर में बेटी जन्मोत्सव मनाते अधिकारी कर्मचारी।

मौजूद ग्रामीणों को बालिकाओं के अधिकारों और शिक्षा को लेकर शपथ भी दिलवाई गई। ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 13 आवेदन प्राप्त हुए।

पशुपालन विभाग द्वारा 60 पशुओं को गलघोंटू रोग से बचाने के लिए टीकाकरण किया गया। राजस्व विभाग ने 22 नामांतरण प्रकरणों का निस्तारण किया। पूर्व पंचायत समिति सदस्य नवल बैरवा और उप सरपंच मानसिंह चौहान ने नायब तहसीलदार श्याम सुंदर दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैंड से पतवार घर तक नाले की सफाई व रास्ते में हुए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की।

## राजस्व से लेकर जल, कृषि और पेंशन तक समाधान किया

बड़ौदामेव| पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दीनार, बुटोली और गंडूरा में सोमवार को शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर समाधान भी किया गया।

नायब तहसीलदार छोटे लाल मीणा और वीडीओ बाबूलाल यादव ने बताया कि शिविरों में राजस्व, पंचायत, जल, विद्युत, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित कई विभागों की सहभागिता रही। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान, सहमति विभाजन और विरासत नामांतरण जैसे मामलों का निपटारा किया। इससे ग्रामीणों को न्यायालय के चक्कर लगाने से राहत मिली। पंचायती राज विभाग द्वारा कई ग्रामीणों को स्वामित्व पट्टे प्रदान किए गए। वहीं, वर्षा जल संरक्षण हेतु जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत कार्यों को भी स्वीकृति दी गई। ग्रामीणों ने झूलते बिजली के तार और खराब पोल की शिकायतें की गईं, जिन्हें संज्ञान में लेते हुए समाधान का आश्वासन दिया। जल विभाग ने लंबित पेयजल कनेक्शन जारी किए और जल संकट के समाधान के उपायों पर जानकारी दी।

दैनिक नवज्योति bhilwara - 02 Jul 2025 - Page 13

# अंत्योदय संबल शिविर में ग्रामीणों को मिला त्वरित समाधान

## गिरडिया पंचायत में दर्जनों प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निस्तारण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, शाहपुरा

जिला कलक्टर भीलवाड़ा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत गिरडिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी विश्वजीत सिंह उपखंड अधिकारी शाहपुरा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजित शिविर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे और आमजन की समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा मौके पर विभाजन के 2, रास्तों के 05, सीमाज्ञान के 06 तथा पत्थरगढ़ी के 3 व नामांतरण के 22 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चंबल पेयजल परियोजना के तहत मौके पर प्राप्त आवेदन में ग्रामों में पेयजल की पाइप लाइन में हो रहे लीकेज को शिविर प्रभारी सिंह के निर्देश अनुसार ठीक करवाया गया। बिजली विभाग द्वारा लाइन के आसपास पेड़ों से टहनियां की वजह से ट्रिपिंग की समस्या होने के समाधान किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा प्रार्थी पप्पू भील उम्र 43 वर्ष को क्षय रोग किट वितरित किया गया। शिविर में समाजसेवी जीएसएस अध्यक्ष देवीलाल गुजर, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश योगी, पटवारी हिम्मत सिंह व गोविन्द सिंह उपस्थित रहे।



शाहपुरा। अंत्योदय संबल शिविर में क्षय रोगी को मेडिकल किट देते शिविर प्रभारी। -गणेश सुगन्धी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह अभियान

नि:शुल्क शिवि

दैनिक नवज्योति bhilwara - 02 Jul 2025 - Page 13

# शिविरों में समस्याएं लेकर पहुंच रहे ग्रामीण, हो रहा हाथो-हाथ समाधान


लुहारिया के सिडीयास में आयोजित शिविर में लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति


गंगापुर के पोटला में आयोजित शिविर में निक्षय किट वितरित करते हुए। -नवज्योति


बनेड़ा के मुशी में आयोजित शिविर में उमड़े ग्रामीण। -नवज्योति

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा

जिलेभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों का उत्साह दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। शिविरों में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे और अधिकारी मौके पर ही उन्हें निस्तारित कर रहे हैं। ऐसे में समस्याओं के समाधान होते हुए ग्रामीणों के चेहरों पर खुशियां देखने को मिल रही है।

**बिजौलिया न्यूज सर्विस के अनुसार** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत छोटी बिजौलिया में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई और आमजन से अधिकतम लाभ लेने की अपील कि गई। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 04 सीमाज्ञान, 04 पत्थरगडी, 08 नामांतरण, 04 रास्ता प्रकरण, 02 आपसी सहमति से बटवाड़ा प्रकरण का निस्तारण किया गया एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 13 पट्टों का वितरण किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा टी.बी. रोग से ग्रसित व्यक्तियों को 06 पोषण किट वितरण किए गए। शिविर प्रभारी अजित सिंह राठौड, तहसीलदार ललित डीडवानिया के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**रायला न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के ईरांस ग्राम में आयोजित अंत्योदय संबल कैंप के दौरान शिविर प्रभारी ने प्राप्त समस्याओं का निस्तारण करते हुए ग्रामीणों को योजनाएं की जानकारी दी गई। इस दौरान तहसीलदार जय सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुनील गर्ग, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेश शर्मा, अनिलकुमार जैन, मदन लाल भील, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा, सरपंच जवारा भील, मुकेश चोटिया, पटवारी अनुराधा सामरिया सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे थे।

**पारोली न्यूज सर्विस के अनुसार** अंत्योदय सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बिरधोल पंचायत में आयोजित कैम्प में संगतपुरिया निवासी नाना की पत्नी और भैरूलाल के नाम से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड की जांच की गई। जांच में खाता संख्या 293 और 295 में नाना पत्नी भैरुलाल के नाम से जमीन की दोहरी एंट्री दर्ज थी। कोटड़ी तहसीलदार रामकिशोर मीणा ने बताया कि पटवारी अभिषेक खांडल और गायत्री ने रिकॉर्ड का मिलान करने के बाद ऑनलाइन एंट्री को दुरस्त किया गया।

**रायपुर न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के बोराणा कस्बे स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को अन्त्योदय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों द्वारा ग्रामीण की समस्याओं का समाधान किया गया। ग्राम निवासी केशु पिता गैना गुर्जर द्वारा खातेदारी भूमि में जाति व ग्राम का नाम संशोधन करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर तहसीलदार भंवरलाल सेन के निर्देशन में भू.अभिलेख निरीक्षक, पटवारी हल्का द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त आवेदक की जांच की जाकर प्रार्थी का खाते में जाति व ग्राम का नाम संशोधन किया गया।

**बनेड़ा न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुशी में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में प्रभारी विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया के निर्देश पर सभी विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। और पात्र लोगों के आवेदन पत्र तैयार किए गए। इस अवसर पर 3 ट्राई साइकिल, 3 एसटी परिवारों को बीज किट, 2 पेंशन, 1 टीबी मरीज को पोषण किट सहित कई लाभ दिए गए। शिविर में नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सोनी, प्रशासक लीला देवी कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी धीरज शर्मा, विष्णु सेन सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास ने अधिकारियों को लोगों को लाभ दिलाकर प्रगति दर्ज करवाने के लिए निर्देशित किया।

**मांडल न्यूज सर्विस के अनुसार** अंत्योदय सेवा पखवाड़ा के तहत मांडल उपखंड की धुंवाला ग्राम पंचायत में मंगलवार को जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत राज, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया। धुंवाला निवासी प्रेम देवी पत्नी गोवर्धन व मोहन पुत्र लादूलाल बैरवा का वर्षों पुराना भूमि विवाद का मामला उपखण्ड अधिकारी सी.एल. शर्मा की उपस्थिति में रखा। राजस्व विभाग की टीम ने दोनों पक्षों की समझाइश के बाद आपसी सहमति से आराजी संख्या 3008/949, रकबा 0.5059 हैक्टेयर भूमि का बंटवारा मौके पर ही किया। वहीं किसानों की खाता दुरस्ती सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य भी पूर्ण किए गए, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली।

**लुहारिया न्यूज सर्विस के अनुसार** सिडीयास पंचायत में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी सी.एल. शर्मा ने विभागों के अधिकारी व कर्मचारी को कहा कि छोटे-मोटे कार्यों के लिए ग्रामीण जनता को बार-बार न घुमाएं एवं तय समय पर उनके कार्यों का निस्तारण करें। सिडीयास के गणेशपुरा वासियों के लिए शिविर वरदान साबित हुआ। इस दौरान एक दो नहीं बल्कि तीन-तीन ग्रामीणों के काम होने पर सभी खुशी से झूम उठे। शिविर में तहसीलदार लक्ष्मीलाल शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी पवन मंडोवरा, ग्राम विकास अधिकारी बहादुर सिंह, कार्यवाहक पीईईओ रामप्रसाद मावण्या सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

**गंगापुर न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के पोटला पंचायत में आयोजित शिविर में विधायक लादू लाल पितलिया भी पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक को आबादी क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण हटाने की मांग की। विधायक ने उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई को ग्राम पंचायत को पुलिस जाब्ता उपलब्ध करवा कर अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। वहीं किसानों के विद्युत कनेक्शन में की जा रही ढीलाई पर बिजली विभाग को तत्काल कनेक्शन करने के लिए निर्देश दिए। किसानों को राजस्व रेकार्ड के कामकाज से राहत मिली। इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रेमचंद भील, ब्लॉक सीएमएचओ विपिन शर्मा, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।


मांडल के धुवाला में आयोजित शिविर में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति


पारोली के बीरधोल में आयोजित शिविर में पात्रधारी को प्रमाण पत्र देते हुए। -नवज्योति


रायला के ईरास में आयोजित शिविर में समस्याएं प्रस्तुत करते ग्रामीण। -नवज्योति


बिजौलिया के छोटी बिजौलिया में आयोजित शिविर में पट्टों का वितरण करते हुए। -नवज्योति


उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या: झाँसी-इलेक्ट्रि-ई-2025-112 दिनांक: 27.06.2025

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम: झाँसी डिवीजन (प्रोविजन ऑफ अर्थ लीकेज डिटेक्टर) फॉर डिपोजिट एट खैरार, अतर्रा, शिवरामपुर, भरतकूप, बदौसा, डिंगवाही, मानिकपुर, ढ़करई, इन महोबा - मानिकपुर सेक्शन एंड करबला रोड, रागौल, भरवा सुमेरपुर, इन बांदा - कानपुर सेक्शन।

अनुमानित लागत (रू): ₹ 23076155.85 | अमानत राशि (रू): ₹ 265400.00

निविदा बन्द होने की तिथि: 21.07.2025 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह

● निविदा दिनांक 21.07.2025 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगी।

● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1126/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

DNA 359220

दैनिक भास्कर

# भीलवाड़ा जिला 02-07-2025

# तहसीलदार ने सुनी समस्याएं, 9 आवासीय पट्टे बांटे

भास्कर संवाददाता | आगूंचा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आगूंचा बस स्टैंड पर स्थित सामुदायिक भवन में शिविर हुआ। तहसीलदार रणवीर सिंह, शिविर प्रभारी मधुसूदन रलू, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, पंचायत प्रशासक ज्योति जितेंद्र नागर, ग्राम विकास अधिकारी सूरज करण लड्ढा ने शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। 9 लोगों को पट्टे वितरित किए। शिविर प्रभारी ने पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए जलदाय विभाग को निर्देश दिए।

कृषि विभाग के अजय पाल सिंह, ग्राम सेवक मोनिका शर्मा, बिजली निगम के हरभजन मीना, एईएन वीर सिंह, निर्मल टेलर, पंचायती राज के प्रकाश तिवाड़ी, सिंचाई विभाग के दिनेश कुमार टेलर, चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेदिक औषधालय पशु चिकित्सालय के कर्मचारी मौजूद रहे। तहसीलदार रणवीर सिंह, गिरदावर जयप्रकाश माली, पटवारी भीम सिंह, सुरेश मीणा, बृजेश मीणा ने मूल जी का खेड़ा में 30 वर्षों से बंद रास्ते खुलवाया।

**बोराणा** | बोराणा पंचायत में आयोजित शिविर में लोगों राहत मिली। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोराणा में शिविर प्रभारी तहसीलदार भंवरलाल सेन, विधायक लादूलाल पितलिया, पटवारी हरीश मीणा, समाजसेवी गोपीलाल सालवी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष जगदीश काबरा मौजूद रहे। शिविर में आए केशा पुत्र गेना गुर्जर निवासी बोराणा की खातेदारी जमीन का वर्षों से लंबित खाता संख्या 119 में गलती से जाति खारोल निवासी गलवा हो गया था। तहसीलदार भंवरलाल सेन ने नाम शुद्धिकरण करवाया।

**बदनौर** | मोगर पंचायत में मंगलवार को शिविर आयोजित किया। सरपंच ने बताया कि शिविर में निशुल्क 7 पट्टे वितरित किए। सीना का नाम सही करके सुनिता किया। पीथासिंह पिता कुशालसिंह का सही नाम रिपसिंह पिता कुशालसिंह किया। शिविर में प्रभारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपालसिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**मांडलगढ़** | जोजवा में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल शिविर में सीमा देवी पत्नी गोपाल लाल जाट के लिए खुशियां लेकर आया। सीमा ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पशु का बीमा करवाया। लाभार्थी को पॉलिसी दी गई।

**मोड़ का निंबाहेड़ा** | गांगलास में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में गांगलास निवासी रतनलाल पुत्र लालाराम रेगर का निशुल्क आवासीय पट्टा तैयार किया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण ने पट्टा जारी किया। इस मौके पर आसींद तहसीलदार जयसिंह, सहायक विकास अधिकारी राजमल टेलर, प्रगति प्रसार अधिकारी पूनम कुमारी, पंचायत प्रशासक रामनिवास कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी नेमीचंद शर्मा, कनिष्ठ सहायक चंद्र प्रकाश टेलर मौजूद रहे।

**बनेड़ा** | मुंशी, राक्षी और उपरेड़ा पंचायत मुख्यालयों पर लगाए गए। यहां पेंशन सत्यापन, खाद्य सुरक्षा, जनाधार अपडेट, जन्म-मृत्यु पंजीकरण जैसे कार्य मौके पर निपटाए गए। मुंशी में विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया के निर्देश पर पात्र लोगों के आवेदन तैयार किए। 3 ट्राई साइकिल, 3 एसटी परिवारों को बीज किट, 2 पेंशन और 1 टीबी मरीज को पोषण किट दी। नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सोनी, प्रशासक लीला देवी कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी धीरज शर्मा, कनिष्ठ सहायक विष्णु सेन मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास ने अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाकर प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए। राक्षी में तहसीलदार नारायण लाल शर्मा के सानिध्य में शिविर हुआ। यहां नारायण लाल कुमावत को पोषण किट दी।

**बिजौलिया** | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बिजौलिया खुर्द में विशेष जनसेवा शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। अध्यक्षता उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने की। ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखीं। बिजौलिया खुर्द निवासी कस्तूर चंद पुत्र कन्हैयालाल रेगर ने नाम शुद्धि के लिए आवेदन किया। तहसीलदार ललित डीडवानिया ने नाम में शुद्धि की स्वीकृति जारी की। बेरीसाल निवासी जीतमल पुत्र गौरीलाल धाकड़ ने भूमि पर आपसी बंटवारे का आवेदन किया। प्रधानमंत्री आवास योजना में 13 पट्टों का वितरण किया। टीबी रोगियों को 6 पोषण किट वितरित किए।

**काछोला** | ग्राम पंचायत काछोला में भूखंड आवंटन फर्जीवाड़ा मामले को लेकर शिविर में ग्रामीणों ने शिविर प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर भूखंड आवंटन रोकने की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य गिरिजा आचार्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि सरपंच और तत्कालीन वीडीओ ने भूमाफिया से मिलीभगत कर काछोला में मानपुरा-त्रिवेणी सड़क मार्ग किनारे आबादी भूमि को सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया के बगैर पुश्तैनी पट्टों के जरिए भूखंड आवंटन के प्रयास किए जा रहे है। 13 व्यक्तियों के नाम पट्टे जारी करने केलिए जिला परिषद में विचाराधीन है।

# गिरडिया ग्राम पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर सम्पन्न, समस्याओं का हुआ मौके पर समाधान



**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर भीलवाड़ा के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत ग्राम पंचायत गिरडिया में मंगलवार को प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी शाहपुरा विश्वजीत सिंह ने की। शिविर में राजस्व, बिजली, चिकित्सा, जलदाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और आमजन की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण के 22, सीमाज्ञान के 6, रास्तों के 5, विभाजन के 2 एवं पत्थर गढ़ी के 3 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चंबल पेयजल परियोजना के अंतर्गत पाइप लाइन लीकेज की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कर सुधार कार्य करवाया गया। बिजली विभाग ने ट्रिपिंग की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए लाइन के आसपास पेड़ों की टहनियों की छंटाई कर समस्या का समाधान किया। चिकित्सा विभाग द्वारा प्रार्थी पप्पू भील (उम्र 43) को अक्षय रोग किट वितरित की गई। शिविर में समाजसेवी व तस्स अध्यक्ष देवीलाल गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश योगी, पटवारी हिम्मत सिंह व गोविन्द सिंह सहित कई अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

राजस्थान
02 जुलाई, 2025

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों ने बताई अपनी-अपनी पीड़ा

# समस्याओं का हुआ तुंरत समाधान तो खिले चेहरे

## हाथोंहाथ मिल गया मकान का पट्टा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोटड़ी. पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। मंगलवार को कोटड़ी ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम पंचायत कोटड़ी का शिविर आयोजन अम्बेडकर भवन में हुआ। शिविर में 20 वर्ष से अपने पुश्तैनी मकान का पट्टा पाने का इंतजार कर रहे दो परिवारों का काम शिविर में हुआ तो दोनों खुशी से झूम उठे। कोटड़ी निवासी नंद लाल आचार्य व सीता देवी सेन को ग्राम पंचायत की ओर से पट्टा दिया। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार श्रीलाल मीणा ने बताया कि नंद लाल व सीता देवी ने शिविर में अपने मकान के स्वामित्व के लिए आवेदन किया था। ग्राम विकास अधिकारी भेरू गुर्जर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शिविर में ही स्वामित्व पट्टा जारी कर दिया। शिविर में प्रधान करण सिंह कानावत, मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व सरपंच धर्मचन्द जीनगर, पूर्व सरपंच जमना लाल डिडवानिया, बीडीओ रामविलास मीणा मौजूद रहे। पूर्व सरपंच जमना लाल डिडवानिया ने अंबेडकर भवन में 11 पंखे व लाइट लगाने की घोषणा की।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दी पोषाहार की जानकारी

डीकोला @ पत्रिका. डीकोला ग्राम पंचायत में अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर हुआ। शिविर प्रभारी तहसीलदार भीवराज परिहार ने शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से पौधरोपण किया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पुष्पा चौहान ने बताया कि शिविर में देवकिशन रेगर को पोषण किट दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से वंचित लाभार्थियों के फॉर्म भरे। लाभार्थी जोड़े और ईकेवाईसी की गई। आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषाहार की जानकारी दी गई। चंबल पेयजल परियोजना के तहत मौके पर प्राप्त आवेदन में ग्राम में पेयजल की पाइप लाइन में हो रहे लीकेज ठीक करवाने के लिए विभाग को शिविर प्रभारी ने निर्देश दिए। नौगांवा घाटी के देवनारायण पर लगे ट्रांसफार्मर में पावर कम होने के कारण नहीं चल रहा। इस ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए विद्युत निगम को निर्देशित किया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान 8, पत्थर गढ़ी 5, नामांतरण 12, सहमति बंटवारे 2, रास्ता प्रकरण2 का निस्तारण किया गया। खेतों पर जाने वाले रास्तों पर ग्रेवल डलवाने के लिए शिविर प्रभारी को आवेदन प्रस्तुत किए।। कार्यक्रम में डीकोला नायब तहसीलदार रामप्रसाद मेघवंशी, प्रशासक आशा देवी खटीक, पूर्व सरपंच गणपत खटीक, ग्राम विकास अधिकारी सुखपाल जाट मौजूद रहे।



# शिविर में मिली आमजन को राहत



**भीलवाड़ा@पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत मंगलवार को स्वरूपगंज में शिविर हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों ने आमजन को मौके पर ही राहत उपलब्ध कराई। शिविर में 20 पुश्तैनी पट्टे, 20 बीज वितरण किट भी सौंपे गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गोद भराई की रस्म भी की। इस दौरान शिविर प्रभारी हमीरगढ़ एसडीएम नेहा छीपा, नायब तहसीलदार श्याम लालपुरोहित, सरपंच पूनम शर्मा , प्रशासनिक अधिकारी निजामुद्दीन नीलगर मौजूद थे।

# राजीविका की महिलाओं ने भवन के लिए शिविर प्रभारी से कहा जगह दिलाओ, 3500 महिलाओं को होगा फायदा

## कंवलियास ग्राम में पंडित दीनदयाल अंन्त्योदय पखवाड़ा शिविर हुआ संपन्न

दास्तानें भीलवाड़ा
destanebhilwara app For Free Epaper



शिविर में उपखंड अधिकारी रोहित चौहान ग्रामीण महिला को पट्टा देते हुए! पास खड़ी है सरपंच सीमा कुमावत! फोटो एस.पी.एस सोनी

**गुलाबपुरा (एस.पी.एस सोनी)।** भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा उपखंड के निकटवर्ती कंवलियास ग्राम में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंन्त्योदय पखवाड़ा शिविर में शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी रोहित चौहान प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, नायब तहसीलदार सत्यनारायण बिडला ने शिविर के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं ! मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत दी!9 ग्रामीणों को पट्टे दिए! शिविर के दौरान राजीविका की महिला संगठन की पदाधिकारी ने शिविर प्रभारी से जगह दिलाने की मांग की! पूर्व में की गई कार्रवाई के बारे में अवगत कराया !उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जगह देने पर विधायक मद से भवन भी बन सकेगा! राज्य सरकार के बजट प्रावधान में होने का लाभ मिलेगा! राजीविका की 3500 महिलाओं को इससे फायदा होगा!ग्राम पंचायत कवलियास शिविर में ये हुए जनहित के काम! 6 ग्राम वासियों को पट्टे पेंशन सत्यापन 22, जॉब कार्ड 2 विद्युत पोल 3 को सही किये, बिजली के झुलते तार को खींच कर एक जगह सही किये! पानी की 3 टंकी की सफाई, लीकेज मरमत 2 जगह, अंतिम छोर पर जल वितरण 2 जगह, सीमा ज्ञान 10,पत्थर गड्डी 7 नामांतरण 20 रास्ता के 3 प्रकरणों का शिविर में निस्तारण किया गया! शिविर के दौरान विकास अधिकारी रामदेव बेरवा भू अभिलेख निरीक्षक विश्वास त्रिपाठी राजस्व विभाग की टीम, चिकित्सा चिकित्सा विभाग, सहित समाजसेवी राम प्रसाद कुमावत ग्राम विकास अधिकारी कालू राम कुमावत आदि शिविर में कई ग्राम वासी मौजूद थे!

CMYK



दैनिक दास्ताने भीलवाड़ा



# आगुचा : पंडित दीनदयाल अंन्त्योदय पखवाड़ा शिविर में आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने से 100 कास्तकारो को हुआ लाभ

## ग्राम पंचायत ने दिए 9 ग्रामीणों को पट्टे



आगुचा ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा में ग्रामीणों को पट्टा देते प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, तहसीलदार रणवीर सिंह पास खड़ी हैं सरपंच ज्योति नागर फोटो एस.पी.एस सोनी



आगुचा मूल जी का खेड़ा, शिविर के दौरान राजस्वविभाग पुलिस सुरक्षा की टीम आम रास्ते से अतिक्रमण हटवाकर मौके पर खड़ी हुई।

दास्ताने भीलवाड़ा

गुलाबपुरा (एस.पी.एस सोनी)। भीलवाड़ा जिले के गुलाबपुरा उपखंड के आगुचा ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंन्त्योदय पखवाड़ शिविर मंगलवार को आगुचा ग्राम में सामुदायिक भवन प्रांगण में आयोजित हुआ! शिविर प्रभारी विकास अधिकारी पंचायत मधुसूदन रत्नू, तहसीलदार रणवीर सिंह, प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़, सरपंच ज्योति नागर ने 9 व्यक्ति को पट्टे दिए! 18 व्यक्ति की पेंशन सत्यापन की! 4 जॉब कार्ड बनाये, विद्युत पोल 2, तारों के संपर्क में आने वाले 9 मामलों बिजली के झूलते हुए 1 फेस्त पर व पानी की 1 टंकी की सफाई अंतिम टेल तक जल वितरण आदि प्रकरण का निस्तारण हुआ! वहीं राजस्व विभाग ने शिविर में सीमा ज्ञान के 13 प्रकरण पत्थर गाड़ी के 6 प्रकार नामांतरण 14 प्रकरण आपसी सहमति बटवारा कर प्रकरण एवं रास्ता खुलने के 5 प्रकरणों का निस्तारण किय! मुख्य रूप से ग्राम मूलजी का खेड़ा में सरकारी रास्ता आराजी नंबर 498, 408 विगत 30 वर्षों से बंद पड़ा था! जिसमें खातेदार रामकुमार जाट को खेत पर आने-जाने में समस्या थी! लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा रास्ता पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीम में गिरदावर जयप्रकाश माली, पटवारी बृजेश मीणा, सुरेश कुमार मीणा, भीम सिंह ने मौके पर बुलडोजर बाबा जेसीबी मशीन को लेकर पहुंचे! रास्ते को खुलवाया जिससे लगभग 100 कास्तकारों को सरकारी आम रास्ते का फायदा मिल सकेगा!

शिविर के दौरान सरकारी योजनाओं के लिए लोगों ने आवेदन करते नजर आए! समाजसेवी जितेंद्र नागर ने शिविर के दौरान स्टेट हाईवे 39 से नवनिर्माण के दौरान आगुचा बाईपास भेरू खेड़ा रोड पर सर्कल बनाने की शिविर में जनहित में मांग की, और बताया कि इसके अभाव में आए दिन दुर्घटना होगी, उक्त जगह ब्लैक स्पोर्ट होने से दुर्घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता! समय रहते समस्या का समाधान हो! शिविर के दौरान प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ सरपंच ज्योति नागर , सहायक विकास अधिकारी प्रभु लाल चौधरी,समाजसेवी जितेंद्र नागर, रामेश्वर नागला, पंचायत समिति पूर्व सदस्य दल्ली चंद गुर्जर, भाजपा ग्रामीण महामंत्री दीपक सेन, भीपाल गुर्जर, रितेश कालिया, मुकेश सोमानी, ग्राम विकास अधिकारी सूरज करण लड्ढा सहित ग्राम वासी मौजूद थे! शिविर के दौरान पौधारोपण भी किया गया!

## शिविर में नामांतरण के 22 प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर से आमजन को मिल रही राहत, त्वरित हो रहे समस्या के समाधान

दास्ताने भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper

(किशन वैष्णव)



शाहपुरा। ग्राम पंचायत गिरडिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी विश्वजीत सिंह उपखंड अधिकारी शाहपुरा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मुख्यालय गिरडीया पर शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे और आमजन की समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा मौके पर विभाजन के 2 तथा रास्तों के 05, सीमाज्ञान के 06 तथा पत्थर गढ़ी के 3 व नामांतरण के 22 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चंबल पेयजल परियोजना के तहत मौके पर प्राप्त आवेदन में ग्रामों में पेयजल की पाइप लाइन में हो रहे लीकेज को शिविर प्रभारी के निर्देश अनुसार ठीक करवाया गया। बिजली विभाग द्वारा लाइन के आसपास पेड़ों से टहनियां की वजह से ट्रिपिंग की समस्या होने के समाधान किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा प्रार्थी पप्पू भील उम्र 43 वर्ष को अक्षय रोग किट वितरित किया गया। शिविर प्रभारी एसडीएम विश्वराज सिंह ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर से आमजन को राहत मिल रही है। किसानों सहित अन्य जरूरतमंद लोगों के समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है। शिविर में समाजसेवी जीएसएस अध्यक्ष देवीलाल गुजर, वीडीओ शंकरलाल मीणा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश योगी, पटवारी हिम्मत सिंह व गोविन्द सिंह उपस्थित रहे।

# गांगलास में आयोजित शिविर में उमड़े लोग, वर्षों से अटके कार्य होने पर चेहरे पर छाई खुशी

दास्तानें भीलवाड़ा
dastanebhilwara app For Free Epaper

(सुरेश चंद्र मेघवंशी)

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को आसींद पंचायत समिति के ग्राम पंचायत गागलास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पकवाड़ा 2025 का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सभी 17 विभागों के कार्य का संपादन किया गया है शिविर में उपस्थित हुए प्राथी रतनलाल रेगर पिता लालाराम रेगर निवासी गांगलास इनके पक्का मकान का आवासीय पट्टा नहीं था राज्य सरकार के निर्देशानुसार इनके आवेदन करवा कर निःशुल्क आवासीय पट्टा



तैयार किया गया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण ने ग्राम पंचायत टीम के साथ मिलकर हाथों हाथ निशुल्क आवासीय पट्टा जारी करके दिया जिससे प्रार्थी ने राजस्थान सरकार में शिविर प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। इस मौके पर आसींद तहसीलदार जयसिंह, विकास अधिकारी भंवर सिंह चारण, सहायक विकास अधिकारी राजमल टेलर, प्रगति प्रसार अधिकारी पूनम कुमारी, सरपंच रामनिवास कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी नेमीचंद शर्मा, कनिष्ठ सहायक चंद्र प्रकाश टेलर, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन के रामलाल गुर्जर पटवारी दीपा चौधरी, परमेश्वर कुमावत गोपाल लाल गुर्जर, कैलाशचंद्र बैरवा सहित पीएचडी, विद्युत विभाग पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग पेंशन और सत्यापन विभाग सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

दैनिक नवज्योति bhilwara - 02 Jul 2025 - Page 13

# शिविरों में समस्याएं लेकर पहुंच रहे ग्रामीण, हो रहा हाथो–हाथ समाधान


लुहारिया के सिडीयास में आयोजित शिविर में लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति


गंगापुर के पोटला में आयोजित शिविर में शिक्षण किट वितरित करते हुए। -नवज्योति


बनेड़ा के मुशी में आयोजित शिविर में उमड़े ग्रामीण। -नवज्योति

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, भीलवाड़ा

जिलेभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों में ग्रामीणों का उत्साह दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। शिविरों में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे और अधिकारी मौके पर ही उन्हें निस्तारित कर रहे हैं। ऐसे में समस्याओं के समाधान होते हुए ग्रामीणों के चेहरों पर खुशियां देखने को मिल रही है।

**बिजौलिया न्यूज सर्विस के अनुसार** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत छोटी बिजौलिया में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल शर्मा ने राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गई और आमजन से अधिकतम लाभ लेने की अपील कि गई। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 04 सीमाज्ञान, 04 पत्थरगडी, 08 नामांतरण, 04 रास्ता प्रकरण, 02 आपसी सहमति से बटवाड़ा प्रकरण का निस्तारण किया गया एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 13 पट्टों का वितरण किया गया। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा टी.बी. रोग से ग्रसित व्यक्तियों को 06 पोषण किट वितरण किए गए। शिविर प्रभारी अजित सिंह राठौड, तहसीलदार ललित डीडवानिया के साथ ही सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**रायला न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के ईरांस ग्राम में आयोजित अंत्योदय संबल कैंप के दौरान शिविर प्रभारी ने प्राप्त समस्याओं का निस्तारण करते हुए ग्रामीणों को योजनाएं की जानकारी दी गई। इस दौरान तहसीलदार जय सिंह, अतिरिक्त विकास अधिकारी सुनील गर्ग, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेश शर्मा, अनिलकुमार जैन, मदन लाल भील, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा, सरपंच जवारा भील, मुकेश चोटिया, पटवारी अनुराधा सामरिया सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे थे।

**पारोली न्यूज सर्विस के अनुसार** अंत्योदय सेवा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बिरधोल पंचायत में आयोजित कैम्प में संगठपुरिया निवासी नाना की पत्नी और भैरूलाल के नाम से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड की जांच की गई। जांच में खाता संख्या 293 और 295 में नाना पत्नी भैरूलाल के नाम से जमीन की दोहरी एंट्री दर्ज थी। कोटड़ी तहसीलदार रामकिशोर मीणा ने बताया कि पटवारी अभिषेक खांडल और गायत्री ने रिकॉर्ड का मिलान करने के बाद ऑनलाइन एंट्री को दुरुस्त किया गया।

**रायपुर न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के बोराणा कस्बे स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को अन्त्योदय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों द्वारा ग्रामीण की समस्याओं का समाधान किया गया। ग्राम निवासी केशु पिता मैना गुर्जर द्वारा खातेदारी भूमि में जाति व ग्राम का नाम संशोधन करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर तहसीलदार भंवरलाल सेन के निर्देशन में भू.अभिलेख निरीक्षक, पटवारी हल्का द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए उक्त आवेदक की जांच की जाकर प्रार्थी का खाते में जाति व ग्राम का नाम संशोधन किया गया।

**बनेड़ा न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुशी में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में प्रभारी विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया के निर्देश पर सभी विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारियां दी। और पात्र लोगों के आवेदन पत्र तैयार किए गए। इस अवसर पर 3 ट्राई साइकिल, 3 एसटी परिवारों को बीज किट, 2 पेंशन, 1 टीबी मरीज को पोषण किट सहित कई लाभ दिए गए। शिविर में नायब तहसीलदार रमेश चंद्र सोनी, प्रशासक लीला देवी कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी धीरज शर्मा, विष्णु सेन सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। उपखंड अधिकारी श्रीकांत व्यास ने अधिकारियों को लोगों को लाभ दिलाकर प्रगति दर्ज करवाने के लिए निर्देशित किया।


मांडल के धुवाला में आयोजित शिविर में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। -नवज्योति


पारोली के बीरधोल में आयोजित शिविर में पात्रधारी को प्रमाण पत्र देते हुए। -नवज्योति


रायला के ईरास में आयोजित शिविर में समस्याएं प्रस्तुत करते ग्रामीण। -नवज्योति


बिजौलिया के छोटी बिजौलिया में आयोजित शिविर में पट्टों का वितरण करते हुए। -नवज्योति

**मांडल न्यूज सर्विस के अनुसार** अंत्योदय सेवा पखवाड़ा के तहत मांडल उपखंड की धुंवाला ग्राम पंचायत में मंगलवार को जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत राज, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर कई प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया। धुंवाला निवासी प्रेम देवी पत्नी गोवर्धन व मोहन पुत्र लादूलाल बैरवा का वर्षों पुराना भूमि विवाद का मामला उपखण्ड अधिकारी सी.एल. शर्मा की उपस्थिति में रखा। राजस्व विभाग की टीम ने दोनों पक्षों की समझाइश के बाद आपसी सहमति से आराजी संख्या 3008/949, रकबा 0.5059 हैक्टेयर भूमि का बंटवारा मौके पर ही किया। वहीं किसानों की खाता दुरुस्ती सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य भी पूर्ण किए गए, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली।

**लुहारिया न्यूज सर्विस के अनुसार** सिडीयास पंचायत में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी सी.एल. शर्मा ने विभागों के अधिकारी व कर्मचारी को कहा कि छोटे-मोटे कार्यों के लिए ग्रामीण जनता को बार-बार न घुमाएं एवं तय समय पर उनके कार्यों का निस्तारण करें। सिडीयास के गणेशपुरा वासियों के लिए शिविर वरदान साबित हुआ। इस दौरान एक दो नहीं बल्कि तीन-ती ग्रामीणों के काम होने पर सभी खुशी से झूम उठे। शिविर में तहसीलदार लक्ष्मीलाल शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी पवन मंडोवरा, ग्राम विकास अधिकारी बहादुर सिंह, कार्यवाहक पीईईओ रामप्रसाद माणम्या सहित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

**गंगापुर न्यूज सर्विस के अनुसार** क्षेत्र के पोटला पंचायत में आयोजित शिविर में विधायक लादू लाल पितलिया भी पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक को आबादी क्षेत्र मे हो रहे अतिक्रमण हटाने की मांग की। विधायक ने उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई को ग्राम पंचायत को पुलिस जाप्ता उपलब्ध करवा कर अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। वहीं किसानों के विद्युत कनेक्शन में की जा रही ढीलाई पर बिजली विभाग को तत्काल कनेक्शन करने के लिए निर्देश दिए। किसानो को राजस्व रेकार्ड के कामकाज से राहत मिली। इस मोके पर नायब तहसीलदार प्रेमचंद भील, ब्लॉक सीएमएचओ विपिन शर्मा, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्या- डीसी-इन्जी0-ई-2025-112 दिनांक 27.06.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/डीसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम - डीसी डिवीज़न (पोजीशन ऑफ़ ऑल बैलेंस फैसिलिटी) चौर डिसंग्जन एट खोह, अतर्रा, शिवरामपुर, भरतकूप, बदौसा, डिंगवाई, मटौन्ध, कबरई, इन महोबा - माणिकपुर सेक्शन एंड कटहरा रोड, चौरार, पतारा, भरवा सुमेरपुर, रागौल इन बॉदा - कानपुर सेक्शन।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (रू)- ₹ 23078165.85 | अमानत राशि (रू)- ₹ 265400.00 |
| निविदा बन्द होने की तिथि: 21.07.2025 at 15:00 hrs. | |
| स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि 12 माह | |

- निविदा दिनांक 21.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1126/25 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

DNA 359220

दैनिक नवज्योति bhilwara - 02 Jul 2025 - Page 13

# अंत्योदय संबल शिविर में ग्रामीणों को मिला त्वरित समाधान

## गिरडिया पंचायत में दर्जनों प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निस्तारण

न्यूज सर्विस/नवज्योति, शाहपुरा

जिला कलक्टर भीलवाड़ा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत गिरडिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी विश्वजीत सिंह उपखंड अधिकारी शाहपुरा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर का आयोजित शिविर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे और आमजन की समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा मौके पर विभाजन के 2, रास्तों के 05, सीमाज्ञान के 06 तथा पत्थरगढ़ी के 3 व नामांतरण के 22 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चंबल पेयजल परियोजना के तहत मौके पर प्राप्त आवेदन में ग्रामों में पेयजल की पाइप लाइन में हो रहे लीकेज को शिविर प्रभारी सिंह के निर्देश अनुसार ठीक करवाया गया। बिजली विभाग द्वारा लाइन के आसपास पेड़ों से टहनियां की वजह से ट्रिपिंग की समस्या होने के समाधान किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा प्रार्थी पप्पू भील उम्र 43 वर्ष को क्षय रोग किट वितरित किया गया। शिविर में समाजसेवी जीएसएस अध्यक्ष देवीलाल गुजर, ग्राम विकास अधिकारी शंकरलाल मीणा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश योगी, पटवारी हिम्मत सिंह व गोविन्द सिंह उपस्थित रहे।



शाहपुरा। अंत्योदय संबल शिविर में क्षय रोगी को मेडिकल किट देते शिविर प्रभारी। -गणेश सुगन्धी

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह अभियान

नि:शुल्क शिवि

दैनिक दिशा ध्वज
दि. 02-7-2025

# अंत्योदय शिविर बना समाधान का माध्यम



दिशा न्यूज। झालावाड.

ग्राम पचायत तिसाई मे मगलवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अत्योदय सम्बल शिविर ग्रामीणो के लिए समाधान का प्रभावी मच साबित हुआ। इस शिविर मे ग्राम तिसाई निवासी कृषक मेहरबान सिह पुत्र दानू सिह ने वर्षो से चली आ रही नामकरण शुद्धि की समस्या को लेकर भाग लिया।

[illegible]

दस्तावेजो मे नाम की दोहरी प्रविष्टि की परेशानी झेल रहे थे, जिससे उन्हे सरकारी योजनाओ का लाभ उठाने मे कठिनाई हो रही थी। शिविर मे पहुंचकर उन्होने अपनी समस्या तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया के समक्ष रखी। तहसीलदार ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही सबधित पटवारी को निर्देशित किया। पटवारी द्वारा आवश्यक जाच और दस्तावेज [illegible]

पूरी की गई।

• समस्या के त्वरित समाधान से कृषक मेहरबान सिह अत्यत प्रसन्न हुए और राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीणो के लिए किसी वरदान से कम नही है, जहा एक ही स्थान पर विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहते है और तत्काल समाधान सभव होता है।

यह प्रकरण इस बात का सजीव प्रमाण है कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित अत्योदय सम्बल शिविर ग्रामीण जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का माध्यम बनते जा रहे है। ऐसे शिविर निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए ताकि अंतिम व्यक्ति तक शासन की [illegible]



# शिविर में प्रार्थना पत्र देते ही हुआ समस्या का समाधान

दिशा न्यूज। झालावाड.

पण्डित [illegible] उपाध्याय [illegible] सम्बल पखवाडा के तहत [illegible] की ग्राम पचायत तीतरवासा मे आयोजित शिविर मे आवेदक कान्ता बाई पत्नि भवानीलाल जाति धाकड द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खेत मे बुआई हेतु रास्ते की माग की गई। जिस पर शिविर प्रभारी तहसीलदार नरेन्द्र कुमार मीणा, नायब तहसीलदार हरिशकर जांगिड द्वारा मय राजस्व टीम व मण्डल अध्यक्ष संतोष कुमारी तुरंत मौके पर पहुचे। मौके पर सुजानसिह के साथ प्रार्थिया कान्ता बाई को बुआई हेतु रास्ता खुलासा करवाने के लिए समझाईश की गई जिस पर सुजान सिंह द्वारा सहमति प्रकट कर रास्ते पर की गई पत्थर की कोट को जेसीबी से हटाकर रास्ता खुलासा कर दिया गया। रास्ता खुलासा होने पर प्रार्थिया कान्ता बाई द्वारा राज्य सरकार एव जिला प्रशासन को शिविर लगाने हेतु कोटि कोटि धन्यवाद दिया गया।

दैनिक चम्बल सन्देश
दि. 02-7-2025

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल शिविरों में वर्षों पुरानी समस्याओं का हो रहा तत्काल समाधान







**संदेश न्यूज। बकानी.** बकानी ग्राम पंचायत बकानी मे दिनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत मंगलवार को अम्बेडकर भवन में समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रास्तों के प्रकरण आपसी सहमति से बंटवारे, सीमा ज्ञान पत्थरगढ़ी, बंटवारे आदि कार्य किए गए। इस अवसर पंचायत प्रसार अधिकारी, नरवरसिंह लोधा, नायब तहसीलदार, कानूनगो जयराज मंडोत,, डाक्टर अर्श महबूब, ग्राम विकास अधिकारी संजय उपाध्याय, विजय मेहर, पटवारी सहित अन्य विभागों अधिकारी उपस्थित थे।



**संदेश न्यूज। आवर.**

पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन हुआ। शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार शंभु शरण शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग ने सीमा ज्ञान के दो प्रकरण रास्ते के पांच प्रकरण एवं पेंशन के 10 आवेदन प्राप्त हुए।

एक प्रधानमंत्री आवास का प्रकरण स्वीकृति के लिए भेजा गया। उपसरपंच तूफान सिंह की ओर से टीबी मरीजों को पोषण किट निशुल्क वितरण किए गए। शिविर में किसान संघ के जिला मंत्री रामगोपाल व्यास ने कस्बे में हो रहे सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारी हटाने के लिए उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया। शिविर में प्रशासक अमर लाल बागरी ग्राम विकास अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा पटवारी सिकंदरसिंह एलडीसी मानसिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

**झालावाड़.** ग्राम पंचायत तिसाई में मंगलवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल शिविर ग्रामीणों के लिए समाधान का प्रभावी मंच साबित हुआ। इस शिविर में ग्राम तिसाई निवासी कृषक मेहरबान सिंह पुत्र दानु सिंह ने वर्षों से चली आ रही नामकरण शुद्धि की समस्या को लेकर भाग लिया।

मेहरबान सिंह लंबे समय से दस्तावेजों में नाम की त्रुटि प्रविष्टि की परेशानी झेल रहे थे, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में कठिनाई हो रही थी। शिविर में पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्या तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया के समक्ष रखी। तहसीलदार ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही संबंधित पटवारी को निर्देशित किया। पटवारी द्वारा आवश्यक जांच और दस्तावेज सत्यापन उपरांत नाम शुद्धि की प्रक्रिया पूरी की गई। समस्या के त्वरित समाधान से कृषक मेहरबान सिंह अत्यंत प्रसन्न हुए और राज्य सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं और तत्काल समाधान संभव होता है। ग्राम पंचायत तीतरवासा में आयोजित शिविर में आवेदक कान्ता बाई प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर खेत में बुआई के लिए रास्ते की मांग की गई। जिस पर शिविर प्रभारी तहसीलदार नरेन्द्र कुमार मीणा, नायब तहसीलदार हरिशंकर जांगिड द्वारा मय राजस्व टीम व मण्डल अध्यक्ष संतोष कुमारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर सुजानसिंह के साथ प्रार्थिया कान्ता बाई को बुआई हेतु रास्ता खुलासा करवाने के लिए समझाइश की गई। जिस पर सुजान सिंह द्वारा सहमति प्रकट कर रास्ते पर की गई पत्थर की कोट को जेसीबी से हटाकर रास्ता खुलासा कर दिया गया। तहसील पिड़ावा की ग्राम पंचायत नौलाई में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईश्वर सिंह पुत्र दुल्हेसिंह, उमराव सिंह पुत्र मांगीलाल, डूंगर सिंह पुत्र मांगीलाल, तोफान सिंह पुत्र शिवलाल, बालुसिंह पुत्र मांगीलाल, भैरूसिंह पुत्र शिवलाल, मांगुसिंह पुत्र शिवलाल, मानकुंवर बाई पत्नी भगवान सिंह, मानसिंह पुत्र मांगीलाल रघुनाथ सिंह पुत्र दुलेसिंह के द्वारा ग्राम नौलाई खाता स. 223 खसरा न. 1301/394 कुल रकबा 3.4779 हे. आराजी के बंटवारा हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार पिड़ावा द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए राजस्व टीम के साथ प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर काश्तकारो में आपसी सहमति से बंटवारा करवाया गया।

**खानपुर.** ग्राम पंचायत बेसार मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर का मंगलवार को आयोजन किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि जनपद अमरलाल जादम, अध्यक्षता बेसार सरपंच मदनलाल वर्मा ने की। शिविर प्रभारी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी रामलखन मेघवाल ने बताया कि शिविर मे पशुपालन, पशु चिकित्सा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज व विभिन्न विभागो की योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। ग्राम वासियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। साथ ही पौधारोपण के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया।

शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम विकास अधिकारी शबनम परवेज, वार्ड पंच रामभरोस मेघवाल, रामकरण मेघवाल, बाबूलाल गौड़, गजानंद बेरवा, हनुमान रामावत सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
दि 02-7-2025

आयोजन • जिले में कई स्थानों पर लगाए शिविर, बड़ी संख्या में समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीण, किया निस्तारण

# शिविर में सीमाज्ञान, खातों के बंटवारे और रास्तों के कई प्रकरण निबटाए, मिली राहत

भास्कर न्यूज | छबड़ा

पनवाड़ कस्बे व पचपहाड़ में सोमवार और बिशनखेड़ी में मंगलवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। अध्यक्षता वर्तमान प्रशासक सरपंच देवराज सिंह सोलंकी ने की, पचपहाड़ में प्रशासक गोविंद प्रसाद मेहता व बिशनखेड़ी में प्रशासक लेखराज बैरवा ने अध्यक्षता की। जबकि शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार योगेंद्र यादव, बीडीओ बालचंद नागर एवं कानूनगो दिनेश मीणा व हल्का पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया। पनवाड़ शिविर में क 2 रास्तों से संबंधित प्रकरण, 2 भूमि बंटवारे, 3 सीमांकन, 4 राजस्व मामले, 7 शिक्षा, 11 कृषि, 5 चिकित्सा, 12 स्वास्थ्य कार्ड, 2 खाद्य सुरक्षा, 21 बिजली, 3 पेंशन, पशुपालन विभाग से संबंधित प्रकरण एवं 1000 पौधरोपण किया। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं में आवेदन और निस्तारण की प्रक्रिया भी पूरी की गई। पचपहाड़ व बिशनखेड़ी में भी शिविर में शिकायतों का त्वरित समाधान हुआ। आगामी शिविर 2 जुलाई को भगवानपुरा एवं मरायता, 3 जुलाई को लायफल, 4 जुलाई को सरखेड़िया और 7 जुलाई को हरिगढ़ ग्राम पंचायत परिसर में होंगे।



आवर. पगारिया शिविर के दौरान समस्याओं को लेकर प्रभारी को ज्ञापन देते किसान संघ के पदाधिकारी।

## पगारिया ग्राम पंचायत में लगाया शिविर

आवर| ग्राम पंचायत मुख्यालय पगारिया में मंगलवार को अंत्योदय पखवाड़े में शिविर का आयोजन किया। शिविर प्रभारी शंभुशरण श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व पेंशन के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में मौजूद उपसरपंच सुजानसिंह ने टीबी किट वितरण किए गए। किसान संघ के रामगोपाल व्यास ने शिविर में ज्ञापन दिया, जिसमें अतिक्रमण एवं रोड की दोनों साइड दुकानदारों ने सामान रख रखे हैं। इससे आए दिन ट्रैफिक जाम होता है। बरसात का पानी जमा होने से दो पहिया वाहन चालक फिसलते रहते हैं। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा, पटवारी आशा सहयोगिनी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बकानी में खाते का बंटवारा किया, किट बांटे



बकानी| ग्राम पंचायत बकानी में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में मंगलवार को अम्बेडकर भवन में समस्या समाधान शिविर लगाया। शिविर में कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में रास्तों के प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारे, सीमा ज्ञान, पत्थर गढ़ी, बंटवारे किए। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने साथ शिविर निक्षय टीबी मुक्त किट वितरण किए। स्वामित्व पट्टों का वितरण किया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग आदि की गई। इस अवसर पंचायत प्रसार अधिकारी, नरवरसिंह लोधा, नायब तहसीलदार, कानूनगो जयराज मंडोत, डॉक्टर अर्श महबूब, ग्राम विकास अधिकारी संजय उपाध्याय, विजय मेहर, पटवारी सहित अन्य विभागों अधिकारी उपस्थित रहे।

## योजनाओं की जानकारी दी

खानपुर| बैसार पंचायत मुख्यालय पर लगे शिविर में ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के मुख्य अतिथि अमरलाल जादम, अध्यक्षता बैसार प्रशासक मदनलाल वर्मा ने की। शिविर प्रभारी रामलखन मेघवाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया। समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। साथ ही पौधरोपण के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी शबनम परवेज, वार्ड पंच रामभरोस मेघवाल, रामकरण मेघवाल, बाबूलाल गौड़, गजानंद बैरवा, हनुमान रामावत मौजूद रहे।

## देवरी चंचल एवं नयापुरा में भी लगाए शिविर

अकलेरा| अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत देवरी चंचल एवं नयापुरा में शिविर लगाए। मुख्य अतिथि विधायक गोविंद रानीपुरिया रहे। शिविर में बिजली, पानी, खाद्य सुरक्षा, बंटवारा, खेत पर जाने वाला रास्ता, पेंशन सहित अन्य समस्याओं के बारे में लोगों ने विधायक को अवगत कराया। समस्याओं का मौके पर निराकरण करवाया। साथ ही विधायक ने लोगों को जन कल्याण योजना के बारे में जानकारी दी।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# रठांजना शिविर में दिव्यांग को हाथों हाथ मिला आवासीय पट्टा

**पदमावत मीडिया**



**प्रतापगढ़** । पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 29 जून को ग्राम पंचायत रठांजना में आयोजित शिविर में दिव्यांगजन दिनेश चन्द्र कुमावत को हाथों हाथ आवासीय पट्टा मिला। लंबे समय से आवास की समस्या से जूझ रहे दिनेश ने शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया और पट्टे के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही दस्तावेज तैयार कर दिनेश जी को आवासीय पट्टा जारी किया। इससे न सिर्फ उनकी एक बड़ी परेशानी का समाधान हुआ बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक संबल भी मिला। श्री दिनेश ने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला प्रशासन, सरपंच सुन्दर बाई , उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, और ग्राम पंचायत का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## 2 जुलाई को यहां आयोजित होंगे

2 जुलाई को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गरड़ा, पहाडा, चारणिया, चरी, धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नकोर, ग्यासपुर, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रतनपुरिया, प्रतापगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बसेरा, बसाड़, बमोत्तर, दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लुहारखाली, कानगढ़, अरनोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोटड़ी, नौगांवा, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोहनिया, जैथलिया, छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेमरथली, सेमरडा व बसेड़ा में शिविर आयोजित होंगे।

**रठांजना में शिविर आयोजित : पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा**

# दिव्यांग को हाथों हाथ मिला आवासीय पट्टा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रतापगढ़.** पण्डित **दीनदयाल** उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत रठांजना में आयोजित शिविर **में** दिव्यांगजन दिनेशचन्द्र कुमावत **को** हाथों हाथ आवासीय पट्टा मिला। लंबे समय से आवास की समस्या से जूझ रहे दिनेश ने शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत **कराया और** पट्टे के लिए प्रार्थना **पत्र सौंपा। प्रशासन** की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही दस्तावेज तैयार कर दिनेश को आवासीय पट्टा जारी किया। इससे **न** सिर्फ उनकी एक बड़ी परेशानी **का** समाधान हुआ, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक **संबल** भी मिला। इस सहायता के लिए माननीय मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा**, जिला **प्रशासन**, सरपंच **मुन्दर बाई**, उपखण्ड अधिकारी, **तहसीलदार**, विकास अधिकारी, **सहायक** विकास अधिकारी, **और ग्राम पंचायत का** आभार व्यक्त किया। जिले में बुधवार को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गरड़ा, पहाड़ा, चारणिया, चरी, धमोत्तर पंचायत समिति की **ग्राम** पंचायत नकोर, ग्यासपुर, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रतनपुरिया, **प्रतापगढ़** पंचायत समिति की ग्राम **पंचायत** बसेरा, बसाड़, बमोत्तर, **दलोट** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लुहारखाली, कानगढ़, अरनोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोटड़ी, नौगांवा, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोबनिया, जैथलिया, छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेमरथली, सेमरडा व बसेड़ा में शिविर आयोजित होंगे।



रठांजना में आयोजित शिविर में पट्आ देते हुए।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

# दिव्यांग को हाथों हाथ मिला आवासीय पट्टा



**प्रतापगढ़।** रठांजना में आयोजित शिविर में दिव्यांगजन दिनेश चन्द्र कुमावत को हाथों हाथ आवासीय पट्टा मिला।

**नवज्योति ब्यूरो, प्रतापगढ़।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 29 जून को ग्राम पंचायत रठांजना में आयोजित शिविर में दिव्यांगजन दिनेश चन्द्र कुमावत को हाथों हाथ आवासीय पट्टा मिला। लंबे समय से आवास की समस्या से जूझ रहे दिनेश ने शिविर में उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया और पट्टे के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही दस्तावेज तैयार कर दिनेश जी को आवासीय पट्टा जारी किया। इससे न सिर्फ उनकी एक बड़ी परेशानी का समाधान हुआ बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक संबल भी मिला। दिनेश ने इस सहायता के लिए माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जिला प्रशासन, सरपंच सुन्दर बाई , उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, और ग्राम पंचायत का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**आज यहां लगेंगे :** बुधवार को धरियावद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गरड़ा, पहाडा, चारणिया, चरी, धमोत्तर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नकोर, ग्यासपुर, सुहागपुरा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रतनपुरिया, प्रतापगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बसेरा, बसाड़, बमोत्तर, दलोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लुहरखाली, कानगढ़, अरनोद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोटड़ी, नौगांवा, पीपलखूंट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सोबनिया, जैथलिया, छोटीसादड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेमरथली, सेमरडा व बसेड़ा में शिविर आयोजित होंगे।

# मनीराम मेघवाल को शिविर में मिला घर का पट्टा तो जताया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार



**हमारा गगन**

चूरू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील सोच के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में चल रहे शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

मंगलवार को चूरू के ढाढ़र में आयोजित शिविर गांव के ही मनीराम पुत्र लेखराम मेघवाल को जब उनकी आवासीय भूमि का पट्टा मिला तो अपनी खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। मनीराम बताते हैं कि करीब 45 वर्षों से उनका परिवार गांव में निवास कर रहा हैं, लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी पट्टा नहीं मिला।

वह बताते हैं कि सरकार की स्वामित्व योजना अन्तर्गत उन्हें उनके पुश्तैनी घर का मालिकाना हक मिला है। वह बताते हैं कि सम्पति कार्ड मिलने से पहले उनके पास उनकी जमीन के कोई अधिकारिक दस्तावेज नहीं थे, जिससे इनको बैंक से ऋण आदि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा था। अब उन्हें पट्टा मिलने से वह विभिन्न योजनाओं में भी लाभ ले सकेंगे। मनीराम ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन शिविरों से आमजन को काफी लाभ मिल रहा है।

जनमानस शेखावाटी न्यूज 02.07.2025

# मनीराम मेघवाल को शिविर में मिला घर का पट्टा तो जताया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार

**जनमानस शेखावाटी न्यूज़**



**चूरू/ मोहम्मद अली पठान।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील सोच के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में चल रहे शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। मंगलवार को चूरू के ढाढ़र में आयोजित शिविर गांव के ही मनीराम पुत्र लेखराम मेघवाल को जब उनकी आवासीय भूमि का पट्टा मिला तो अपनी खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। मनीराम बताते हैं कि करीब 45 वर्षों से उनका परिवार गांव में ?निवास कर रहा हैं, लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी पट्टा नहीं मिला। वह बताते हैं कि सरकार की स्वामित्व योजना अन्तर्गत उन्हें उनके पुश्तैनी घर का मालिकाना हक मिला है। वह बताते हैं कि सम्पति कार्ड मिलने से पहले उनके पास उनकी जमीन के कोई अधिकारिक दस्तावेज नहीं थे, जिससे इनको बैंक से ऋण आदि सहित वि?भिन्न योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा था। अब उन्हें पट्टा मिलने से वह विभिन्न योजनाओं में भी लाभ ले सकेंगे। मनीराम ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन शिविरों से आमजन को काफी लाभ मिल रहा है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बना प्रेमाराम के बुढ़ापे का सहारा, शिविर में ही मिला पेंशन स्वीकृति आदेश

**जनमानस शेखावाटी न्यूज़**



**चूरू/ मोहम्मद अली पठान।** जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित हो रहे शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। मंगलवार को चूरू जिले के बीदासर उपखंड क्षेत्र की ज्याक ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर ज्याक के 58 वर्षीय प्रेमाराम के बुढ़ापे का सहारा बनकर आया। प्रेमाराम ने शिविर में उपस्थित होकर अवगत करवाया कि उनके द्वारा 29 मई, 2025 को वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया गया था। इस पर शिविर में उपस्थित सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया ने विकास अधिकारी को पीपीओ जारी करने हेतु निर्देशित किया। विकास अधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रेमाराम को पेंशन स्वीकृति आदेश जारी किया।

प्रेमाराम ने पेंशन स्वीकृति आदेश प्राप्त कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे यह शिविर उनके बुढ़ापे का सहारा बनकर आएं हैं। इन शिविरों में लोक कल्याणकारी कार्य कर आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर बना प्रेमाराम के बुढ़ापे का सहारा, शिविर में ही मिला पेंशन स्वीकृति आदेश



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित हो रहे शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। मंगलवार को चूरू जिले के बीदासर उपखंड क्षेत्र की ज्याक ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर ज्याक के 58 वर्षीय प्रेमाराम के बुढ़ापे का सहारा बनकर आया। प्रेमाराम ने शिविर में उपस्थित होकर अवगत करवाया कि उनकी ओर से 29 मई को वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया गया था। इस पर शिविर में उपस्थित सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया ने विकास अधिकारी को पीपीओ जारी करने के लिए निर्देशित किया। विकास अधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रेमाराम को पेंशन स्वीकृति आदेश जारी किया। प्रेमाराम ने पेंशन स्वीकृति आदेश प्राप्त कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की ओर से चलाए जा रहे यह शिविर उनके बुढ़ापे का सहारा बनकर आएं हैं। इन शिविरों में लोक कल्याणकारी कार्य कर आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है।

# मनीराम मेघवाल को शिविर में मिला घर का पट्टा तो जताया मुख्यमंत्री भजनलाल का आभार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील सोच के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में चल रहे शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। मंगलवार को चूरू के ढाढ़र में आयोजित शिविर गांव के ही मनीराम पुत्र लेखराम मेघवाल को जब उनकी आवासीय भूमि का पट्टा मिला तो अपनी खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। मनीराम बताते हैं कि करीब 45 वर्षों से उनका परिवार गांव में निवास कर रहा है, लेकिन उनके परिवार को आबादी क्षेत्र में होने के बावजूद भी पट्टा नहीं मिला। वह बताते हैं कि सरकार की स्वामित्व योजना अन्तर्गत उन्हें उनके पुश्तैनी घर का मालिकाना हक मिला है। वह बताते हैं कि सम्पति कार्ड मिलने से पहले उनके पास उनकी जमीन के कोई अधिकारिक दस्तावेज नहीं थे, जिससे इनको बैंक से ऋण आदि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा था। अब उन्हें पट्टा मिलने से वह विभिन्न योजनाओं में भी लाभ ले सकेंगे। मनीराम ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन शिविरों से आमजन को काफी लाभ मिल रहा है।

# अनाथ बच्चों के लालन-पोषण में 'पालनहार योजना' बनी सहारा

## अंत्योदय शिविर में आठ अनाथ बच्चों को योजना में जुड़वाकर राहत प्रदान

**मरूधर विशेष**



**हनुमानगढ़, (प्रभु राम):** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत सुरेवाला व डबली कलां में आयोजित जनकल्याण शिविर ने अनाथ बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर काम किया। शिविर के दौरान तीन एकल महिला पेंशनर और एक तलाकशुदा महिला के कुल आठ अनाथ बच्चों को पालनहार योजना में शामिल कर उनका पालन-पोषण सुनिश्चित किया गया।

सुरेवाला में दो एकल महिला पेंशनर– सोमा बाई पत्नी राजू और सुमन पत्नी कुलविंद्र सिंह–के साथ ही तलाकशुदा सुमन लता के बच्चों को योजना में नामांकित किया गया। सोमा बाई की बेटियाँ लक्ष्मीबाई, खुशी व पूजा तथा सुमन के पुत्र शिवजोत व हरमन को लाभ मिला। तलाकशुदा सुमन लता की बेटी मन्नत कौर को भी योजना का लाभ दिया गया। डबली कलां की एकल महिला पेंशनर शकुंतला की बेटियाँ ज्योति व आइना भी इस सुविधा से जुड़ गईं।

सोमा बाई ने बताया कि छह माह पूर्व पति के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियाँ अकेले निभाना मुश्किल था। "अब पालनहार योजना से मेरे तीनों बच्चों को समय पर पोषण और शिक्षा का आश्वासन मिला है"। अन्य अभिभावकों ने भी प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।

इस अवसर पर एसडीएम सत्यनारायण सुथार, तहसीलदार हरीश टाक, शिविर प्रभारी बेअंत सिंह, सह प्रभारी राम सिंह शेखावत , ग्राम प्रशासक सुरज राम पंवार एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन-नियंत्रित योजनाएँ समय-समय पर इसी तरह के शिविरों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों तक पहुंचती रहेंगी।

Scanned with CamScanner

# तीन दशक पुरानी परेशानी का समाधान, डबली कलां के किसानों को मिला राहत का रास्ता



*रास्ता खुलवाते हुए अधिकारी।* *(प्रभु राम)*

टिब्बी, 1 जुलाई (प्रभु राम): पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत टिब्बी ब्लॉक की ग्राम पंचायत डबली कलां में मंगलवार को आयोजित जनकल्याण शिविर आमजन के लिए राहत का जरिया बना। शिविर के दौरान चक 9 डी.बी.एल. में तीन दशक से संकरे रास्ते को लेकर चला आ रहा विवाद राजस्व विभाग की समझाइश और दोनों पक्षों की सहमति से सुलझ गया।

किसान दलवारा सिंह और उनके चचेरे भाई के बीच आपसी विवाद के चलते 30 वर्षों से केवल 8 फीट चौड़ा रास्ता किसानों की आवाजाही के लिए उपलब्ध था, जिससे ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की आवाजाही में बार-बार विवाद व असुविधा उत्पन्न होती थी। आमने-सामने से आने वाले ट्रैक्टरों की टक्कर तक की नौबत कई बार आ चुकी थी।

शिविर के मौके पर राजस्व टीम ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और शांतिपूर्ण सहमति से रास्ता खुलवाया गया, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। रास्ते के चौड़ा होने से अब बड़ी मशीनरी, ट्रैक्टर व अन्य कृषि गतिविधियों में सुविधा मिलेगी।

इस मौके पर नायब तहसीलदार सूर्य देव स्वामी, गिरदावर सुखदेव सहारण, पटवारी मदन लाल एवं पटवारी सुभाष पूनिया मौके पर मौजूद रहे और समाधान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

ग्रामीणों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि शिविर से हमारे लिए सचमुच राहत का रास्ता निकला है।

Scanned with CamScanner

# कुंजी पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर में ग्रामीण हुए लाभान्वित

**इबादत न्यूज**

**भादरा, 1 जुलाई। (एन.जे.)** कुंजी में मंगलवार सुबह पंचायत भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन पंचायत समिति विकास अधिकारी शीला देवी के सानिध्य में किया गया। विकास अधिकारी शीला देवी ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही।

शिविर में ग्राम पंचायत कुंजी में प्रोपर्टी पार्सल वितरण खाद्य सुरक्षा के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करवाया गया एवं सामाजिक सुरक्षा पैंशन के लाभार्थियों के आवेदन तैयार करवाए गए।

शिविर में स्वास्थ विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ राजस्व विभाग द्वारा किसानों के खाता विभाजन, नाम शुद्धिकरण, रास्ता स्वीकृति के कार्य किए गए।



ग्राम पंचायत कुंजी परिसर में निवर्तमान सरपंच व प्रशासक भतेरीदेवी डूडी, ग्राम विकास अधिकारी सरजीत स्वामी, रविकुमार चौहान नवीन चन्द्र प्रगति प्रसार अधिकारी संजय बिजारणिया ने पौधारोपण किया एवं हरीराम डूडी, जगदीश ने इन पौधों के पोषण एवं सुरक्षा का जिम्मा लिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक नितिन कुमार बंसल के आदेश

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

तलाकशुदा सुमन लता का बेटा विभाग के अधिकारियों का आभार

# 25 साल पुराना भूमि विवाद शिविर में सुलझा, 36 नामांतरण मौके पर स्वीकृत

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़/रावतसर



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत 6-7 डीडब्ल्यूडी में आयोजित प्रशासनिक शिविर में वर्षों पुराने विवाद का समाधान हुआ। शिविर के दौरान राजस्व विभाग ने करीब 25 वर्षों से लंबित भूमि विभाजन प्रकरण का निस्तारण मौके पर कर दिया। प्रकरण ग्राम 7 डीडब्ल्यूडी के नंदकिशोर व गणेश कुमार पुत्र बृजलाल से जुड़ा था, जिनके बीच संयुक्त कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर लंबे समय से मतभेद बना हुआ था। शिविर में प्रशासन की पहल एवं समझाइश से दोनों पक्षों में सहमति बनी और विवादित खाता का मौके पर ही विभाजन किया गया। इस समाधान से दोनों पक्षों ने राहत की सांस ली और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। राजस्व टीम में उपखंड अधिकारी संजय अग्रवाल, नायब तहसीलदार देवीलाल बालान, गिरदावर शिवकुमार बिश्नोई और पटवारी राजाराम सहित अन्य मौजूद रहे, जिन्होंने मौके पर तत्परता से कार्यवाही कर यह पुराना विवाद सुलझाया। इसके अलावा शिविर में 36 लंबित नामांतरण प्रकरणों को भी तत्काल स्वीकृत कर संबंधित लाभार्थियों को राहत दी गई। प्रार्थीगण ने न्यायसंगत समाधान एवं समय पर कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया और कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रशासन की संवेदनशीलता का प्रतीक बन रहे हैं।

# कौशल जोशी को जन्मदिन मुबारक



तेज रिपोर्टर. चारणवासी। चक जोशियों की ढ़ाणी (रतनपुरा) के कौशल जोशी के जन्मदिन पर बनवारी लाल जोशी (दादा), दीनदयाल - विमला (पापा - मम्मी), प्रहलाद -जेता, महेंद्र - सरोज (बड़े पापा-मम्मी), लेखराम - मोनिका(नाना-नानी), लीलावती -रामकुमार, कृष्णा -ब्रह्म दत्त,सुनीता- मुकेश (भुआ - फूंफा), धर्मवीर -अनीता, राजेश- लक्ष्मी (भाई -भाभी), मंजू -अनिल कुमार (बहन-बहनोई), भंवरलाल-सुमन, रूपेश -दीपिका (मामा- मामी), सौरभ, कपिश दयाल, अंकित, आशीष, कनिष्का खुशी (भाई -बहन)सहित जोशी परिवार व शुभ चिंतकों ने शुभकामनाएं दी।

राजस्थान निगम

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

जनधारी प्रसाद आदि प्रमुख रूप से बेहद संतुष्ट दिखे और मौके पर ही मजबूत हो रहा है।

# तीन दशक पुरानी परेशानी का समाधान

## *किसानों को मिला राहत का रास्ता, राजस्व विभाग ने समझाइश से सुलझाया विवाद*

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़/टिब्बी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत टिब्बी ब्लॉक की ग्राम पंचायत डबली कलां में मंगलवार को आयोजित जनकल्याण शिविर आमजन के लिए राहत का जरिया बना। शिविर के दौरान चक 9 डीबीएल में तीन दशक से संकरे रास्ते को लेकर चला आ रहा विवाद राजस्व विभाग की समझाइश और दोनों पक्षों की सहमति से सुलझ गया। किसान दलवारा सिंह और उनके चचेरे भाई के बीच आपसी विवाद के चलते 30 वर्षों से केवल 8 फीट चौड़ा रास्ता किसानों की आवाजाही के लिए उपलब्ध था, जिससे ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की आवाजाही में बार-बार विवाद व असुविधा उत्पन्न होती थी। आमने-सामने से आने वाले ट्रैक्टरों की टक्कर तक की नौबत कई बार आ चुकी थी। शिविर के मौके पर राजस्व टीम ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और शांतिपूर्ण सहमति से रास्ता खुलवाया गया, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। रास्ते के चौड़ा होने से अब बड़ी मशीनरी, ट्रैक्टर व अन्य कृषि गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी। किसानों ने प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से जमीनी स्तर की समस्याओं का तुरंत समाधान होता है और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। इस मौके पर नायब तहसीलदार सूर्य देव स्वामी, गिरदावर सुखदेव सहारण, पटवारी मदन लाल एवं पटवारी सुभाष पूनिया मौके पर मौजूद रहे और समाधान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि 'शिविर से हमारे लिए सचमुच राहत का रास्ता निकला है।'

# पीएम जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ पर शिविर आयोजित

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# सफलता की कहानी: अनाथ बच्चों के लालन पोषण में 'पालनहार योजना' बनी सहारा

## अंत्योदय शिविर में आठ अनाथ बच्चों को योजना में जुड़वाकर राहत प्रदान

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़/टिब्बी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत सुरेवाला व डबली कलां में आयोजित जनकल्याण शिविर ने अनाथ बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बनकर काम किया। शिविर के दौरान तीन एकल महिला पेंशनर और एक तलाकशुदा महिला के कुल आठ अनाथ बच्चों को पालनहार योजना में शामिल कर उनका पालन-पोषण सुनिश्चित किया गया। सुरेवाला में दो एकल महिला पेंशनर–सोमा बाई पत्नी राजू और सुमन पत्नी कुलविंद्र सिंह–के साथ ही तलाकशुदा सुमन लता के बच्चों को योजना में नामांकित किया गया। सोमा बाई की बेटियाँ लक्ष्मीबाई, खुशी व पूजा तथा सुमन के पुत्र शिवजोत व हरमन को लाभ मिला। तलाकशुदा सुमन लता की बेटी मन्नत कौर को भी योजना का लाभ दिया गया। डबली कलां की एकल महिला पेंशनर शकुंतला की बेटियाँ ज्योति व आइना भी इस सुविधा से जुड़ गईं। सोमा बाई ने बताया कि छह माह पूर्व पति के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियाँ अकेले निभाना मुश्किल था। अब पालनहार योजना से मेरे तीनों बच्चों को समय पर पोषण और शिक्षा का आश्वासन मिला है। अन्य अभिभावकों ने भी प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इस अवसर पर एसडीएम सत्यनारायण सुथार, तहसीलदार हरीश टाक, शिविर प्रभारी बेअंत सिंह, ग्राम प्रशासक सुरज राम पंवार एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन-नियंत्रित योजनाएँ समय-समय पर इसी तरह के शिविरों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों तक पहुंचती रहेंगी।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

# तीन दशक पुरानी परेशानी का समाधान, डबली कलां के किसानों को मिला राहत का रास्ता

टिब्बी, 1 जुलाई (प्रभु राम): पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत टिब्बी ब्लॉक की ग्राम पंचायत डबली कलां में मंगलवार को आयोजित जनकल्याण शिविर आमजन के लिए राहत का जरिया बना। शिविर के दौरान चक 9 डी.बी.एल. में तीन दशक से संकरे रास्ते को लेकर चला आ रहा विवाद राजस्व विभाग की समझाइश और दोनों पक्षों की सहमति से सुलझ गया।

किसान दलवारा सिंह और उनके चचेरे भाई के बीच आपसी विवाद के चलते 30 वर्षों से केवल 8 फीट चौड़ा रास्ता किसानों की आवाजाही के लिए उपलब्ध था, जिससे ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की आवाजाही में बार-बार विवाद व असुविधा उत्पन्न होती थी। आमने-सामने से आने वाले ट्रैक्टरों की टक्कर तक की नौबत कई बार आ चुकी थी।



*रास्ता खुलवाते हुए अधिकारी।* (प्रभु राम)

शिविर के मौके पर राजस्व टीम ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और शांतिपूर्ण सहमति से रास्ता खुलवाया गया, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। रास्ते के चौड़ा होने से अब बड़ी मशीनरी, ट्रैक्टर व अन्य कृषि गतिविधियों में सुविधा मिलेगी।

इस मौके पर नायब तहसीलदार सूर्य देव स्वामी, गिरदावर सुखदेव सहारण, पटवारी मदन लाल एवं पटवारी सुभाष पूनिया मौके पर मौजूद रहे और समाधान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

ग्रामीणों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि शिविर से हमारे लिए सचमुच राहत का रास्ता निकला है।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# कुंजी पंचायत में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर में ग्रामीण हुए लाभान्वित

भादरा, 1 जुलाई (नियामत): गांव कुंजी में मंगलवार सुबह पंचायत भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन पंचायत समिति विकास अधिकारी शीला देवी के सानिध्य में किया गया।

विकास अधिकारी शीला देवी ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही।

शिविर में ग्राम पंचायत कुंजी में प्रोपर्टी पार्सल वितरण खाद्य सुरक्षा के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करवाया गया एवं सामाजिक सुरक्षा पैंशन के लाभार्थियों के आवेदन तैयार करवाए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ राजस्व विभाग द्वारा किसानों के खाता विभाजन, नाम शुद्धिकरण, रास्ता स्वीकृति के कार्य किए गए। ग्राम पंचायत कुंजी परिसर में निवर्तमान सरपंच व प्रंशासक भतेरीदेवी डूडी, ग्राम विकास अधिकारी सरजीत स्वामी, रविकुमार चौहान नवीन चन्द्र प्रगति प्रसार अधिकारी संजय बिजारणिया ने पौधारोपण किया एवं हरीराम डूडी, जगदीश ने इन पौधो के पौषण एवं सुरक्षा का जिम्मा लिया।



*कुंजी पंचायत के शिविर में स्वास्थ्य कार्ड वितरण करते हुए विकास अधिकारी व साथ में अन्य।* (जमाला)

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# तीन दशक पुरानी परेशानी का समाधान, डबली कलां के किसानों को मिला राहत का रास्ता

## राजस्व विभाग ने समझाइश से सुलझाया विवाद, किसान बोले– "अब चैन से खेत जाएंगे"

**मरूधर विशेष**



**हनुमानगढ़, (प्रभु राम):** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत टिब्बी ब्लॉक की ग्राम पंचायत डबली कलां में मंगलवार को आयोजित जनकल्याण शिविर आमजन के लिए राहत का जरिया बना। शिविर के दौरान चक 9 डीबीएल में तीन दशक से संकरे रास्ते को लेकर चला आ रहा विवाद राजस्व विभाग की समझाइश और दोनों पक्षों की सहमति से सुलझ गया। किसान दलवारा सिंह और उनके चचेरे भाई के बीच आपसी विवाद के चलते 30 वर्षों से केवल 8 फीट चौड़ा रास्ता किसानों की आवाजाही के लिए उपलब्ध था, जिससे ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों की आवाजाही में बार-बार विवाद व असुविधा उत्पन्न होती थी। आमने-सामने से आने वाले ट्रैक्टरों की टक्कर तक की नौबत कई बार आ चुकी थी। शिविर के मौके पर राजस्व टीम ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और शांतिपूर्ण सहमति से रास्ता खुलवाया गया, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। रास्ते के चौड़ा होने से अब बड़ी मशीनरी, ट्रैक्टर व अन्य कृषि गतिविधियों में सहूलियत मिलेगी। किसानों ने प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से जमीनी स्तर की समस्याओं का तुरंत समाधान होता है और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। इस मौके पर नायब तहसीलदार सूर्य देव स्वामी, गिरदावर सुखदेव सहारण, पटवारी मदन लाल एवं पटवारी सुभाष पूनिया मौके पर मौजूद रहे और समाधान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि "शिविर से हमारे लिए सचमुच राहत का रास्ता निकला है।

Scanned with CamScanner

पत्रिका

# जंडवालासिखान में ग्रामीणों ने उठाया लाभ



संगरिया: जंडवालासिखान शिविर में पट्टा वितरित करते अतिथि।

**संगरिया.** ग्राम पंचायत जंडवालासिखान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े में शिविर दौरान मंगलवार को ग्रामीणों ने लाभ उठाया। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए उनका लाभ उठाने का आह्वान लाभार्थियों से किया गया। पात्र परिवारों को पट्टा वितरित किए गए। विभिन्न समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण जैन, सरपंच जगसीरसिंह सलवारा, एसडीएम जय कौशिक, तहसीलदार मोनिका बंसल, बीडीओ राधाकृष्ण कड़वासरा, ग्राम विकास अधिकारी सुभाषचंद्र सहित कई जन प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, पंचायत एवं ग्राम पंचायत कार्मिक मौजूद रहे। [पसं.]

02/07/2025 | Hanumangarh Zila | Page : 12
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamScanner

पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025

# जमाबंदी में 44 साल बाद सही हुआ नाम तो अमर सिंह के छलक उठे आँसू

(यूथ की आवाज़)



नाथद्वारा राजसमंद राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा-2025 अनेक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व में जिले में इन शिविरों का सफल संचालन सुनिश्चित हो रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत पिपलांत्री ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उमठी ग्राम निवासी अमर सिंह को बड़ी राहत मिली। अमर सिंह का नाम पिछले 44 वर्षों से जमाबंदी में गलत दर्ज था। जब अधिकारियों ने मौके पर ही जमाबंदी में नाम सही कर अमर सिंह को सौंपा तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा और उसके आँसू छलक उठे। उन्होंने तहे दिल से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का इन शिविरों के लिए आभार जताया।उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने बताया कि अमर सिंह के पिता का निधन वर्ष 1980 में हो गया था। उस समय अमर सिंह की उम्र मात्र छह महीने थी। विरासत नामांतरण के समय गलती से अमर सिंह का नाम गुलाब सिंह दर्ज कर दिया गया। परिवार जनों ने विद्यालय में सही नाम अमर सिंह ही दर्ज कराया और आगे की सभी शैक्षणिक, पहचान एवं अन्य दस्तावेजों में अमर सिंह नाम से ही रिकॉर्ड रहा। लेकिन जमाबंदी नकल में लगातार 44 साल तक गलत नाम ह्यगुलाब सिंहह्न दर्ज रहने के कारण उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पिपलांत्री पंचायत के इस शिविर में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रकरण का त्वरित निस्तारण कर उनके नाम को शुद्ध कर ह्यअमर सिंहह्न किया गया। इस कार्रवाई से अमर सिंह को बड़ी राहत मिली।अमर सिंह ने इस त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि 44 वर्षों से चली आ रही इस गलती को सुधारने में उन्हें अब तक कहीं से कोई सहायता नहीं मिल पाई थी। लेकिन राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत लगाए गए इस शिविर में उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान बहुत ही सरलता और तत्परता से कर दिया गया। अमर सिंह ने कहा कि यह शिविर वास्तव में उन लोगों के लिए एक वरदान है जो वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका मौके पर समाधान कर रही है, जो एक सराहनीय पहल है।

उन्होंने इस जनकल्याणकारी प्रयास के लिए मुख्यमंत्री, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की यही संवेदनशीलता गरीब, वंचित और जरूरतमंद लोगों की सच्ची ताकत बनेगी। शिविर में सरपंच अनीता पालीवाल, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता, सहायक निदेशक लोक सेवाएं लतिका पालीवाल, तहसीलदार विजय रैगर, आइएलआर दीपिका, पटवारी नीरज आदि मौजूद रहे।

# ऐजी बाई को मिली 21 हजार की राशि, शौचालय भी हुआ स्वीकृत, आवास पट्टे का आवेदन भी हुआ तैयार

(यूथ की आवाज़)

नाथद्वारा राज्य सरकार द्वारा 9 जुलाई तक समस्त ग्राम पंचायतों में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित जा रहा है जहां ग्रामीणों को वर्षों पुरानी समस्याओं से मौके पर ही राहत मिल रही है। अभियान के तहत पंचायत समिति आमेट अंतर्गत ग्राम पंचायत पनोतिया में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ देने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग की महत्त्वपूर्ण योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना के तहत लक्षित बीपीएल परिवार की ऐजी बाई पत्नी भोलु राम भील को ₹21,000 की डीबीटी प्रोत्साहन राशि के लिए चयनित किया गया। शौचालय का निर्माण न होने की स्थिति में कैंप में ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत आवेदन लिया गया और तत्काल स्वीकृति जारी की गई। इसके अतिरिक्त, आवास पट्टे के लिए भी आवेदन तैयार किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ऐजी बाई का आवास इस वित्तीय वर्ष में




स्वीकृत हो चुका है। इसके साथ ही वे पहले से ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिजली कनेक्शन, गैस कनेक्शन, नल कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना एवं खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं। ऐजी बाई ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि ‍"सरकार गरीबों के कल्याण और सभी को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कैंपों का आयोजन कर रही है। इसके लिए मैं सरकार का हृदय से आभार प्रकट करती हूँ।

पत्रिका

# ऐजी बाई को मिली 21 हजार की राशि, शौचालय भी स्वीकृत



**राजसमंद.** राज्य सरकार द्वारा 9 जुलाई तक समस्त ग्राम पंचायतों में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित जा रहा है जहां ग्रामीणों को वर्षों पुरानी समस्याओं से मौके पर ही राहत मिल रही है। अभियान के तहत पंचायत समिति आमेट के अंतर्गत ग्राम पंचायत पनोतिया में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ देने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत लक्षित बीपीएल परिवार की ऐजी बाई पत्नी भोलु राम भील को 21 हजार रूपए की डीबीटी प्रोत्साहन राशि के लिए चयनित किया गया। शौचालय का निर्माण न होने की स्थिति में कैंप में ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत आवेदन लिया गया और तत्काल स्वीकृति जारी की गई। इसके अतिरिक्त, आवास पट्टे के लिए भी आवेदन तैयार किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ऐजी बाई का आवास इस वित्तीय वर्ष में स्वीकृत हो चुका है। इसके साथ ही वे पहले से ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिजली कनेक्शन, गैस कनेक्शन, नल कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना एवं खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं। ऐजी बाई ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार गरीबों के कल्याण और सभी को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे कैंपों का आयोजन कर रही है। इसके लिए मैं सरकार का हृदय से आभार प्रकट करती हूं।

02/07/2025 | Rajsamand | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में उमड़ रहे ग्रामीण

# किसी को बरसों बाद मिला खातेदारी का मालिकाना तो किसी को जमीन का हक और पट्टे, प्रमाण पत्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**राजसमंद.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर धमूद में आयोजित किया गया। सरपंच अपन जोशी ने बताया कि प्रशिक्षु आरएएस लतिका पालीवाल व तहसीलदार विजय रैगर की अध्यक्षता में ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया। एक ही छत के नीचे समस्त विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जरूरतमंदों को तुरंत प्रभाव से योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करवाते हुए लाभ दिलाया गया। शिविर में श्रमिक कार्ड, पेंशन, बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के कार्य किए गए। राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से बंटवारे भी करवाए गए। साथ ही ग्रामवासियों की अनेक विभागों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान तुरंत प्रभाव से किया गया।

**लावासरदारगढ़.** ओलना खेड़ा में आयोजित शिविर में राजी का खेड़ा निवासी राजी बाई भाट को आखिरकार खातेदारी मालिकाना हक मिल गया। राजी बाई की ग्राम राजी का खेड़ा में पुश्तैनी जमीन है, लेकिन उनकी माता दाखी बाई का निधन 20 वर्ष पूर्व होने के बावजूद इंतकाल नहीं खुला था। काफी परेशानी के बाद आखिरकार राजी बाई को पटवारी ने सूचना देकर शिविर में बुलाया और तहसीलदार परसमल बुनकर ने विरासत का नामांतरण दर्ज कर प्रमाण पत्र सौंपा। इसी प्रकार लाड कंवर राजपूत निवासी आमिया की हुगा का खेड़ा में राजस्व रिकॉर्ड में जाति गलत दर्ज थी, जिसे भी दुरस्त किया गया।

इसी तरह ग्राम पंचायत जेलपुरा में तहसीलदार परसमल बुनकर के सानिध्य व प्रशासक ऐजी बाई की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। इसमें 30 पट्टे वितरित किए गए। बीपीएल परिवारों को डीबीटी के माध्यम से बैंक खातों से सत्यापन किया गया। 2 व्यक्तियों का पेंशन सत्यापन, 4 सहमति से विभाजन, 6 नामांतरण, 7 राजस्व रिकॉर्ड शुद्धि, 11 कृषक प्रमाण-पत्र, 9 जाति प्रमाण-पत्र, 3 सीमा ज्ञान आदि कार्य हुए। उपसरपंच हरिसिंह, सहायक विकास अधिकारी सुशील कुमार त्रिवेदी, वीडीओ नंदलाल माली, लक्ष्मणलाल भील, राकेश पालीवाल, पटवारी भवरसिंह आदि मौजूद रहे।

**नाथद्वारा.** देलवाड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत लालमादड़ी में सोमवार को संबलशिविर आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही लाभान्वित भी किया। इस अवसर पर देलवाड़ा भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राणावत, लालमादड़ी पंचायत प्रशासक बलवीर सिंह चारण, मंडल महामंत्री शंकरसिंह झाला, मंडल उपाध्यक्ष रतनलाल रेबारी एवं मंडल मंत्री नटराज सिंह झाला भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं से संबंधित अपने काम करवाए और योजनाओं का भी लाभ लिया।

**कुंवारिया.** कवाई ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार को प्रशासक मीना देवी गुर्जर की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्या का हाथों-हाथ निस्तारण किया गया। विगत बीस वर्षों से लंबित रामलाल सुथार व नारायण सुथार के भूमि के बंटवारे के प्रकरण का दोनों पक्षों में आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। शिविर में टीबी रोगियों को नारायण लाल भड़ाणा की ओर से पोषण किट का वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, बंशी चौधरी, कुंवारिया तहसीलदार सीताराम कोलीवाल, किसान लाल सेन, रामचन्द्र सुथार, आरआई हरलाल पूर्विया, पटवारी भूरा लाल मीणा, नारायण लाल, भैरू लाल, जगदीश चन्द्र मौजूद थे।

## शिविर में विभागीय गतिविधियों की मोनिटरिंग करने पहुंचे सीएमएचओ

**राजसमंद.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविरों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की मोनिटरिंग करने सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ग्राम पंचायत रीछेड़ व मुरावड़ शिविरों में पहुंचे। वहां विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बिंदल ने ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में भी बताया। विभागीय अधिकारियों को पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ बिन्दल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रीछेड़ का औचक निरीक्षण भी किया।

## व्हीलचेयर पाकर खुशी से भर आई दिव्यांग अणसी की आंखें

**देलवाड़ा.** पंडित दीनदयाल अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत कालीवास में आयोजित शिविर में बेरण की पन्द्रह वर्षीय दिव्यांग आदिवासी बालिका अणसी को ग्राम पंचायत की तरफ से व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई।

ग्राम विकास अधिकारी रघुवीर सिंह चुण्डावत ने बताया कि अणसी अपनी दादी के साथ शिविर में पहुंची, जहां उसने अधिकारियों के समक्ष चलने-फिरने में उसे होने वाली समस्या से अवगत कराया। इस पर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार अजयसिंह व अतिरिक्त विकास अधिकारी गजराज मेनारिया, सरपंच सपनराम, राजस्व निरीक्षक रविन्द्र श्रीमाली, ग्राम विकास अधिकारी रघुवीर सिंह चुण्डावत, समाजसेवी रतनसिंह राणावत की मौजूदगी में अणसी को ग्राम पंचायत की ओर से व्हील चेयर उपलब्ध करवाई गई। व्हील चेयर पर बैठकर अणसी की आंखें खुशी से भर आईं और उसने शिविर के आयोजन को अपने लिए वरदान बताया। इसके साथ ही शिविर में स्वामित्व प्रकरण, जल स्वावलंबन, खाद्य आपूर्ति, पेंशन प्रकरण, पशुपालन बीमा सहित विभिन्न विभाग की विभिन्न योजनाओं में पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। उपखण्ड अधिकारी राम फरीक ने शिविर का निरीक्षण कर पात्र लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिए। शिविर में उप प्रधान रामेश्वर लाल खटीक, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राणावत, लक्ष्मणसिंह चुंडावत, नटराज सिंह झाला, मोहनसिंह सिसोदिया, पूर्व सरपंच रामलाल तावड़, ललितसिंह चुण्डावत आदि ने वंचित लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभान्वित कराने में योगदान दिया।

**अरावली की पहाड़ियों पर चल रहे पीले पंजे से फूटा आक्रोश:** शिविर में तोलिया से लामबंद होकर आए ग्रामीणों ने राजस्व गांव की पहाड़ियों में चलाई जा रही जेसीबी और पहाड़ी की कटाई पर रोष व्यक्त करते हुए उपखण्ड अधिकारी पारीक के शिविर में पहुंचने पर उन्हें शिकायत की। गांव के लक्ष्मी लाल तेली, मांगी लाल तेली, शंकर तेली, पूनम चंद आदि ने उपखण्ड अधिकारी को क्षेत्र में राजनैतिक संरक्षण से पहाड़ों की चोरी छिपे हो रही कटाई और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में बताते हुए पहाड़ों की कटाई पर रोक लगाने जेसीबी, पोकलेन आदि मशीनें जब्त करने की मांग की। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने ग्रामीणों को समझाया कि राजस्व निरीक्षक और पटवारी की ओर से सतत निगरानी रखी जा रही है और क्षेत्र में कहीं भी अवैध तरीके से कटाई होने पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

**पीपली आचार्यान.** ग्राम पंचायत ओड़ा में प्रशासक देवीलाल मेघवाल की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने अवलोकन किया, जिसके बाद पंचायत परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद नारायणगंज गांव में निर्माणाधीन 2 पीएम आवास का निरीक्षण किया। इसके साथ ही शिविर में देलवाड़ा बीडीओ भवानी शंकर रैगर, तहसीलदार जगदीश कुमार दास रंगस्वामी मौजूद रहे। साथ ही राजस्व, पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों को मौके पर कई सरकारी सेवाएं दी गईं और शिविर में सार्वजनिक समस्याओं जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मुख्य सड़क ठेकेदार द्वारा नहीं बनाने पर शिविर में निस्तारण किया। शिविर में आपसी सहमति से 2 बंटवारा प्रकरणों का निस्तारण, एनएफएसए के तहत 108 लाभार्थियों की ई-केवाईसी, एनएफएसए के तहत 46 आवेदनों का निस्तारण, सीमा ज्ञान के 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर में उप सरपंच भरत सुथार, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश शर्मा, शिवरतन शर्मा, पटवारी अशोक शर्मा, चिकित्सक पूजा पालीवाल, ग्राम साथी प्रेम अहीर सहित कई कार्मिकों ने सेवाएं दीं।

**देवगढ़.** पंचायत समिति देवगढ़ की ग्राम पंचायत कालेसरिया में संबल पखवाड़ा के अंतर्गत एसडीएम अर्चना चौधरी की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में ग्रामीणों को भूमि के पट्टे वितरित किए गए तथा दो आंगनबाड़ी केंद्र, पटवार भवन और किसान सेवा केंद्र जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक भवनों के पट्टों का भी वितरण कर उन्हें वैधानिक रूप से पंचायत की संपत्ति घोषित किया गया। अतिरिक्त विकास अधिकारी राजाराम गुर्जर ने बताया कि शिविर में कुल 22 पट्टे वितरित किए गए, जिससे अब लाभार्थी अपने मकानों व संस्थागत भवनों पर कानूनी अधिकार के साथ निर्माण एवं उपयोग कर सकेंगे। शिविर में एबीडीओ राजाराम गुर्जर, प्रशासक जयराम महाराज, ग्राम विकास अधिकारी जसराज योगी, पटवारी अरुण मीणा, कृषि पर्यवेक्षक नरेंद्र गुर्जर, उप प्रशासक हनुमान सिंह एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी।



जेलपुरा शिविर में लाभान्वित को पट्टा प्रदान करते अधिकारी। राजसमंद



लालमादड़ी शिविर में समस्याएं बताते ग्रामीण। नाथद्वारा



कुंवारिया



देलवाड़ा



पीपली आचार्यान



देवगढ़